RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 50
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




निकहत जरीन बनी रिंग की रानी

स्पोर्ट्स-12

# चीन में कहर बरपा रहे ओमीक्रोन सब-वैरिएंट ने भारत में दी दस्तक

- अक्टूबर से अब तक मिले तीन केस, केंद्र ने निगरानी बढ़ाने व मास्क समेत कोविड नियमों के पालन के दिए निर्देश
- लोगों को बूस्टर डोज लेने की सलाह, एयरपोर्ट पर औचक कोविड टेस्ट के आदेश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** समय चीन में कहर बरपा रहे कोविड के ओमीक्रोन बीए-5 वैरिएंट के सब-वैरिएंट बीएफ-7 के तीन मामले अक्टूबर से अब तक भारत में मिले हैं। यह काफी संक्रामक है और मरीज के संक्रमित होने के बाद बहुत जल्द इसके लक्षण दिखाई देते हैं। यह पुन: संक्रमित करने या उन लोगों को भी संक्रमित करने की उच्च क्षमता रखता है, जिनका (कोविड-19) टीकाकरण हो चुका है। चीन के अलावा, जापान, अमेरिका, ब्राजील आदि कई देशों में बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार सतर्क हो गई है और बुधवार को मास्क, बूस्टर डोज और निगरानी आदि पर कोविड नियम लागू करने के संबंध में बैठक हुई। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र ने भारत में बीएफ-7 के पहले मामले का पता लगाया था। अब तक गुजरात से दो मामले सामने आए हैं, जबकि ओडिशा से एक मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कोविड समीक्षा बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि, अब तक कोविड के मामलों की संख्या में समग्र वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन मौजूदा और उभरते स्वरूपों पर नज़र रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। मंत्री ने लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने सहित संक्रमण के प्रसार की रोकथाम से जुड़े व्यवहार करने और टीका लगवाने को कहा। बैठक के बाद, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा कि भारत की पात्र आबादी में से केवल 27 से 28 प्रतिशत ने ही कोविड रोधी टीके की एहतियाती खुराक ली है। पॉल ने (शेष पेज 8)

### बहुत खतरनाक है बीएफ-7 वैरिएंट

**बीएफ**-7 ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट है, जिससे पूरे साल दुनियाभर में संक्रमण का प्रसार होता रहा है। भारत में इसका पहला मामला इस साल अक्टूबर में गुजरात में मिला था। इस वैरिएंट से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम और फ्रांस समेत कई देश प्रभावित हुए। माना जा रहा है कि चीन में इसी वैरिएंट ने कहर बरपा रखा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ओमिक्रॉन बीएफ-7 पहले के वैरिएंट बीए-1, बीए-2 और बीए-5 की तुलना में अधिक तेजी से फैलता है। इतना ही (शेष पेज 8)

## भारत जोड़ो यात्रा रोकने को मांडविया ने लिखा पत्र, कांग्रेस ने उठाए सवाल

- विपक्षी दल ने कोरोना के बहाने राहुल की यात्रा बाधित करने का लगाया आरोप


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो यात्रा पर कोविड संबंधी चिंताओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के पत्र के बाद कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि जन स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस ने सरकार पर भारत जोड़ो यात्रा को कोविड चिंताओं के मद्देनजर चुनिंदा रूप से निशाना बनाने और इसे बाधित करने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने कहा कि केंद्र में सरकार चला रही भाजपा भी तो कर्नाटक और राजस्थान में यात्रा निकाल रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोरोना वायरस के प्रसार को लेकर तीन भाजपा सांसदों द्वारा व्यक्त की गई चिंता का हवाला देते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अपील की कि यदि कोविड नियमों का पालन नहीं किया जा सकता, तो वह भारत जोड़ो यात्रा को निलंबित करने पर विचार करें। मांडविया के पत्र के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि भाजपा यात्रा की सफलता से घबरा गई है और इसे रोकने के बहाने तलाश रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि गुजरात में घर-घर जाकर वोट मांगने के दौरान क्या प्रधानमंत्री मोदी ने मास्क पहना था? नूंह में कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि (शेष पेज 8)

## मादक पदार्थों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति

- दो साल में सभी अपराधी जेल में होंगे: अमित शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के कारोबार को सीमा रहित अपराध करार देते हुए बुधवार को कहा कि सरकार की नशीली दवाओं के कारोबार और इस से होने वाली कमाई के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और आने वाले दो साल में कितना भी बड़ा अपराधी हो, जेल की सलाखों के पीछे होगा। शाह ने कहा, नशा मुक्त भारत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

यह लड़ाई केंद्र या राज्य की नहीं बल्कि हम सभी की है और इसके वांछित परिणाम के लिए बहु-आयामी प्रयास आवश्यक हैं। इस लड़ाई को केंद्र और राज्य सहित सभी को मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ से जुड़े लोग मौत का कारोबार करने वाले लोग हैं और इनके खिलाफ सख्त कार्वाई करके इन्हें कानून के शिकंजे में लाना ही होगा। गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को लेकर समय-समय पर विपक्ष के सदस्यों की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि एजेंसियां निहत्थी नहीं बैठ सकतीं, उन्हें अधिकार देना होगा। शाह ने कहा कि जो इसे राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं, वे ड्रग के कारोबार का समर्थन कर रहे हैं। लोकसभा में नियम 193 के तहत देश में मादक पदार्थ दुरुपयोग की समस्या और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदम विषय पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने कहा, यह सीमा रहित अपराध है। इस अपराध की कोई सीमा नहीं है।

कोई भी कहीं से बैठकर मादक पदार्थ भेज देता है और इसमें हमारे बच्चे फंसते है एवं नस्लें बर्बाद होती हैं। शाह ने कहा कि मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के तहत 419 पदों का सृजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने 472 जिलों में मैपिंग कर ड्रग्स की आपूर्ति के मार्गों की पहचान की है और इसके तहत बड़ी मात्रा में जब्ती भी की गई है। उन्होंने कहा, आने वाले दो साल में कितना भी बड़ा अपराधी हो... वो जेल की सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ड्रग्स के कारोबार और (शेष पेज 8)

## अनुदान की अनुपूरक मांगों को संसद ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद ने बुधवार को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 3.25 लाख करोड़ रुपए की अनुदान की अनुपूरक मांगों को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने अनुदान की अनुपूरक मांगों को चर्चा और इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। लोकसभा इसे पहले पारित कर चुकी है। संसद ने 2022-23 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच के साथ साथ 2019-20 के लिए अतिरिक्त मांगों को मंजूरी दी है। सरकार ने अनुदान की अनुपूरक मांग के तहत 3.25 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी थी। इसमें से 3.25 लाख करोड़ रुपया नकद निवल व्यय के रूप में है, जबकि विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की बचत और बढ़ी हुई प्राप्तियों या वसूलियों के जरिए 1.10 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा इसमें 1.09 लाख करोड़ रुपए की राशि उर्वरक सब्सिडी के भुगतान के मद में है। इसके अलावा 80,348.25 करोड़ रुपए खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के व्यय को पूरा करने के लिए है जो मुख्य रूप से गरीबों को नि:शुल्क खाद्यान्न प्रदान करने के मद से जुड़ा है। अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एलपीजी सब्सिडी का तेल विपणन कंपनियों को भुगतान एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन के संबंध में व्यय के लिए 29,944 करोड़ रूपए की राशि की मंजूरी मांगी गई थी। दूरसंचार एवं रेल मंत्रालय से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रमश: 13,669 करोड़ रूपए और 12,000 करोड़ रूपए के अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी गई थी। इसके अलावा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जीएसटी मुआवजे के भुगतान के लिए 10 हजार करोड़ रूपए मांगे गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए 46,000 करोड़ रूपए के अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी गई थी जिसमें से 4,920 करोड़ रूपए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए हैं।

## राजधानी में रात एक बजे तक खुलेंगे रेस्टोरेंट व कैफेटेरिया

- नए साल पर रात्रि में चहल-पहल बढ़ाने को उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में अब लोग मध्य रात्रि तक अपने मनपसंद लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठा सकते हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से डीडीए के स्वामित्व वाले तीन बड़े संस्थानों में रात्रि एक बजे तक रेस्तरां और कैफेटेरिया खोलने को अनुमति दे दी है।

इससे लोग नाइट लाइफ का पूरा आनंद उठा सकेंगे। नए साल का आगाज होने से पहले एलजी दिल्ली के लोगों को तोहफा दिया है। साथ ही डीडीए के अधिकारियों को तीनों परिसरों में पर्याप्त सुरक्षा, रोशनी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कुतुब गोल्फ क्लब और भलस्वा गोल्फ क्लब में रात एक बजे तक रेस्तरां और कैफेटेरिया खोलने को मंजूरी दे दी है। इन सभी को प्राईवेट लाइसेंसधारियों द्वारा संचालति किया जाता है। जोकि खाद्य और दूसरे पेय पदार्थ आदि की सेवाएं मुहैया कराते हैं। यहां पर रोजाना हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है।

इन परिसरों में आगंतुक के रूप में सदस्य, अस्थायी सदस्य, भुगतान करने वाले आगंतुक और उनके अतिथि आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी को अभी तक केवल 11 बजे तक ही खाने-पीने की सुविधाएं मिलती हैं, लेकनि अब वह रात 1 बजे तक इन सभी का आनंद ले सकेंगे। एलजी (शेष पेज 8)

## गौरव गोगोई ने पेगासस का मुद्दा उठाया, शाह ने कहा-तथ्य रखें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में बुधवार को कांग्रेस के सदस्य गौरव गोगोई ने सरकार पर पेगासस स्पाइवेयर के जरिए नेताओं और पत्रकारों की जासूसी किए जाने का आरोप लगाया। इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर सदस्य के पास तथ्य हों तब उसे पटल पर रखें और इस सदन का इस्तेमाल स्वच्छंद राजनीतिक आरोपों के लिए नहीं करें।

निचले सदन में नियम 193 के तहत देश में मादक पदार्थ दुरुपयोग की समस्या और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदम विषय पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने जल, वायु एवं भू सीमा मार्गों से देश में मानव तस्करी, हथियारों एवं मादक पदार्थों की बढ़ती तस्करी का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने इस दिशा में रोकथाम एवं बलों को मजबूत बनाने के कदमों की जानकारी देने की मांग की। गोगोई ने निगरानी व्यवस्था का उल्लेख करते हुए दावा किया, हमारे ऊपर तो जासूसी करते हैं, हमारे मोबाइल पर पेगासस (स्पाईवेयर) लगा देते हैं, पत्रकारों के मोबाइल पर पेगासस लगा देते हैं, लेकिन यह बताएं कि पेगासस द्वारा मादक पदार्थों से जुड़े कितने बड़े माफियाओं की निगरानी की और तस्करों को पकड़ा। कांग्रेस सांसद की टिप्पणी पर आपत्ति व्यक्त करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इन्होंने बहुत गंभीर आरोप लगाए हैं कि इनके मोबाइल पर पेगासस लगा है। इनको इसका आधार सदन में रखना चाहिए।

ऐसे नहीं बोल सकते हैं। शाह ने कहा कि इनके (गोगोई के) पास एक भी आधार हो, किसी नेता का, पत्रकार का और स्वयं का..तो उसे सदन में रखना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, यह सदन गंभीरता के साथ चर्चा करने के लिए है, स्वच्छंद राजनीतिक आरोपों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी सदस्य कुछ कहता है, तब उसे उसके बारे में सदन में तथ्य रखने की पात्रता होने के बाद बोलना चाहिए। इस दौरान गौरव गोगोई ने कहा कि उनका आग्रह है कि अगर ऐसा नहीं है तब सरकार (शेष पेज 8)

## विपक्ष ने चीन के साथ तनाव पर लोकसभा में चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सीमा पर चीन के साथ तनाव के विषय पर बुधवार को लोकसभा में चर्चा की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट किया। सदन में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चीन के साथ तनाव को लेकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इस पर बाहर टीवी पर चर्चा हो रही है, लेकिन यहां चर्चा नहीं हो रही है। सदन में चर्चा होनी चाहिए। इसके बाद कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। इससे पहले विपक्षी दलों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही चीन के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी दल सात दिसंबर से आरंभ हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार चीन के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। दोनों सदनों में कई सांसदों ने इस विषय पर कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय और चीनी सैनिकों (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,067 | ↓ | 635 | |
| निफ्टी | 18,199 | ↓ | 186 | |
| सोना | 55,261 | ↑ | 192 | /10g |
| चांदी | 69,962 | ↑ | 433 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### नेपाल की शीर्ष अदालत ने सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को रिहा करने का आदेश दिया

**काठमांडू।** नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को बिकिनी किलर के नाम से कुख्यात फ्रांसीसी सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को उसकी सेहत के आधार पर रिहा करने का आदेश दिया। शोभराज हत्या के आरोप में वर्ष 2003 से 19 साल जेल की सजा काट रहा है। उच्चतम न्यायालय के सूत्रों के मुताबिक न्यायमूर्ति सपना प्रधान मल्ला और न्यायमूर्ति तिलक प्रसाद श्रेष्ठ की संयुक्त पीठ ने 78 वर्षीय शोभराज को जेल से रिहा करने का फैसला सुनाया। सर्वोच्च अदालत ने शोभराज की उस याचिका पर यह फैसला सुनाया जिसमें उसने दावा किया है कि वह उसके लिए निर्धारित अवधि से अधिक का समय जेल में बिता चुका है।

## एयरपोर्ट पर स्वत: हो जाएगी लैपटॉप व मोबाइल की जांच

- हवाई अड्डों पर लगेंगे कंप्यूटर टोमोग्राफी तकनीक से लैस स्कैनर, नहीं निकालना पड़ेगा बैग से इलेक्ट्रॉनिक सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**एयरपोर्ट** पर अब यात्रियों को स्कैनर से गुजरने से पहले हाथ में पकड़े अपने थैलों (हैंड बैगेज) से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे लैपटॉप समेत अन्य गैजेट को निकालने की जरूरत नहीं होगी, इनकी जांच स्वत: हो जाएगी।

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने हवाई अड्डों पर कंप्यूटर टोमोग्राफी तकनीक पर आधारित स्कैनर लगाने की सिफारिश की है। वर्तमान में हवाई अड्डों स्कैनर सामान के अंदर वस्तुओं का द्वि-आयामी दृश्य उपलब्ध कराते हैं।

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस के संयुक्त महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने बुधवार को कहा कि नियामक ने हवाई अड्डों पर कंप्यूटर टोमोग्राफी तकनीक पर आधारित स्कैनर स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया है जो हाथ के सामान में वस्तुओं का त्रि-आयामी दृश्य उपलब्ध कराएगा। प्रसाद ने कहा कि इस तरह के स्कैनर (शेष पेज 8)

## सड़कों में इस्तेमाल होगा तीनों लैंडफिल का कूड़ा

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी व उपराज्यपाल सक्सेना के बीच बैठक में लिया गया फैसला
- राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों के निर्माण, मरम्मत रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए 700 करोड़ दिए जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बदबू** और गंदगी के लिए बदनाम राजधानी दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ आने वाले दिनों में खत्म हो जाएंगे। इनका इस्तेमाल सड़क बनाने के लिए भराव के तौर पर किया जाएगा।

इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और दिल्ली के उपराजयपाल (एलजी) के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वीके सक्सेना की बैठक के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को तीनों कूड़े के पहाड़ के कचरों के उपयोग के संबंध में निर्देश जारी किया है। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों के निर्माण, मरम्मत, रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए केंद्रीय सड़क कोष से दिल्ली को 700 करोड़ रुपये देने का भी फैसला किया।

एनएचएआई पहले से ही सड़क निर्माण के लिए 20 लाख टन कचरे का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में हुए एमसीडी चुनाव में कचरे का पहाड़ प्रमुख मुद्दा रहा, जिसके कारण 15 वर्षों से एमसीडी पर काबिज भाजपा को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने (शेष पेज 8)

# यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं चलेगी

## कोहरा खत्म होने तक नहीं होगा संचालन, स्पीड सीमा कम करने के लगाये गए बोर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के कारण लगातार दो दिन हुए हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली के संचालन पर रोक लगा दी गई है। एक्सप्रेसवे पर हादसे को रोकने के लिए पहली बार ऐसा किया गया है। यह रोक शाम पांच बजे से कोहरे का प्रकोप खत्म होने तक लागू होगी। मंगलवार को एक्सप्रेस.वे के तीनों टोल प्लाजा पर शाम पांच बजे के बाद पहुंची ट्रैक्टर-ट्राली को रोक दिया गया। टोल प्लाजा पर चालकों के लिए चाय के प्रबंध के अलावा यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने, अपनी लेन में चलने और गति सीमा का पालन करने की घोषणा की जा रही है।

सर्दियों में कोहरे के कारण हादसों की रोकथाम के लिए पंद्रह दिसंबर से पंद्रह फरवरी तक हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा सौ किमी प्रति घंटा से घटाकर 75 किमी प्रति घंटा किया गया है।

भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा साठ किमी प्रतिघंटा कर दी गई है। एक्सप्रेसवे पर सोमवार व मंगलवार दोनों दिन कोहरे के कारण हादसे हुए। मंगलवार सुबह सात बजे के करीब दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस के कैंटर से टकराकर पलटने के बाद जेवर टोल प्लाजा पर सुबह 7:10 बजे से एक घंटे के लिए आगरा से नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को रोक दिया गया था।

दोपहर बाद जेवर से नोएडा की ओर ईंट लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर-ट्राली एक्सप्रेसवे के 20वें माइल स्टोन के करीब पलट गया। हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन यातायात जरूर प्रभावित हुआ।

एक्सप्रेस.वे का संचालन कर रही कंपनी जेपी इंफ्र ाटेक ने शाम पांच बजे से सुबह कोहरा हटने तक ट्रैक्टर.ट्राली के संचालन पर रोक लगा दी है। जेवर टोल प्लाजा प्रबंधक जेके शर्मा ने बताया कि जेपी इंफ्राटेक द्वारा स्पीड कम किए जाने की लगातार घोषणा कराई जा रही है। साइन बोर्ड आदि लगाए गए हैं।

वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पंफ्लेट बांटे जा रहे हैं। उनके लिए रात्रि बारह बजे से सुबह पांच बजे तक शिविर लगाकर निशुल्क चाय की व्यवस्था और जिन वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं, उन पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। एक्सप्रेस.वे के जीरो प्वाइंट पर भी एलईडी बोर्ड के जरिये गति सीमा कम रखने और कोहरे की जानकारी दी जा रही है।

# क्रिसमस और नए साल के जश्न कार्यक्रमों के लिए जिला प्रशासन से लेनी होगी अनुमति

● नोएडा के होटल, पब, रेस्टोरेंटों में राजधानी दिल्ली से आते है लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फाइल फोटो

नोएडा में क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने से पहले जिला प्रशासन की अनुमति लेनी होगी। ऐसा नहीं करने पर कार्यक्रम को मौके पर ही बंद करा दिया जाएगा। साथ ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

किसी प्रकार के आयोजन में कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। डीएम सुहास एलवाई ने मनोरंजन अधिकारी को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिल में सभी होटल, पब, रेस्टोरेंट, क्लब, पार्क व अन्य स्थानों पर क्रिसमसडे व नववर्ष में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश चलचित्र अधिनियम 1955 यथा संशोधित उत्तर प्रदेश चलचित्र अधिनियम 2017 के तहत सक्षम प्राधिकारी जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि आयोजन की अनुमति के लिए विद्युत, अग्नि सुरक्षा, कानून व्यवस्था, लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए समुचित सावधानी के साथ-साथ वायु प्रशीतन एवं वातानुकूलन सुविधा व अन्य इलेक्ट्रिक साजसामान की व्यवस्था का प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से लेकर जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के दृष्टिगत रखते हुये कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। ऑनलाइन परमिशन लेने के लिए निवेश मित्र विभागीय पोर्टल पर आवेदन करके अनुमति प्राप्त की जा सकती है। नियमानुसार जमा करके ही कार्यक्रमों का आयोजन किया जायें।

यदि कही पर भी बिना अनुमति के कार्यक्रमों का आयोजन होता पाया गया तो कार्यक्रम को बन्द कराने के साथ-साथ आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

# अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

● 1650 वर्गमीटर जमीन से हटाया गया कब्जा, 10 करोड़ की संपत्ति मुक्त



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अवैध निर्माण को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त है। प्राधिकरण ने गढ़ी चौखंडी गांव में खसरा नंबर 11एम व ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध दुकानों, झुग्गी झोपड़ी और कमरों को ध्वस्त किया। इस दौरान ग्रामीणों ने हल्का विरोध किया। लेकिन मौजूद पुलिस के चलते अवैध निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया गया।

जमीन के चारों और फेंसिंग कराकर नोएडा संपत्ति का बोर्ड लगा दिया गया है। से जमीन मास्टर प्लान 3031 के अनुसार नियोजित है। प्राधिकरण वर्क सर्किल.5 के वरिष्ठ प्रबंधक रमेश चंद्र ने बताया कि अवैध निर्माण हटाने के लिए यहां दुकानदारों और मकान मालिक को नोटिस जारी किए गए थे।

इसके बाद भी उन्होंने जमीन खाली नहीं की। ऐसे में बुधवार को दो जेसीबी, भारी पुलिस बल और डंपर के साथ अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। इस ध्वस्तीकरण में जो भी खर्चा आएगा उसकी वसूली अवैध निर्माण कर्ता से वसूल की जाएगी। साथ ही उनको चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा से अवैध निर्माण किया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अगले महीने शुरू होंगे कमिश्नरेट के कोर्ट

**गाजियाबाद।** सीपी अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि प्रथम चरण में बनाए जा रहे नौ एसीपी के कोर्ट का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिनमें चार एसीपी के कोर्ट का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अन्य पांच कोर्ट का निर्माण पूरा होने तक उनका न्यायिक कार्य भी जल्द शुरू होने वाले कोर्ट में ही चलेगा।

मिश्रा ने बताया कि अगले सप्ताह तक सभी एसीपी कोर्ट विधिवत शुरू हो हो जाएंगे। इसके बाद डीसीपी का कोर्ट शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले माह तक सभी पुलिस अधिकारियों के कोर्ट शुरू हो जाएंगे।

# रोडवेज ने वापस लिया फैसला, 24 घंटे चलेंगी बसें



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी ने रात आठ बजे के बाद बसों के संचालन न करने का फैसला वापस ले लिया है। अब से 24 घंटे चलाई जाएंगी। हालांकि कोहरे में कम दृश्यता होने पर बसों को सुरक्षित स्थान पर रोका जाएगा, जिससे कि हादसा न हो।

यूपीएसआरटीसी के गाजियाबाद में क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह का कहना है कि बुधवार को मुख्यालय की तरफ से वीडियो कान्फ्रें सिंग कर 24 घंटे बसों का संचालन करने के लिए कहा गया है। ऐसे में अब दोबारा पहले की तरह ही संचालन शुरू कर दिया गया है। रात आठ बजे के बाद बसों में पर्याप्त यात्री होने के बाद ही बसें चलेंगी। क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह का कहना है कि मुख्यालय की ओर से कहा गया है कि सड़क हादसे न हों ऐसे में घना कोहरा होने पर बसों को सुरक्षित स्थान टोल प्लाजा, होटल, ढाबा, पुलिस चौकी, बस डिपो पर रोक दिया जाए जिससे यात्री सुरक्षित रहें। यूपीएसआरटीसी मुख्यालय की ओर से मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर कोहरे के कारण हो रहे हादसों को रोकने के लिए रात आठ बजे से बसों का संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था।

मंगलवार रात आठ बजे बसों का संचालन बंद होने से कौशांबी आनंद विहार, कश्मीरी गेट समेत अन्य डिपो पर हजारों यात्रियों को परेशान होना पड़ा था। डिपो पर पहुंचे यात्रियों को बस न मिलने पर ठंड में ठिठुरना और भटकना पड़ा था।

इतना ही नहीं आदेश का पालन करते हुए रात आठ बजे के बाद विभिन्न रुट पर सुरक्षित स्थानों पर बसों को रोक दिया गया था इससे भी यात्रियों को परेशानी हुई थी। आनंद विहार डिपो के सामने कौशांबी की तरफ से मंगलवार रात भर बसों का संचालन किया गया। जो यात्री बस से सफर कर गंतव्य तक जाने के लिए पहुंचे थे उन्हें मजबूरी में डग्गामार बसों में सफर करना पड़ा।

# संक्षिप्त समाचार



नोएडा स्टेडियम में उत्तराखंड महाकौथिग मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया।

## सर्दी के कारण बदला समय, अब नौ बजे खुलेंगे स्कूल

**गाजियाबाद।** कोहरे और बढ़ती ठंड के चलते जिले में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। डीएम आरके सिंह के निर्देश पर डीआईओएस राजेश श्रीवास द्वारा स्कूलों को पत्र जारी का स्कूल सुबह नौ खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने सभी माध्यमिक, मान्यता प्राप्त स्कूल, सीबीएसई व आईसीएसई, मदरसा व संस्कृत विद्यालयों को यह निर्देश जारी किए हैं कि स्कूलों के खुलने का समय सुबह नौ बजे कर दिया गया है। हालांकि यह नियम आज से लागू होना था, लेकिन देर शाम निर्देश जारी होने के चलते स्कूलों में देर तक यह पत्र पहुंचा। इसकी वजह से अभिभावकों में निर्देश को सर्कुलेट पूरी तरह से नहीं किया जा सका।

## जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**गाजियाबाद।** डीएम आरके सिंह ने जिला सभागार में जनसुनवाई के तहत लोगों की जनसमस्याए सुनीं। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं डीएम के समक्ष रखी तो वहीं कई अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याओं को लेकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। आज जिला मुख्यालय आने वालों लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए जिला सभागार में डीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ समस्याएं सुनी। इस दौरान एसडीएम सदर विनय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लापरवाही को लेकर अस्पताल के खिलाफ मामला दर्ज

**नोएडा।** ओमेगा स्थित यथार्थ अस्पताल में सोमवार रात उपचार के दौरान हुई डेढ़ साल की बच्ची अधीक्षा की मौत के मामले में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ बीटा दो कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। बच्ची के पिता सत्येंद्र का आरोप है कि नाक में चोट लगने के लिए सर्जरी के आपरेशन से पहले एनस्थीसिया का ओवरडोज दी गई। ओवरडोज की वजह से बच्ची की मौत हुई। वहीं अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची की मौत कार्डिक अटैक से होना बताया गया। निमोनिया होने की बात भी कही गई।

## सरोज हत्याकांड में वांछित इनामी गिरफ्तार

गाजियाबाद। मोदीनगर के गांव सीकरी कलां में दो माह पहले सरोज देवी की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीती 13 अक्टूबर को गांव सीकरी कला में महिला सरोज देवी का शव उनके घर के आंगन में पड़ा मिला था। महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। मृतका के पुत्र ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिर 15 नवम्बर को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सगे भतीजे ने ही प्रॉपटी के लालच में सरोज देवी की हत्या की थी।

## नोएडा में घर के पास मिला युवक का शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक का शव उसके घर से कुछ दूर पड़ा मिला। पुलिस ने शव का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। जलपुरा गांव में 26 वर्षीय आदर्श कुमार का शव घर से कुछ दूर पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

## छात्रा से दुष्कर्म करने वाले दोषी को उम्रकैद

**नोएडा।** जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम डा अनिल कुमार सिंह की अदालत ने सातवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने वाले दोषी सनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सनी नोएडा के मोरना गांव का रहने वाला है। उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। सजा सुनने के बाद सनी छाती पर हाथ रखकर जमीन पर बैठ गया। घटना के बाद से सनी जेल में बंद है। अभियोजन अधिकारी नीटू बिश्नाई ने बताया कि सेक्टर.24 कोतवाली क्षेत्र के जंगल में स्कूल जाते समय सातवीं क्लास की छात्रा को झाड़ियों में खींच कर इसी वर्ष 25 जुलाई को सनी ने दुष्कर्म किया था।

## 21वां विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित

नोएडा। नोएडा शहीद स्मारक संस्था द्वारा सेक्टर.29 शहीद स्मारक पर 21वां विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एयर मार्शल पीवीएसएम वीएम एडीसीए वाइस चीफ ऑफद एयर स्टाफ संदीप सिंह ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। कार्यक्रम के दौरान एयर मार्शल संदीप सिंह ने नोएडा शहीद स्मारक नामक एक चित्र पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में स्मारक के घटनाक्रमों की झलक पेश की गई है। कार्यक्रम के दौरान सुश्री तारिणी रावत, ज्योति राणा, नंदिता सिन्हा रॉय, डीसीपी हरीश चन्द, अपर पुलिस आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, अपर पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहें।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जगदीश छाबा/ शशि/ नितिन/ LBPNP00005237964/ LBPNP00005237953/ LBNOD00005333264 | हाउस नंबर 481, पार्ट हाउस नंबर 65, 66, 67 बी -1, वार्ड नंबर 10 गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा/ 17 दिसंबर 2022 | अप्रैल 26, 2022 रु. 34,22,713/- | सोनीपत/ नोएडा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 22, 2022**
**स्थान : नोएडा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Tek Chand S/o Sh. Ishwer** Dass residing at H.No. 165, 2nd Floor, Mohan Garden, Nr. Gautam Chowk, Uttam Nagar, New Delhi-110059. I have changed my daughter name from Navya to Navya Bharti vide affidavit dt. 08/12/2022 sworn before notary G. S. Ahuja, Delhi.

**PD(90227)C**

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRHN00453408** के लिए **रू. 32,83,463/- (रुपए बत्तीस लाख तिरासी हजार चार सौ तिरेसठ मात्र)** के लिए **14.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.12.2022** से प्रभावी जो **जगदीश सिंह नेगी, तुलसी देवी और भगवान देवी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 20,60,000/- (रुपए बीस लाख साठ हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 2,06,000/- (रुपए दो लाख छह हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर सी-143, दूसरी मंजिल, रेक्टेंगल नंबर 17, किला नंबर 14, जीवन पार्क, पंखा रोड, नई दिल्ली, दिल्ली - 110059।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक : 15.12.2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLDMT00435669** के लिए **रू. 32,26,126/- (रुपए बत्तीस लाख छब्बीस हजार एक सौ छब्बीस मात्र)** के लिए **14.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.12.2022** से प्रभावी जो **जैल सिंह यादव और रेणु यादव** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 17,00,000/- (रुपए सत्रह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 1,70,000/- (रुपए एक लाख सत्तर हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर- सी-189, यूजीएच, ब्लॉक-सी, खसरा नंबर-10/16-18, गांव मटियाला, सैनिक नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक : 15.12.2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है माइग्रेशन नीति दिनांक 18.02.2016 के तहत और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा के दिनांक 24.01.2018 और 25.08.2022 में संशोधन के तहत और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अन्य संशोधनों के तहत, 5.0611 एकड़ (3.0243 एकड़ लाइसेंस सं. 64 दिनांक 20/7/2013 और 2.0368 एकड़ लाइसेंस सं. 72 दिनांक 01/8/2014 व रेरा रजिस्ट्रेशन संख्या 19 ऑफ 2017 के द्वारा दी गई जमीन पर एफोर्डेबल प्लॉटेड कालोनी स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेने के लिए माइग्रेशन का प्रस्ताव है। (डीडीजेएवाई-2016)।

माइग्रेशन नीति के तहत लागू इस 5.0611 एकड़ भूमि के पार्सल पर किसी भी तृतीय-पक्ष को अधिकार नहीं दिया है। यदि कोई आबंटी या कोई अन्य व्यक्ति जिसने 2013 के लाइसेंस सं. 64 और 2014 के लाइसेंस सं. 72 व रेरा रजिस्ट्रेशन संख्या 19 ऑफ 2017 के तहत विकसित/विकसित की जा रही लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में भूखंडों / इकाइयों को बुक किया है, तो उपरोक्त उल्लिखित माइग्रेशन और मूल रूप से स्वीकृत 2013 के लाइसेंस सं. 64 और 2014 के लाइसेंस सं. 72 के लेआउट प्लान के संशोधन पर आपत्ति है, तो इस सार्वजनिक सूचना के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर लिखित रूप में सीनियर टाऊन प्लॉनर, गुरुग्राम के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

डीडीजेएवाई कॉलोनियों के, पूर्व में स्वीकृत लेआउट प्लान और प्रस्तावित लेआउट प्लान की प्रति हमारी कंपनी की वेबसाइट www.raheja.com, साइट ऑफिस और सीनियर टाउन प्लॉनर, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध है।

**स्थानः नई दिल्ली** **एसडी/**
**दिनांकः 22.12.2022** **अधोहस्ताक्षरी**

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLLAJ00254080** के लिए **रू. 2,13,04,506/- (रुपए दो करोड़ तेरह लाख चार हजार पांच सौ छह मात्र)** के लिए **14.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.12.2022** से प्रभावी जो **रवि पाल उदार, जनक मेडिकोज (उनके पाटनर्स द्वारा) और रचना उदार** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 1,90,00,000/- (रुपए एक करोड़ नब्बे लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 19,00,000/-(रुपए उन्नीस लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**रेजिडेंशियल यूनिट/इंडिपेंडेंट फ्लोर नं. ए - आर1/5ए जिसका 335 स्केयर यार्डस का कवर्ड क्षेत्र है, इसके साथ ही ग्राउंड फ्लोर और बेसमेंट पर कॉमन एरिया और कॉमन फेसिलिटी है, ब्लॉक - ए, जो टीडीआई सिटी के ''एम्परर फ्लोर्स'' के रूप में प्रसिद्ध प्रोजेक्ट में 500 वर्ग गज के रेजिडेंशियल प्लाट पर निर्मित है, कुंडली, सोनीपत - 131001, हरियाणा में स्थित है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक : 14.12.2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : सोनीपत** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLJKS00452334** के लिए **रू. 34,77,354/- (रुपए चौंतीस लाख सतहत्तर हजार तीन सौ चौवन मात्र)** के लिए **14.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.12.2022** से प्रभावी जो **अमित कुमार और माया कुमारी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 17,90,000/- (रुपए सत्रह लाख नब्बे हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 1,79,000/- (रुपए एक लाख उनासी हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर-बी-85 और 86, ऊपरी तल मंजिल (पीछे की ओर पश्चिमी भाग), खसरा नंबर-919 और 920, गांव नवादा, माजरा नवादा, गुलाबी बाग, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक : 15.12.2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRHN00312768** के लिए **रू. 15,81,397/- (रुपए पंद्रह लाख इक्यासी हजार तीन सौ सत्तानबे मात्र)** के लिए **14.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.12.2022** से प्रभावी जो **स्वाधीन कुमार पांडा और रश्मिता पांडा** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 10,65,000/- (रुपए दस लाख पैंसठ हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 1,06,500/- (रुपए एक लाख छह हजार पांच सौ मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**ऊपरी तल मंज़िल छत/टेरेस के अधिकार के बिना, निर्मित संपत्ति बेअरिंग प्लॉट नंबर आरजेड-टीए-58 के पीछे की ओर, जिसका क्षेत्रफल 40 वर्ग गज यानी 33.45 वर्ग मीटर है, खसरा संख्या 18/5 में से, ब्लॉक-सी में रेवेन्यु इस्टेट गांव मटियाला एक्सटेंशन में स्थित, अब टीए-ब्लॉक के रूप में जाना जाता है, उत्तम नगर, दिल्ली-110059, नीचे की भूमि के आनुपातिक अधिकारों के साथ, कॉमन सीढ़ी, लिफ्ट की सुविधा, एंट्रेंस और मार्ग, संबंधित अधिकारों सहित, भवन के सभी सामान्य अधिकारों के साथ, उक्त संपत्ति के भूतल पर सामान्य एक दोपहिया पार्किंग स्पेस के साथ और निम्नानुसार सीमाबद्ध है :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | : दूसरों की संपत्ति | उत्तर | : दूसरों की संपत्ति |
| पश्चिम | : दूसरों की संपत्ति | दक्षिण | : संपत्ति का भाग |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक : 15.12.2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुख्यमंत्री ने आज कोविड पर बुलाई आपात बैठक

## स्वास्थ्य विभाग को दिए जीनोम अनुक्रमण बढ़ाने का निर्देश, लोगों को मास्क पहनने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चीन में बढ़ते कोरोना के मामले ने दुनियाभर को डरा दिया है। इस नए वेरिएंट ने भारत में भी दस्तक दी है। इसको लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोरोना की मौजूदा स्थिति पर बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इस बीच सीएम ने स्वास्थ्य विभाग को नमूनों के जीनोम अनुक्रमण सुनिश्चित करने तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक अन्य कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों को मास्क पहनने की भी सलाह दी है।

कई देशों में कोविड के मामलों में अचानक हो रही वृद्धि के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहा कि दिल्ली सरकार कोविड-19 की स्थिति पर नजर रख रही है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कोविड के नमूनों का जीनोम अनुक्रमण सुनिश्चित करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक अन्य कदम उठाने का निर्देश दिया है। जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, चीन और अमेरिका में कोविड-19 के मामलों में अचानक आई तेजी के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया था कि वायरस के उभरते हुए स्वरूप पर नजर रखने के लिए संक्रमित नमूनों के पूरे जीनोम को तैयार किया जाए।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस तरह की कवायद से देश में नए स्वरूप का समय पर पता लगाने में मदद मिलेगी और आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय करना सुविधाजनक होगा। कोविड-19 की सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती अब भी दुनिया भर में बनी हुई है, जिसके लगभग 35 लाख मामले साप्ताहिक रूप से दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस तरह की कवायद से देश में नए स्वरूप का समय पर पता लगाने में मदद मिलेगी और आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय करना सुविधाजनक होगा।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कोविड-19 की सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती अब भी दुनिया भर में बनी हुई है, जिसके लगभग 35 लाख मामले साप्ताहिक रूप से दर्ज किए गए हैं। चीन के विभिन्न शहर वर्तमान में कोविड के अत्यधिक संक्रामक स्वरूप ओमीक्रॉन, ज्यादातर बीएफ-7, की चपेट में हैं, जो बीजिंग में फैल रहा वायरस का मुख्य स्वरूप है।

इसी के कारण चीन में कोविड संक्रमण के मामलों में व्यापक उछाल आया है। गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र ने अक्टूबर में भारत में बीएफ-7 के पहले मामले का पता लगाया। अधिकारियों ने कहा कि अब तक गुजरात से दो मामले सामने आए हैं जबकि ओडिशा से एक मामला सामने आया है।

अमेरिका, ब्रिटेन और बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस तथा डेनमार्क जैसे यूरोपीय देशों सहित कई अन्य देशों में बीएफ.7 की मौजूदगी की पहले ही पुष्टि हो चुकी है। विशेषज्ञों ने कहा कि बीएफ-7 को लेकर भारत को बहुत अधिक चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि टीकाकरण या पिछले संक्रमण के माध्यम से बहुत से लोगों में वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा विकसित हो चुकी है, वहीं चीन में कठोर प्रतिबंधों के कारण लोगों में कोविड के खिलाफ कम प्रतिरक्षा है।

सफदरजंग अस्पताल में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने कहा, सरकार सक्रिय है और उसके निर्देश वैज्ञानिक हैं। कई देशों में मामलों में तेजी को देखते हुए सतर्क रहना चाहिए, लेकिन ओमीक्रोन के किसी भी नए उपस्वरूप से भारत में कोई बड़ी परेशानी होने की संभावना नहीं है। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि भारत ने इस साल की शुरुआत में एक बड़ी तीसरी लहर देखी और इसने एक तरह से बड़ी संख्या में लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में काम किया। वर्ष 2020 के आरंभ में महामारी शुरू होने के बाद से दिल्ली में कोविड के 20,07,097 मामले आ चुके हैं और 26,519 लोगों की जान जा चुकी है। दिल्ली में औसतन लगभग 2,000 से 3,000 नमूनों की जांच की जा रही है और नवंबर के मध्य से दैनिक मामलों की संख्या 20 से नीचे बनी हुई है।



कोरोना नियमों में छूट मिलने के बाद सार्वजनिक स्थानों पर लोग बेपरवाह नजर आ रहे है, सरोजनीनगर मार्केट में बिना मास्क लोग।

# पंद्रह सौ करोड़ की ड्रग्स भट्टी में जलाई

- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एलजी, पुलिस आयुक्त की निगरानी में चलाई गई मुहिम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली पुलिस लगातार प्रतिबंधित मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी धर-पकड़कर नशीला पदार्थ जब्त कर रही है।

इस कड़ी में वह एक कदम आगे बढ़ाते हुए बरामद किए गए प्रतिबंधित मादक पदार्थो को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उसने बुधवार को 1513. 05 करोड़ रुपये की 2894 किलोग्राम मादक पदार्थ उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, पुलिस उपायुक्त संजय अरोड़ा और मादक पदार्थों को नष्ट करने के लिए बनायी गई समिति के अधिकारियों की निगरानी में आग के हवाले कर नष्ट कर दिया।

इसके लिए बाहरी पश्चिमी दिल्ली के निलोठी में एक इंसिनरेटर में आग लगा कर इसे नष्ट किया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, अदालत के आदेश के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी एजेंसियों की अपनाई जानेवाली प्रक्रिया की तर्ज पर ड्रग्स को नष्ट किया जा रहा उपराज्यपाल ने कहा की बुधवार को आज 2894 किलो ड्रग्स को जलाया गया है, जिसकी कीमत 1500 करोड़ से अधिक आंकी गई है।

राष्ट्रीय राजधानी में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतनी भारी मात्रा में ड्रग्स को जलाकर नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ देश भर में कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान में दिल्ली पुलिस की अहम भूमिका की सराहना करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस ना सिर्फ दिल्ली के बाहर बल्कि दूसरे राज्यों में लिप्त ड्रग्स तस्करों को पकड़ने के लिए वहां की स्थानीय पुलिस की भी मददकर रही है। भविष्य में भी इस तरह से जब्त नशीले पदार्थों को जब्त और नष्ट किया जाता रहेगा। जिससे दिल्ली समेत देश भर के युवाओं को नशे के खतरे से बचाया जा सके।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक नष्ट किए गए मादक पदार्थ में चार किलोग्राम केटामाइन, पांच किलोग्राम स्यूडोएफी, 26.161 किलोग्राम चरस, 3.4 ग्राम एलएसडी, 204 ग्राम कोकीन, 2,372.830 किलोग्राम गांजा, 213.697 किलोग्राम हेरोइनास्मैक, 22.378 किलोग्राम कच्ची हेरोइन, पाकविल की 39 बोतलें, एडिसो केएन की 32 गोलियां और 238.652 किलोग्राम साइकोट्रोपिक पदार्थ शामिल हैं।

## आबकारी नीति से हुआ करोड़ का भ्रष्टाचार : भाजपा

नई दिल्ली आबकारी नीति के तहत हुए घोटाले पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अदालत में पेश किए गए तथ्यों के बाद भाजपा आम आदमी पार्टी पर हमलावार हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया और प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ई.डी. के द्वारा न्यायालय मे प्रस्तुत तथ्यों से दो बातें स्पष्ट हो रही है की आम आदमी पार्टी एवं उसकी सरकार और तेलंगाना के कुछ राजनेताओं एवं दक्षिण के कुछ बड़े शराब व्यापारियों के बीच एक गठजोड़ बना। उन्होंने इस मुद्दे पर सीएम अरविंद केजरीवाल से चार सवालों के जवाब मांगा है। वीरेंद्र सचदेवा और गौरव भाटिया ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सेना का मनोबल गिराने वाले बयान को लेकर माफी न मांगे जाने को लेकर सवाल उठाया।

# दिल्ली आश्रय गृहों में भेजे जाएंगे भिखारी

**जी20 शिखर सम्मेलन**

- परिसर में सुविधाएं बढ़ाने के दिए गए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली को भिखारियों से मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कई स्थानों से भिखारियों जल्द ही सरकार द्वारा संचालित आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाएगा।

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के सदस्य बिपिन राय ने बताया कि आश्रय गृहों की पहचान की जा रही है और भिखारियों और निराश्रितों को स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जा रही है। जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर, दिल्ली सरकार ने हनुमान मंदिर और कश्मीरी गेट क्षेत्रों से भिखारियों को डीयूएसआईबी के रैन बसेरों में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि हम आश्रय गृहों की पहचान कर रहे हैं, जहां हम भिखारियों को स्थानांतरित कर सकते हैं और कुछ इलाकों में व्यवस्था करनी शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि डीयूएसआईबी के आश्रय गृहों में लोगों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि हम भिखारियों को वहां समायोजित कर सकें। इसके वास्ते एक अभियान के लिए एक कार्यक्रम जल्द ही तैयार किया जाएगा। दिल्ली का प्रगति मैदान जी-20 शिखर सम्मेलन का मुख्य स्थल है, जो सितंबर 2023 में आयोजित किया जाएगा। भिखारियों को रैन बसेरों में स्थानांतरित करने की योजना तैयार करने के लिए समाज कल्याण विभाग, डीयूएसआईबी और पुलिस अधिकारियों ने पिछले सप्ताह एक बैठक की थी।

## विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट रद्द

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक आपराधिक मामले में पेश नहीं होने पर आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया, लेकिन विधायक के अपने वकील के साथ अदालत में पेश होने के बाद इसे वापस ले लिया।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए कहा कि खान की ओर से पेश वकील ने एक अर्जी दी है, जिसमें उन्हें चिकित्सा आधार पर निजी तौर पर पेशी से छूट देने का अनुरोध किया गया, लेकिन इसमें कोई चिकित्सा प्रमाण पत्र नहीं लगाया गया। मामले की सुनवाई 23 जनवरी को निर्धारित की। न्यायाधीश ने इससे पहले 23 नवंबर को सुनवाई की आखिरी तारीख पर चिकित्सा आधार पर खान को निजी पेशी से छूट दी थी। हालांकि, खान ने बाद में अदालत का रुख कर गैर जमानती वारंट रद्द करने का अनुरोध किया।

# कोहरे के कारण रुकी वाहनों की रफ्तार

- न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 7.1 डिग्री दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड की चपेट में आने लगा है। कमोबेश सभी जगह तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं सुबह के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा।

इस दौरान वाहनों की रफ्तार को ब्रेक लगा। कोहरे से दृश्यता घटकर 400 मीटर तक रह गई और रेल एवं सड़क यातायात प्रभावित हुआ। बृहस्पतिवार को भी हल्का कोहरा रहेगा। उत्तर-पश्चिम से हवा चलने से सुबह-शाम ठंड बढ़ेगी, लेकिन दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत मिलेगी। कोहरे की चपेट में आने से लगभग 18 ट्रेन डेढ़ से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। हालांकि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन सामान्य है। मौसम विभाग के अनुसार, बहुत घना कोहरा होने पर दृश्यता 0 से 50 मीटर के बीच होती है। वहीं, घना कोहरा होने पर दृश्यता 51 से 200 मीटर, मध्यम कोहरा होने पर 201 से 500 मीटर और हल्का कोहरा होने पर 501 से 1,000 के बीच दर्ज का जाती है। प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमश : 5 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, मंगलवार देर रात ढाई बजे पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता का स्तर सबसे कम 400 मीटर दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे सफदरजंग हवाई अड्डे पर दृश्यता घटकर 500 मीटर रह गई। मंगलवार को इन दोनों जगहों पर दृश्यता घटकर 50 मीटर तक हो गई थी।

आईएमडी बताया कि पिछले 24 घंटों में दृश्यता में सुधार के लिए मध्य क्षोभमंडल स्तर पर बहने वाली दक्षिण पश्चिमी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि इन हवाओं के चलते तापमान में वृद्धि भी दर्ज की गई है।

## छोटे उद्योग नए ऑर्डर के लिए कर रहे संघर्ष

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था सुधार के बाद बाजार में स्थिरता आने के बावजूद करीब 57 फीसदी छोटे और मझोले उद्योगों को नए ऑर्डर और पूंजी को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है।

यह खुलासा भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) के अखिल भारतीय अध्ययन में किया गया है। इस अध्ययन में राजधानी दिल्ली समेत देश के सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर उद्यमियों पर केंद्रित किया गया है।

बीवाईएसटी की संस्थापक और प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने कहा कि यह अध्ययन दिल्ली समेत 12 राज्यों के 20 शहरों में अध्ययन किया गया और उद्योगों पर विशेष फोकस रखा गया।

# सरकारी स्कूलों में शुरू होगा अल्पाहार अवकाश

- शिक्षा निदेशालय ने भोजनावकाश से ढाई घंटे पहले का समय किया निर्धारित, दिए दस मिनट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


फाइल फोटो

बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने विद्यालयों में अल्पाहार अवकाश शुरू करने और माता-पिता के लिए परामर्श सत्र आयोजित करने का फैसला किया है।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय के परिपत्र के अनुसार विद्यालयों को समय-सारिणी में 10 मिनट का अल्पाहार अवकाश शामिल करने का निर्देश दिया गया है। यह अवकाश भोजनावकाश से ढाई घंटे पहले होना चाहिए। शिक्षा निदेशालय ने विद्यालयों से अल्पाहार के लिए साप्ताहिक चार्ट तैयार करने को कहा गया है और उसमें प्रति दिन मौसम के फल, अंकुरित अनाज, भूने चने, मूंगफली आदि में से कोई तीन विकल्प पेश करने को कहा गया है। विभाग ने विद्यालयों को गृह विज्ञान के अध्यापकों के परामर्श से कक्षा वार परामर्श सत्र आयोजित करने तथा स्वास्थ्यवर्धक आहार और अध्ययन एवं शारीरिक गतिविधियों, शारीरिक विकास के बीच संबंध पर विस्तार से बताने को कहा गया है।

# यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्र मांग रहे अतिरिक्त अवसर, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

- कोरोना के कारण बर्बाद हुए साल को लेकर केंद्र सरकार से रियायत देने के लिए चल रहा प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त अवसर के लिए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर मंगलवार रात पुलिस ने लाठियां फटकारीं और घसीटकर कर हटाया।

करीब 40 अभ्यर्थियों को गिरफ्तारी के बाद राजेंद्र नगर थाने ले जाया गया और रात भर थाने में रखा। छात्रों ने थाने में पुलिस पर ज्यादती और पिटाई का भी आरोप लगाया है। ज्ञात रहे कि छात्र अपनी मांगों को दो दिनों से ओल्ड राजेंद्र नगर में प्रदर्शन कर रहे थे। कोविड के चलते सिविल सेवा परीक्षा में सफल नहीं हो पाने वाले छात्र मंगलवार से ओल्ड राजेंद्र नगर में अपनी मांग को लेकर पिछले दो दिनों से अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। जहां स्टूडेंट्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया। छात्रों ने कहा कि हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी मांग है कि हमें दो अतिरक्ति अवसर व आयु सीमा में दो साल की छूट दी जाए।

मामले में पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने कहा कि छात्रों ने समूह में विरोध करने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। इसे खारिज कर दिया गया था। उन्हें हटाने की घोषणा की गई। इस पर वह आक्रामक हो गए और डीओपीटी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों को समझाया गया लेकिन वे अपनी बात पर अड़े रहे। इसके बाद स्टाफ को बुलाया और सभी का हटाया। 40 लोगों को भी गिरफ्तार भी किया गया था, जिन्हें रिहा कर दिया गया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने मंगलवार रात को प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल से उठाना चाहा था।

प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन स्टूडेंट्स का गुस्सा देखकर पुलिस को भी बैरंग लौटना पड़ा था सभी स्टूडेंट्स ने साफ कर दिया था कि जब तक उनकी मांग को केंद्र सरकार नहीं मानती तब तक वह इस तरह के प्रदर्शन करते रहेंगे। हालांकि पुलिस ने अब सर्दी का बहाना देकर प्रदर्शनकारियों को जबरन वहां से हटा दिया। अभ्यर्थी सुभाष ठाकुर ने कहा कि छात्रों के अनुसार पुलिस के बल प्रयोग में कई लोगों को गहरी चोटें आई हैं।

इतना हीं नहीं पुरुष पुलिस कांस्टेबल ने लड़कियों को घसीटा। हम लोगों को हिरासत में लेने के बाद रातभर राजेन्द्र नगर पुलिस स्टेशन में बैठाकर रखा गया। थाने में कुश चतुर्वेदी नामक अभ्यर्थी की लाठी से पिटाई की गई जिनकी हालत गंभीर है। अन्य लोगों को रातभर एफआईआर करने की धमकियां देकर डराया गया।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

पिछले कई महीने से अतिरिक्त अवसर की मांग कर रहे छात्र पुलिस कार्रवाई से बेहद आहत हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि ये कैसा लोकतंत्र है जहां मांग के लिए प्रदर्शन करने पर लाठियां और धमकी मिल रहीं हैं। आखिर हमारा कसूर क्या है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्णव टंडन/साउथ सिटी 2 क्यू 1 271, सेक्टर-49, गुरूग्राम, निकट पार्क हॉस्पिटल, गुरूग्राम-122018/ एलबीबीएनजी00005829057./ एलबीबीएनजी00005864325 | अनुसूची 'क' सम्पत्ति (सम्पूर्ण सम्पत्ति का वर्णन) परिवर्तित भूमि के सभी अंश एवं खंड सर्वे सं. 48/4, परिमाप 10 गुंटा, सर्वे नंबर 55/1 परिमाप 8-1/4 गुंटा और सर्वे नंबर 39/10 परिमाप 3/4 गुंटा, कुल परिमाप 19 गुंटा, स्थित केनगेरी ग्राम, वर्तमान में बीबीएमपी सीमाओं के अंतर्गत आता है, कठा नंबर4961, 39/10/48/4/55/1, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, स्पेशल डीसी, बेंगलुरू डिस्ट्रिक्ट, बेंगलुरू द्वारा जारी ओएम नंबर एएलएन(एस) (केएएफ) एसआर-78/2009-10 दिनांकित 03-08-2010 के माध्यम से गैर-कृषि प्रयोजनों हेतु विधिवत परिवर्तित, जो निम्नानुसार परिबद्ध है : पूरब : रोड, पश्चिम : रास्ता, उत्तर : श्री पी. शिवकुमार की भूमि, दक्षिण : श्री बीरप्पा, रामकृष्णाप्पा और अन्य की भूमि। अनुसूची 'ख' सम्पत्ति (एतद्द्वारा व्यक्त अविभाजित भूभाग का वर्णन) अनुसूची -क सम्पत्ति में अविभाजित अंश, अधिकार, स्वत्वाधिकार, हित और स्वामित्व का 310 वर्ग फीट अनुसूची 'ग' सम्पत्ति (एतद्द्वारा व्यक्त अपार्टमेंट का वर्णन) "ड्रीम डिलाइट" नामक विकास के भू तल में दो बेडरूम, हॉल, किचेन युक्त आवासीय अपार्टमेंट नंबर 001, वर्तमान में बीबीएमपी कठा नंबर 4961/39/10/48/4/55/1, जीएफ-001, जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 1150 वर्ग फीट है, जिसमें स्टिल्ट लोर में एक कार पार्किंग स्लॉट नंबर 01 शामिल है। अपार्टमेंट मं विट्रीफाइड टाइल्स लोरिंग और जंगल वुड विन्डोज हैं। | 14-11-2022 रू. 60,33,802.00/- | 03-08-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 22-12-2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# इस विश्व में युद्ध की नहीं, प्रेम की आवश्यकता : दलाई लामा

## दलाई लामा ने एक निजी स्कूल में पहुंच कर दिया उद्बोधन

## देश-दुनिया में शांति रखने का दलाई लामा ने दिया संदेश


एक निजी स्कूल में बच्चों से मिलते बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा।


बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा को पौधा भेंट करती छात्रा।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**नोबेल** पुरस्कार से सम्मानित 14वें दलाई लामा बुधवार को गुरुग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने एक निजी स्कूल में पहुंचकर देश-दुनिया के नाम अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को भी उन्होंने शांत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ धर्म गुरू दलाई लामा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं तिब्बती बौद्ध धर्म के मूल मंत्र के उच्चारण से हुआ। दलाई लामा ने भाइयों और बहनों से उद्बोधन शुरू करते हुए विद्यार्थियों से इस पवित्र धरती को एक शांति और बंधुत्व से पूर्ण बनाने के लिए उनका आह्वान किया। इस विश्व में प्रेम की आवश्यकता है, युद्ध की नहीं, यह कहते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को करुणा, दया, सत्य और अहिंसा आदि भावनाओं को ग्रहण करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा की जड़ें बहुत गहरी हैं। इस देश के हर बच्चे को पाश्चात्य शिक्षा के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय शिक्षा को भी ग्रहण करना चाहिए। करुणा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि करुणा ही हमें आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। करुणा और अहिंसा का साथ निभाते हुए ही हमें मानसिक संतोष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि वे सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। सभी की शिक्षाओं का मान रखते हुए सत्य, अहिंसा और करुणा का पालन करते हैं। अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए विद्यार्थियों ने दलाई लामा से प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने उत्साह और प्रेम के साथ जवाब देते हुए बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# अधिवक्ताओं ने ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स के तहत सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में की भागीदारी


जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे को लेकर जागरुक करते एडवोकेट।

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स के तहत किए जा रहे सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में गुरुग्राम के नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुग्राम के अधिवक्ताओं ने सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान नवीन यादव ने अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ एसोसिएशन कार्यालय में नगर निगम गुरुग्राम के प्लानिंग असिस्टेंट रोहित जोशी व प्रोग्राम कोर्डिनेटर कुलदीप सिंह से सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपना-अपना ऑनलाईन फीडबैक दिया। उनके साथ एसोसिएशन के सचिव संदीप सहरावत, उप प्रधान जितेन्द्र सैनी, संयुक्त सचिव योगेश भारद्वाज व अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

नगर निगम गुरुग्राम के चीफ टाऊन प्लानर सतीश पाराशर के अनुसार ईज ऑफ लिविंग इंडैक्स में गुरुग्राम अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। टॉप वन शहरों में रैंकिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सभी मापदंड पूरे किए जा रहे हैं। इनमें होर्डिंग, वॉल ग्राफ्टिी, कैंपेन, रेफरल प्रमोशन, प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया व इनोवेटिव इनिशिएटिव आदि मापदंडों के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाए गए हैं। सुभाष चौक पर सुंदर वॉल ग्राफ्टिी बनवाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध शाखा पुलिस ने युवक को हथियार सहित दबोचा

**सोहना।** अपराध शाखा पुलिस ने युवक को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। जिसे लेकर युवक भोंडसी में बना निजी अस्पताल के पास खड़ा था। सेक्टर अपराध शाखा गुरुग्राम में तैनात हवलदार बीरसिंह ने बताया कि मंगलवार को गश्त के दौरान उनकी टीम भोंडसी के जेल मोड़ पर गश्त कर रही थी। उसी समय सूचना मिली कि भोंडसी में बना निजी अस्पताल की दीवार के पास यहां का निवासी जयसिंह खड़ा है। जिसके पास अवैध हथियार है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच जयसिंह को हिरासत में ले लिया। उससे तलाशी के दौरान पेंट की जेब में एक अवैध हथियार मिला। जिसकी जांच करने पर कोई गोली नहीं थी। जयसिंह पुलिस के मां- ने पर बरामद किया हथियार को लाइसेंस तक पेश नहीं कर सका। हिरासत में लिया जयसिंह को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ स्थानीय थाना में अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज कर लिया है। हवलदार बीरसिंह ने बताया कि जल्द ही जयसिंह ने हत्यार को कहा से और कब खरीदा था। उसने हथियार अपने पास क्यों रखा हुआ था।

### 100 नए वोटर, 76 आयुष्मान कार्ड व 186 फैमिली आईडी बनाई



**गुरुग्राम।** पटेल नगर में सोनिया प्रॉपर्टी कार्यालय पर एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नए वोटर कार्ड, परिवार पहचान पत्र व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पटेल नगर सुधार मंडल की ओर से यह शिविर लगवाया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल, रोटरी क्लब के सहायक गवर्नर व समजसेवी रविंद्र जैन, गुड़गांव इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष एसं रेरा समिति के सदस्य जेएन मंगला, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, रोटरी क्लब से डा. महिमा, सीपीएम नेता राजेंद्र सरोहा, पूर्व प्रधान राजाराम यादव, भाजपा युवा नेता गगन गोयल, सीएम विंडो कोर्डिनेटर अरुण बंसल, डा. महेश पाल एसडीओ अमर सिंह, कैप्टन हरिंद्र सिंह, आरडब्ल्यूए हाउसिंग बोर्ड प्रधान रोहिल्ला, सेक्टर-15 पार्ट-2 के प्रधान मीर सिंह, सेक्टर-14 राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सूरजभान, सूबेदार विजय कुमार, प्रह्लाद सिंह, दीपक शर्मा, महेंद्र सिंह आदि अतिथि के रूप में पहुंचे। पटेल नगर सुधार मंडल के प्रधान दीपचंद ने बताया कि इस शिविर में 100 नए वोटर कार्ड बनाए गए। 76 आयुष्मान कार्ड और 186 फैमिली आईडी बनाई गई। इस शिविर में कैनविन फाउंडेशन की टीम ने भी सहयोग दिया। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि सभी लोगों को अपनी सेहत के प्रति सचेत, सतर्क और जागरुक रहना चाहिए। हमारी सेहत अगर सही होगी तो ही हम अपने कार्यों को पूरा कर सकते हैं। कैनविन फाउंडेशन का भी यही उद्देश्य है कि अपने गुरुग्रामवासियों के स्वास्थ्य को सही रखा जाए। छोटी-मोटी बीमारियों का सही और सस्ता उपचार किया जाए।

### सेक्टर-52 कालेज में लगाया गया रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** सेक्टर-52 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी व नागरिक अस्पताल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रेडक्रास सोसायटी ने छात्राओं को अपना होमोग्लोबिन सही रखने के लिए उचित डाईट व अन्य सावधानियां बरतने की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी छात्राओं को समाजोपयोगी बातों से अवगत कराते हुए इतने उत्साह के साथ रक्तदान शिविर में भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर के समापन के अवसर पर गुरुग्राम की तहसीलदार सृष्टि ने सभी छात्राओं एवं रेडक्रास सोसायटी एवं सिविल अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

# टैक्सी की टक्कर से छह वर्षीय बच्ची का पैर टूटा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**खंड** के गांव महेन्द्रवाड़ा में तेज रफ्तार टैक्सी ने रास्ते में घर आगे खेल रही छह वर्षीय किशोरी को सीधी टक्कर मार दी। जिससे बच्ची का दाया पैर घुटने से नीचे टूट गया। घायल बच्ची को अस्पताल में दाखिल कराया गया। आरोपी टैक्सी चालक मौके से अपने वाहन को लेकर फरार हो गया।

मंगलवार को गांव महेन्द्रवाड़ा में से जा रही टैक्सी चालक ने घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय कन्यिक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कन्यिक जमीन पर गिर गई और उसका दाया पैर के ऊपर से टैक्सी के टायर उतर गए। जिससे कन्यिक का पैर टूट गया। आरोपी चालक अपनी टैक्सी को लेकर भाग गया, क्योंकि उस समय घर पर घायल कन्यिक की वृद्ध दादी अकेली थी। आस-पास से दौड़कर आए। ग्रामीणों ने कन्यिक को अस्पताल में दाखिल कराया।

**गांव में टैक्सी वाहनों का आतंक :** ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा गुरु ग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर लगा टोल की साइड में पड़ता है। टोल बचत की लालच में टैक्सी चालक महेन्द्रवाड़ा में से अपने वाहनों को निकालते है। यहां के निवासी राधे ने बताया कि एक दिन में टैक्सी की गाड़ी गांव में से निकलती है। टैक्सी चालक तेज गति से अपने वाहन को निकालते हैं।

**एसडीएम को देंगे शिकायत :** गांव के सरपंच रामपाल ने बताया कि टोल बचाने के लालच में चल रही टैक्सी पर रोक लगाने के लिए एसडीएम सोहना को लिखित में षिकायत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन और टैक्सी चालक तेज रफ्तार से अपने वाहनों को गांव के रास्तों में से लेकर जाते है। कई बार ग्रामीण हादसों का शिकार होने से बचे है।


सोहना की ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा में टैक्सी की टक्कर से छह वर्षीय बच्ची की टूटी टांग।

# चिह्नित अपराधों में अब दोषियों को जल्द होगी सजा

**प्रवीण शर्मा।** गुरुग्राम

**चिन्हित** अपराधों के मामलों में अब दोषियों को जल्द सजा होगी। हरियाणा सरकार के गृह विभाग ने ऐसे जघन्य अपराधों के दोषियों को सजा दिलवाने के लिए तैयारी कर ली है। इसके लिए इन्वेस्टिगेटिंग सपोर्ट यूनिट (आईएसयू) का गठन किया जाएगा, जो एफआईआर से लेकर कोर्ट में चालान पेश किए जाने तक पीड़ित पक्ष का मार्गदर्शन करेगी। इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर यानी जांच अधिकारी की मदद करेगी ताकि केस में किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की कमी ना रहे। शुरू में ये आईएसयू मण्डल स्तर पर गठित होंगी।

हरियाणा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने चिन्हित अपराधों को लेकर अधिकारियों की बैठक में प्रदेश के सभी 22 जिलों के आला अधिकारी जिनमें मंडलायुक्त, रेंज पर नियुक्त पुलिस महा निरीक्षक, उपायुक्त, जिला न्यायवादी, जेल अधीक्षक, रेलवे पुलिस अधीक्षक आदि ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।



अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग टीवीएसएन प्रसाद ने स्पष्ट कर दिया कि अब चिन्हित अपराधों के मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। ऐसे मामलों में न्यायालयों में भी फास्ट ट्रेक ट्रायल करवाने के प्रयास किए जाएंगे। सजा सुनाए जाने के बाद उस फैसले को मीडिया के साथ भी सांझा किया जाएगा, ताकि समाज में एक वातावरण बने कि अब अपराध करने वालों को दंडित किया जा रहा है। लोगों का कानून में विश्वास कायम रहे। श्रीप्रसाद ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कोई भी केस किसी भी डिप्टी डीए या एडीए को कोर्ट में पैरवी के लिए मार्क कर सकता है। विभिन्न विभागों में नियुक्त ए डीए भी अब केसों की पैरवी के लिए जाएंगे, उन्हें भी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी केस मार्क करेगा।

# नफरत फैलाने की सबसे बड़ी सौदागर है कांग्रेस पार्टी : डा. संजय शर्मा

## कांग्रेस के डीएनए में ही भरी है नफरत


डा. संजय शर्मा।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने राहुल गांधी के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि नफरत की दुकान तो उनके पिता राजीव गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दुर्भाग्यपूर्ण हुई हत्या के बाद हजारों सिखों का कत्लेआम करके खोली थी।

उन्होंने कहा कि नफरत का अगर कोई सबसे बड़ा सौदागर है तो वह कांग्रेस है, जिसने पूरे देश में बेकसुरों की हत्या करवाई। भारत जोड़ो यात्रा निकालने से राहुल की पुरूषोत्तम वाली छवि बनने वाली नहीं है, बल्कि राहुल को चाहिए कि भारत के बंटवारे और चीन द्वारा कब्जाई हजारों किलोमीटर जमीन के लिए देश से माफी मांगे क्योंकि यह कृत्य उनके नाना व पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल के समय में हुआ था। डा. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तो डीएनए में ही भारत की संस्कृति और बहुसंख्यक वर्ग के प्रति नफरत भरी हुई है। सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का मामला हो या अयोध्या में राम मंदिर का मामला, कांग्रेस ने सदैव इसका विरोध किया है, यहां तक कि कांग्रेस ने हलफनामा देकर भगवान राम के अस्तित्व को ही नकारते हुए उन्हें काल्पनिक कहा था।

# दिव्यांगता समावेशी विकास के लिए 23-24 को होगा एआईसीटीई में 9वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरूग्राम

**सार्थक** एजुकेशनल ट्रस्ट और नेशनल एबिलिम्पिक्स असोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिव्यांगता पर 9वीं राष्ट्रीय परिषद 23 और 24 दिसंबर, 2022 को एआईसीटीई ऑडिटोरियम, वसंत कुंज, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस साल की थीम है दिव्यांगता समावेशी विकास के लिए ग्लोकल (वैश्विक+स्थानीय) भागीदारी। 24 दिसंबर को मुख्य अतिथि केंद्रीय कैबिनेट मंत्रीडॉ. वीरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार द्वारा उद्घाटन किया जाएगा और 23 दिसंबर को मुख्य अतिथि राजीव कुमार, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा इसकी शोभा बढ़ाई जाएगी।

यह कार्यक्रम इस बात को प्रमुखता से दर्शाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा कि देश में वैश्विक और स्थानीय भागीदारियां किस प्रकार दिव्यांगजनों का सक्षमीकरण कर और उन्हें मुख्य धारा में लाने के कार्य को प्रभावित कर सकती हैं। दिव्यांगता समावेशकता आंदोलन की दिशा में जानकारी और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता को एकसाथ लाने के लिए यह कार्यक्रम राष्ट्रीय और वैश्विक विशेषज्ञों को एक मंच पर लेकर आएगा। सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट साल 2008 से कार्य कर रहा है और



पिछले 14 सालों में यह भारत में सफलतापूर्वक 10 लाख दिव्यांग आबादी तक पहुंचा है और इस ट्रस्ट ने 16 राज्यों में 51000+ दिव्यांगजनों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार देने का कार्य किया है ताकि वे उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनते हुए कई लोगों को प्रेरित करें।

सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने जानकारी साझा करते हुए कहा, दूरदराज़ इलाकों में भी दिव्यांगजनों तक पहुंचने के लिए सार्थक विस्तृत रूप से कार्य कर रहा है। इस दिशा में हमने भारत दिव्यांगता सक्षमीकरण गठबंधन (आईडीईए) के अंतर्गत भारत के विभिन्न क्षेत्रों में 500+ एनजीओ के साथ भागीदारी की है। इसके साथ ही हमने डिजिटल समाधान निर्माण किए हैं जो बहुत ही उपयोगी हैं और संपूर्ण भारत में 36,000+ दिव्यांगजनों को लाभ पहुँचा रहे हैं।

# देशभर की छात्राओं के लिए विनी सन स्कॉलरशिप 2022 के आवेदन शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरूग्राम

**लोटस** पेटल फाउंडेशन ने विनी सन स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए देशभर से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह छात्रवृत्ति निम्न आय वाले परिवारों की प्रतिभावान छात्राओं को मेडिसिन, इंजीनियरिंग, नर्सिंग और फार्मेसी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा पाने में मदद करेगी। आवेदन की अंतिम तारीख 15 जनवरी, 2023 है। वेबसाइट ***www.lotuspetalfoundation.org*** पर जाकर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है।

कंसेंट्रिक्स दक्ष सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर गुरुग्राम का एनजीओ लोटस पेटल फाउंडेशन प्रतिभावान छात्राओं को यह वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता उन परिवार की प्रतिभावान छात्राओं को दी जाती है, जिनकी सालाना पारिवारिक आय 5 लाख रुपये से कम है। इसके तहत मेडिसिन



(एमबीबीएस/बीडीएस), इंजीनियरिंग, नर्सिंग और फार्मेसी के क्षेत्र में अंडरग्रेजुएट डिग्री के लिए किसी केंद्रीय या राज्य बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी या निजी कॉलेज में प्रवेश पानी वाली छात्राओं को 65,000 रुपये सालाना (कोर्स फीस, रहने का खर्च, आने-जाने का खर्च) तक की राशि दी जाएगी।

पिछले साल देशभर से 1200 आवेदन मिले थे, जिनमें से 10 राज्यों की 25 प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया था। इन छात्राओं ने आईआईटी दिल्ली, आईआईटी खड़गपुर, एनआईटी दिल्ली, एनआईटी श्रीनगर, जोरहाट मेडिकल कॉलेज असम जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों में अपनी सीट पक्की की थी। लोटस पेटल फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं सीटीओ सलोनी भारद्वाज ने कहा, 'भारत में 6 से 14 साल के आयु वर्ग में 4 में से 3 बच्चे महंगी निजी शिक्षा और परिवार की मदद के लिए पढ़ाई छोड़ देते हैं। विनी सन स्कॉलरशिप निम्न आय वर्ग वाले परिवारों की प्रतिभावान छात्राओं को सहयोग देने के लिए शुरू की गई छात्रवृत्ति है। इस साल देशभर से 50 प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति इन छात्राओं के सपनों की राह में आने वाली बाधाओं को कम करने की दिशा में एक प्रयास है।'

# मंदिरा बेदी और सोनाली बेंद्रे द्वारा लॉन्च किए गए रसना हेल्दी डे के साथ रसना ने स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र में प्रवेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**आज,** हर किसी के पसंदीदा बचपन के ब्रांड रसना ने सभी मौसमों के लिए अपने नए लॉन्च किए गए उप-ब्रांड रसना हेल्दी डे के साथ स्वास्थ्य और कल्याण उत्पादों के क्षेत्र में प्रवेश करने की गर्व से घोषणा की। मंदिरा बेदी और सोनाली बेंद्रे के साथ डिजिटल अभियानों के साथ शुरू की गई प्रविष्टि में चार नए उत्पाद 100 फीसदी प्राकृतिक और शुद्ध शहद, सुपर हेल्दी वेजी ओवरलोड क्विकी सूप, चोको स्प्रेड और प्रोटीन वीटा पेश किए गए हैं। रसना में एक किफायती उत्पाद बनाना हमेशा सर्वोपरि रहा है, इसलिए देश भर में हर किसी के पास स्वस्थ और पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं।

रसना हेल्दी डे के पोर्टफोलियो के तहत, रसना ने रसना हेल्दी डे हनी 100त्न शुद्ध और प्राकृतिक, कोई प्रिजर्वेटिव या सिंथेटिक्स नहीं, 20 ग्राम, 50 ग्राम, 100 ग्राम, 250 ग्राम, 500 ग्राम और 1 किलो पैक आकार में उपलब्ध है। 20 ग्राम की शहद की बोतल 20 रुपये में उपलब्ध है। रसना हेल्दी डे क्विकी सूप, जो सब्जियों से भरा हुआ है, बिना मैदे के बनाया गया है, और ज्वार, रागी और ओट्स से बने मल्टी ग्रेन के एक स्वस्थ संयोजन का उपयोग करता है। पैक आकार एकल पैक या मिश्रित सूप के बहु पैक में उपलब्ध हैं। सिंगल सर्व पैक का आकार 10/- रुपये में उपलब्ध है, विशेष रूप से सर्दियों की शुरुआत के साथ जनता पर लक्षित है। गर्म पानी जोड़ने से, सूप केवल 1 मिनट में तैयार हो जाते हैं और 100 फीसद प्राकृतिक, शुद्ध, के साथ किसी को भी पोषण देंगे। और स्वस्थ बाजरा आधारित सामग्री। इसके अतिरिक्त, रसना ने बिना किसी प्रिजर्वेटिव या सिंथेटिक्स के स्वस्थ हड्डियों और उच्च ऊर्जा के लिए कैल्शियम के साथ रसना हेल्दी डे चोको स्प्रेड भी लॉन्च किया है। यह 15 ग्राम, 75 ग्राम, 225 ग्राम के पैक में सिंगल सर्व पैक के साथ उपलब्ध है। स्वस्थ दिन प्रोटीन वीटा एक माल्ट-आधारित चॉकलेट पेय है जिसमें प्रतिस्पर्धी उत्पादों की तुलना में प्रोटीन की मात्रा दोगुनी होती है। बिना किसी प्रिजर्वेटिव और सिंथेटिक्स के, पेय में 21 विटामिन और खनिज होते हैं जो इसे बाजार में सबसे अधिक पौष्टिक पेय बनाते हैं। यह चॉकलेट और वेनिला स्वाद में आता है, जो 12 ग्राम, 200 ग्राम और 400 ग्राम के पैक आकार में उपलब्ध है और सिंगल सर्व पैक 10/- रुपये में उपलब्ध है।

रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरूज खंबाटा ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमने भारत में स्वास्थ्य उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रसना स्वस्थ दिवस लॉन्च किया है, एक बेहतर, अलग और अद्वितीय स्वास्थ्य प्रस्ताव के साथ, वह भी बहुत कम कीमत पर। बहुत सस्ती कीमत। रसना उन उत्पादों में विश्वास करती है जो स्वस्थ और पौष्टिक तत्वों के साथ आम जनता के लिए बनाए गए हैं। हम अपने माननीय को जवाब दे रहे हैं। बाजरा के वर्ष में प्रधान मंत्री का आह्वान बाजरा-आधारित सूप के लॉन्च के साथ जिसमें कोई मैदा या संरक्षक नहीं होता है। इसके अतिरिक्त, उत्पादों के पोर्टफोलियो को कैल्शियम फोर्टिफाइड चोको स्प्रेड, 100 फीसद शुद्ध और प्राकृतिक शहद और प्रोटीन-आधारित माल्ट और चॉकलेट प्रोटीन पेय के साथ पूरक किया जाता है।

# गुरुग्राम विवि में इंस्टीटूशन इनोवेशन काउंसिल की पहली बैठक

**गुरुग्राम।** नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उदेश्य से गुरुग्राम विवि में इंस्टीटूशन इनोवेशन काउंसिल की पहली बैठक आयोजित की गयी। बैठक का आयोजन विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में छात्रों के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने, छात्रों को स्टार्टअप के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन, इनोवेटर्स द्वारा एक्सपर्ट टॉक के अलावा स्टार्टअप्स, एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रमों का आयोजन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। काउंसिल के सदस्य वाईएमसीए के प्रो. विक्रम सिंह ने इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने के लिए अपने विचार रखते हुए कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित करेगा और आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। इससे विद्यार्थी नौकरियां लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरियां देने वाले उद्यमी के रूप में स्थापित होंगे। बैठक में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर जोरदार तैयारियां जारी

## राहुल गांधी के स्वास्थ्य के दृष्टिगत नागरिक चिकित्सालय में बना स्पेशल वार्ड

## क्षेत्रीय नेताओं में राहुल गांधी के सम्मान में बैनर व पोस्टर लगाने की होड़ मची

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना




नूंह-गुरूग्राम मार्ग पर बने गड्ढे भरते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी। गांधी के सम्मान क्षेत्रीय नेताओं द्वारा लगाए जा रहे बैनर-पोस्टर।

**कांग्रेस** पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। सुरक्षा की दृष्टि से सड़क पर बने गड्ढ़ों को तेजी से भरा जा रहा है। वहीं नागरिक अस्पताल में राहुल गांधी के लिए आपातकाल वार्ड बनाया गया है।

गुरुवार को जिला नूंह से सोहना आ रही कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियां में प्रशासन अधिकारी से लेकर एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। राहुल गांधी की यात्रा वाले मार्ग पर सोहना क्षेत्र में करीब 7 किलोमीटर की दूरी में सड़क पर बनें गड्ढ़ों को भरने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। रायपुर से लेकर पलवल मार्ग के बल्लभगढ़ मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढ़ों को भरने का काम किया जा रहा है। वहीं सड़क पर आने वाले घरों से गंदा पानी पर रोक लगा दी है। ताकि राहुल गांधी को पैदल चलने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं नागरिक अस्पताल में जरुरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए आपात वार्ड बनाया है। जिसमें एक बेड के साथ अन्य आवश्यक वस्तु और दवाएं रखी गई हैं। आपात काल वार्ड में ड्यूटी देने वाले डॉक्टर से लेकर नर्स और अन्य कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी है।

**बैनर-पोस्टर लगाने की होड़ :** क्षेत्रीय नेताओं ने राहुल गांधी के सम्मान में बैनर व पोस्टर लगाने की होड़ मची है। पार्टी के ब्लॉक स्तर से लेकर राज्यस्तरीय नेताओं के नूंह मार्ग के गांव रायपुर से लेकर सोहना के आखिरी गांव बादशाहपुर टैठड़ तक सड़क किनारे बैनर व पोस्टर एक दूसरे से ऊंचाई पर लगा रहे हैं। ताकि राहुल गांधी को पैदल चलने के दूर से नजर आए।

**पांच एकड़ में लगेगा रात्रि शिविर :** खंड के गांव लाखूवास के पास सड़क किनारे पांच एकड़ जमीन का समतल किया गया है। इस पांच एकड़ जमीन पर राहुल गांधी का काफिला रात में ठहरेगा। राहुल गांधी का वह वाहन भी इसी जमीन पर होगा। जहां पर वे रात के समय में थकावट और नींद पूरी करने के लिए बिस्तर लगा होगा। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर राज्य स्तरीय और जिला स्तर के शामिल होंगे।

> "**राहुल** गांधी भारत जोड़ो यात्रा को लेकर क्षेत्र के नागरिकों में भारी उत्साह और जोश है। सुरक्षा की दृष्टि से कड़े प्रबंध किए गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा में हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी और नेता लोग शामिल होंगे।
>
> **जितेन्द्र भारद्वाज**
> **( प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष )**

# इस बार सर्दी में भी सामने आते रहे हैं डेंगू के मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में पिछले कुछ समय से डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा सात ही था। जिसमें धौज से एक, पाली से दो पॉजिटिव, पल्ला से एक, अनंगपुर से एक, सेक्टर-15 और सूरजकुंड से 1-1 मरीज शामिल थे। जिनका इलाज पूरा हो चुका था।

लेकिन 24 नवंबर को दो सैम्पल पॉजिटिव पाये गए। जिसमें एक सैम्पल सेक्टर-23 से एक 15 वर्षीय बच्ची और ओल्ड फरीदाबाद से 49 वर्षीय एक व्यक्ति का पॉजिटिव आया है। उसके बाद दिसंबर माह में चार और मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसमें सरूरपुर, इरोज गार्ड, सेक्टर-16, 34जी से शामिल था। जिससे जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 13 पर पहुंच गया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि ठंड के बढ़ने के कारण अब डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा नहीं बढ़ेगा।

## इस साल अब तक डेंगू के 13 पॉजिटिव, मलेरिया तीन पर सीमित

सभी 13 मरीजों को विभाग ने स्वस्थ घोषित कर दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि मात्र एक मरीज को भर्ती होना पडा था, बाकियों का इलाज ओपीडी में हो रहा था।


पानी में बने लारवा को नष्ट करते हुए स्वास्थ्य कर्मी

स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल 2021 में फरीदाबाद में डेंगू के 347 मरीज मिलने की पुष्टि की थी। लेकिन इस बार डेंगू के 13 मरीजों की पुष्टि की गई है, लेकिन निजी और सरकारी अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की संख्या अधिक सामने आ रही है।

**पिछले कुछ सालों में मिले डेंगू के मरीज**

| साल | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| 2022 | 13 अभी तक |
| 2021 | 347 |
| 2020 | 32 |
| 2019 | 65 |
| 2018 | 153 |
| 2017 | 107 |
| 2015 | 1411 |
| 2014 | 44 |

**अधिकारी का कथन:** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ रामभगत ने बताया कि हम डेंगू के मरीजों पर नजर बनाए हुए हैं। अभी तक केवल 13 ही मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस साल मच्छर कम हैं, जिसके चलते डेंगू के केस कम आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में डेंगू के जो भी संदिग्ध मामले आते हैं, उनके सैंपल हमारे पास भी आते हैं।

उनकी जांच कराने के बाद ही डेंगू की पुष्टि की जाती है। ठंड बढ़ने से डेंगू का मच्छर मर जाता है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी राहत बनी रहेगी। वहीं डोर टू डोर जागरूकता की जा रही है। जिसके तहत डेंगू के मच्छरों को समाप्त करने के लिए दवाईयां डाली जा रही है।

# खूंखार अपराधियों की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कराएं

### एसीएस गृह टीवीएसएस प्रसाद कर रहे थे चिन्हित अपराधों की समीक्षा

### कहा, सभी केसों को फास्ट्रेक मोड पर सुनवाई करवाएं


डीसी विक्रम सिंह विडियों कान्फ्रेंस एसीएस गृह टीवीएसएस प्रसाद को जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराधों की जानकारी देते हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एसीएस** गृह टीवीएसएस प्रसाद ने कहा कि चिन्हित अपराधों में आन लाइन कनविक्शन होने पर हर महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाना सुनिश्चित करें। ताकि जनता को पता चलता रहे कि अपराध करने की क्या सजा मिलती है। साथ ही खूंखार अपराधियों की सुनवाई भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए करवाएं।

जिससे सरकार का कीमती समय और साधन बर्बाद ना हो। एसीएस गृह टीवीएसएस प्रसाद गत सायं विडियो कान्फ्रेंस के जरिये जिला वार चिह्नित अपराधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में अभी तक 9 केस अंडर ट्रायल चल रहे हैं, परन्तु अभी एक में भी कनविक्शन नहीं हुई है। एसीएस गृह टीवीएसएस प्रसाद वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए हैं कि सभी केसों को फास्ट्रेक मोड पर सुनवाई करवाने की कोशिश करें।

हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एसएस प्रसाद ने कहा कि हरियाणा में जिला स्तरीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर अक्टूबर 2018 में योजना शुरू होने के बाद से राज्य स्तरीय समिति द्वारा मामलों का चयन किया गया है। इसके साथ उन्होंने कहा कि यह योजना बेहद गंभीर और सनसनीखेज अपराधों की पहचान करने के लिए शुरू की गई थी, जो एक संस्थागत तंत्र के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों की सजा को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और उचित परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए जनता के मानस पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह ने एक-एक करके जिला वार राज्य स्तरीय समिति ने चिन्हित अपराध के तहत चयनित मामलों की सुनवाई में हुई प्रगति की समीक्षा की और अभियोजन में आने वाली बाधाओं की पहचान की और सुधारात्मक उपाय किए। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एसएस प्रसाद ने कहा कि चिन्हित अपराध के तहत चयनित मामलों का जिला स्तर पर पालन किया जा रहा है। ताकि आरोपियों की दोष सिद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और उचित सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रसाद ने चिन्हित अपराध योजना के तहत विभिन्न मामलों की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी अवगत कराया गया कि चयनित मामलों में से कुछ मामलों का निर्णय न्यायालयों द्वारा किया गया है।

विडियो कान्फ्रेंस में जिला फरीदाबाद के चिन्हित केसों की सुनवाई के बारे में डीसी विक्रम सिंह ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विडियो कान्फ्रेंस में डीसी विक्रम सिंह, जेल अधीक्षक जय किशन छिल्लर, डीए सत्येंद्र सहित बैठक से जुड़े अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में 8 शिकायतें की निस्तारित


मंडलायुक्त विकास यादव जिला लोक संपर्कएवं परिवाद समिति की बैठक में शिकायतों का निपटारा करते हुए, साथ में है डीसी विक्रम सिंह व अन्य अधिकारी गण।

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

फरीदाबाद मंडलायुक्त विकास यादव की अध्यक्षता में आज बुधवार 4 बजे जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में रखी गई कुल 14 शिकायतों में से 8 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया वहीं 6 शिकायतें पेंडिंग रखी गई हैं। इनमें से 3 शिकायतें पुरानी थी और 11 शिकायतें नई थी।

मंडल आयुक्त विकास यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में डिवीजन लेवल पर विजिलेंस कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि मण्डल स्तर के अलावा जिला स्तर व सब डिविज़न स्तर पर भी विजिलेंस कमेटियां बनाई गई है। जहां भी विकास कार्य चल रहे हैं और उनमें कोई कमी मिलती है तो विजिलेंस कमेटी के संज्ञान में लाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो विजिलेंस कमेटी को दो। ताकि ग्रीवेंस में आने वाली शिकायतों का निपटारा पहले ही किया जा सके। जो कि उप मंडल अधिकारी बड़खल व जिला नगर योजनाकार इंफोर्समेंट से संबंधित है। दूसरी शिकायत सुभाष शर्मा निवासी जेजे कैम्प, प्रसाद नगर की शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से संबंधित है। तीसरी शिकायत जिला नगर योजनाकार इंफोर्समेंट विभाग से सम्बंधित है। यह शिकायत श्री सुरजीत सिंह तंवर निवासी सेक्टर 82 85 की है। वहीं चौथी शिकायत के शिकायतकर्ता श्री धर्म सिंह निवासी गांव झाड़सेतली की शिकायत क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित, पांचवी शिकायत रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 62 ने रखी है।

# अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड डेवलपमेंट सेंटर का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दाऊदी** बोहरा समुदाय और दीपालय ने मिलकर आज नई दिल्ली स्थित गरीब बस्ती-संजय कॉलोनी में जरूरतमंद बच्चों के लिए प्रोजेक्ट राइज-अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य वंचित बच्चों को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता के साथ-साथ शिक्षा और कौशल प्रदान करना है। प्रोजेक्ट राइज प्रोग्राम की पहल दाऊदी बोहरा द्वारा की गई है। इस प्रोग्राम के तहत हर वर्ष दो से लेकर छह वर्ष तक की उम्र के लगभग उन 100 बच्चों का समर्थन किया जाएगा, जिनके माता-पिता आसपास के कारखानों और निर्माण स्थलों पर मजदूरी का काम करते हैं।

इस पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए, डॉ. जॉर्ज जॉन, सीईओ, दीपालय, ने कहा, यदि अध्ययनों की मानें, तो पांच वर्ष से कम उम्र के अधिकतर बच्चे जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित रह जाते हैं, जिनमें शिक्षा के अवसरों की कमी, पोषण संबंधी कमियां और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ शामिल हैं। यह कहीं न कहीं बाल विकास पर गहरा असर डालता है। इसकी संवेदनशीलता को समझते हुए, हमने दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ मिलकर नई दिल्ली स्थित संजय कॉलोनी में अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत की है। यह सेंटर न सिर्फ जरूरतमंद बच्चों को सकल मोटर कौशल और कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें छह साल की उम्र तक स्कूली शिक्षा में शामिल होने के लिए तैयार भी करेगा। जॉन ने आगे कहा, इस पहल के तहत



अब तक, 54 बच्चों की पहचान की जा चुकी है। इसके साथ ही सेंटर में उनका नामांकन कर लिया गया है। इसमें शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति भी शामिल है। समग्र विकास के रूप में, यह सेंटर बच्चों के पोषण और बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों पर ध्यान रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

हातिम बद्री, रिप्रेजेन्टेटिव, हिज होलीनेस, नई दिल्ली, ने कहा, हर एक बच्चे को अधिकार है कि उसे अपने समग्र विकास के लिए प्रारंभिक देखभाल और बुनियादी शिक्षा तक पहुँच प्राप्त हो। हम खुशकिस्मत हैं कि हमने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत उन वंचित माताओं-पिताओं का समर्थन करने के लिए की है, जो अपने बच्चों को समय, संसाधन और पोषण संबंधी देखभाल देने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने आगे कहा, दाउदी बोहरा समुदाय के धर्म गुरु, हिज़ होलीनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन हमेशा से ही समाज को जरूरतमंद लोगों के प्रति दया भाव रखने और उनके उत्थान के लिए कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करते रहे हैं।

# कला, खान-पान से परिपूर्ण अनूठे फूड ट्रेल का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हाल** ही में, होटल क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने अपने संरक्षकों, मेहमानों और दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के स्थानीय लोगों के लिए एक अनूठी फूड ट्रेल शाम की मेजबानी की। कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित मेहमानों को सीपीजीएन की हॉस्पिटेलिटी, खान-पान एवं विशिष्टताओं से अवगत कराना था। इस दौरान सभी ने कला, खान-पान का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर की गई, जो कि सीपीजीएन के अतिथि देवो भव: के भारतीय मूल्यों को प्रदर्शित करता है। इसके बाद होटल के महाप्रबंधक, शरद के. उपाध्याय के नेतृत्व में खाद्य और पेय निदेशक, अमित चावला, कार्यकारी शेफ, शेफ सौरभ चंदेल और बिक्री और विपणन निदेशक ऋषभ जैन ने सभी मेहमानों को होटल के अलग-अलग रेस्त्रां का दौरा कराते हुए यहां की विशिष्टता भरी अविस्मरणीय यात्रा करायी। इस यात्रा ने सीपीजीएन की एफएंडबी के प्रति उनके जुनून और अपने संरक्षकों एवं मेहमानों के लिए आतिथ्य की श्रेणी को प्रदर्शित किया। फूड ट्रेल का पहला पड़ाव था स्टाइलिश भोजन और पेय के लिए मनोरम दृश्य पेश करता रेस्त्रां कनेक्शंस। इसके बाद दोहरी व्यंजन अवधारणा आधारित ओरिएंटल और इतालवी विशेषता वाला चाओ बेला! में दोनों दुनिया के बेहतरीन स्वादों को आजमाने और अनुभव करने के लिए खान-पान का प्रदर्शन किया। नाइटलाइफ़ बार और लाउंज, बेल्जियम बीयर कैफे में बीयर के सभी उत्साही लोगों के लिए बेहतरीन



शाम बिताने, काम करने या उत्सव मनाने की अवधारणा दर्शायी गयी। क्राउन प्लाजा की पारंपरिक भारतीय पेशकश स्पाइस आर्ट में पंजाब, दिल्ली और लखनऊ के क्षेत्रों को कवर करने वाले अवधी और मुगलई व्यंजनों से परिपूर्ण मेन्यू वाले रेस्तरां का जायका प्रदान किया गया। यहां पर मौजूद ज्वेलरी प्रदर्शनी और लाइव गजल ने मेहमानों का गदगद किया। यात्रा में अगला पड़ाव मोजेक था। इस बेहतरीन वैश्विक व्यंजन रेस्तरां में भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों के साथ-साथ आरामदायक, अनौपचारिक वातावरण दर्शाया गया। फूड ट्रेल यात्रा ने अगला पड़ाव 'तत्व' पर लिया, जो विशेष अवसरों के लिए एक विशेष ट्रेड है। पहल के बारे में बात करते हुए शरद के. उपाध्याय ने कहा, 'आतिथ्य क्षेत्र में होने के नाते, ऐसी शामों की मेजबानी करना हमेशा खुशी की बात होती है, जहां हम अपने दोस्तों, मेहमानों एवं अन्य के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। सीपीजीएन में हम हर किसी को सर्वोत्तम संभव आतिथ्य प्रदान करने में विश्वास करते हैं और यह फूड ट्रेल इसी विचार के साथ आयोजित की गयी थी।

# सूरजकुंड में होगा गुर्जर समाज का महाकुंभ

### लोक संस्कृति, कला एवं इतिहास का प्रदर्शन करने 13 राज्यों से पहुंचेंगे लोग कलाकार, खिलाड़ी, नेता व अभिनेता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**देश** के 13 राज्यों में अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपने में समेटे गुर्जर समाज पहली बार आर्गनाइज तरीके से खुलकर सामने आ रहा है। इसके लिए 23 व 24 दिसंबर को सूरजकुंड मेला परिसर में गुर्जर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाखों की संख्या में समाज के लोगों के जुटने का दावा किया गया है।

महोत्सव की आयोजक गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के सदस्यों ने आज मीडिया से बात की। इसमें बताया कि गुर्जर समाज की एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है लेकिन किन्हीं कारणों से उनके खिलाफ नकारात्मक प्रोपगेंडा चलाया गया और उन्हें राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक स्तरों पर अलग करने का प्रयास किया गया है, लेकिन आज समाज जाग रहा है और अपने असली स्वरूप को सामने ला रहा है।

**आने वाली पीढ़ी के लिए हो रही सारी कसरत** : आयोजन के संयोजक दिवाकर बिधूड़ी एवं सह संयोजक रोमी भाटी आदि ने बताया कि गुर्जर महोत्सव के जरिए हम आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया चाहते हैं। इसके लिए विद्वानों के सेमिनार, पेंटिंग प्रतियोगिता, व्यंजनों, सांस्कृतिक प्रदर्शनी, महापुरुषों के जीवन पर आधारित स्लाइड शो, नृत्य-संगीत आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

गुर्जर महोत्सव में गुर्जर समाज के स्वतंत्रता सैनानियों, विभिन्न सेनाओं के नायकों और साहित्य की भी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। जिसमें भागीदारी करने के लिए देश के 13 राज्यों में फैले गुर्जर समाज के लोग यहां आ रहे हैं।

**सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर होगी निगाह** : महोत्सव के संयोजक दिवाकर बिधूड़ी ने बताया कि मेला परिसर को सुरक्षित रखने के लिए 500 वालंटियर की नियुक्ति की गई है जो यहां चप्पे चप्पे पर निगाह रखने के साथ साथ आने वालों का मार्गदर्शन करने का काम करेंगे। मेला परिसर में सुरक्षा के लिहाज से ही सीसीटीवी भी लगाने का काम हो रहा है वहीं स्थानीय पुलिस के साथ कोर्डिनेशन के साथ काम किया जा रहा है।

**गैर-राजनैतिक रहेगा गुर्जर महोत्सव** : महोत्सव के सह-संयोजक रोमी भाटी ने बताया कि हम जानते हैं कि गुर्जर समाज को राजनैतिक रूप से नजरअंदाज किया गया है लेकिन यह आयोजन पूरी तरह से गैर राजनैतिक होगा। इसमें समाज के हर वर्ग के व्यक्ति का स्वागत होगा। मेला आयोजन पूरी तरह निशुल्क है, इसमें भागीदारी गुर्जर समाज कर रहा है लेकिन इसमें दर्शक के तौर पर आने के लिए सभी निमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि यह हमारा पहला प्रयास है लेकिन हम हर वर्ष पिछली बार से कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर अनंतराम तंवर, रणबीर चंदीला, हवा सिंह छौंकर, नीतू भड़ाना, तिलक राज बैंसला, ज्ञानचंद भड़ाना, रणदीप चौहान, निरंजन नागर, निर्मल डेढ़ा, रघुबर नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बिजली दफ्तर पर कर्मचारियों ने किया आक्रोश प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** बिजली निगम में दशकों से कार्यरत ठेका कर्मियों को जबरन हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पंजीकरण करवाने के लिए डाकूमेंटस अपलोड करने से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को सर्कल आफिस सेक्टर 23 में आक्रोश प्रदर्शन किया।

सर्कल सचिव कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर ठेका कर्मियों को 31 दिसंबर को नौकरी से निकालने का प्रयास किया तो सभी बिजली कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर सर्कल आफिस पर धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष एवं एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह जागलान, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह बालगुहेर,एएचपीसी वर्कर यूनियन के पूर्व उप प्रधान व किसान नेता सतपाल नरवत, पूर्व सर्कल सचिव अशोक कुमार, लज्जा राम, पूर्व यूनिट के नेता परमाल सिंह,फुलमन भारती, गुरुग्राम सर्कल सचिव सुशील कुमार व यूनिट प्रधान अमरजीत जाखड़, नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खाडिया भी पहुंचे और आंदोलन एवं मांगों का पुरजोर समर्थन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्लेस ऑफ सेफ्टी का सीजीएम ने किया निरीक्षण



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम् चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देश अनुसार आज बुधवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने जिला बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बाल सुधार गृह के किचन का भी निरीक्षण किया गया। जो कि सही पाया गया। इसके साथ साथ शिकायत बक्से को भी खोला गया, जिसमें कोई शिकायत पत्र नहीं मिला। सीजेएम सुकीर्ति गोयल बाल सुधार गृह में रह रहे 66 किशोरों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 135 किशोरों से रूबरू भी हुई। उन्होंने उनकी समस्याओं को बारिकी से जाना और उनके समाधान करने बारे अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सुपरिटेंडेंट बाल सुधार गृह चंद्रपाल, डिप्टी सुपरिटेंडेंट प्रमोद शर्मा व पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, व रामवीर तंवर भी मौजूद रहे।

### एनएचपीसी में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**फरीदाबाद।** एनएचपीसी चिकित्सा विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में वेंकटेश्वर अस्पताल, द्वारका, नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान हृदय रोग, स्त्री रोग, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी, आहार योजना आदि पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया तथा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी आदि की जांच भी निःशुल्क की गई। शिविर में जरूरतमंद लोगों को निश्शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। एनएचपीसी के कार्मिकों/सेवानिवृत कार्मिकों/संविदा कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों तथा कुछ स्थानीय लोगों सहित कुल 215 लोग इस चिकित्सा शिविर से लाभान्वित हुए।

### एटक का महाअधिवेशन सम्पन्न हुआ



**फरीदाबाद।** पांच दिन के बाद एटक का 42 वां महा अधिवेशन अल्लापूजा केरल में संपन्न हो गया। सभी साथी जिस स्टेडियम से कान्फ्रेंस हो रही थी, वहां से निकल कर के होटल के बाहर बैठे हुए नजर आए। इस बारे में जानकारी देते हुए बेचु गिरी ने बताया कि राष्ट्रीय महा अधिवेशन के अंतिम दिन हरियाणा से नौ साथियों को राष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय कार्यकारिणी और पदाधिकारी चुना गया है। इसमें कामरेड पहल सिंह तंवर कैथल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेचू गिरी फरीदाबाद व कामरेड अनिल पवार गुरूग्राम को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिया गया है। इनके अलावा कॉमरेड हरभजन सिंह यमुनानगर, कॉमरेड दरियाव सिंह पानीपत ,कॉमरेड दिलबाग मलिक गोहाना, कामरेड जयवीर सिंह भिवानी, कॉमरेड अजय कुमार रेवाड़ी, कामरेड सतपाल नैन गुरुग्राम को राष्ट्रीय परिषद में लिया गया है। कुर्सिओ पर बैठे ये सभी साथी हरियाणा डेलिगेशन में से राष्ट्रीय परिषद, कार्यकारिणी व पदाधिकारी के तौर पर चुने गए हैं।

### कल सुबह सात बजे खोरी पहुंचेंगे राहुल गांधी

**फरीदाबाद।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का फरीदाबाद में 23 दिसंबर को पहुंच रही है। जिसको लेकर फरीदाबाद में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि यात्रा 23 दिसंबर सुबह छह बजे सोहना के गांव हरचंदपुर से चलना शुरू करेगी। राहुल गांधी के साथ बड़ी संख्या में प्रदेश स्तर के नेता इसमें साथ चलेंगे। यात्रा का स्वागत सुबह 07 बजे गांव खोरी में जोर शौर से किया जाएगा। खोरी गांव से यात्रा चलने के बाद गांव सिरांही, गांव आलमपुर, गांव धौज से होते हुए गांव पाखल में विश्राम करेगी। जनसम्पंर्क अभियान के तहत विधायक नीरज शर्मा ने गांव खोरी, गांव सिरोंही, गांव आलमपुर, गांव धौज, गांव कोट, गांव मांगर, गांव पाखल, गांव पावंटा, गांव नांगला, संजय कालोनी, सै-55, नगंला इन्कलेव, डबुआ कालोनी, जवाहर कालोनी, गांव गौछि, जीवन नगर में जनसम्पंर्क कर विधानसभा के निवासियों को यात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि यात्रा को लेकर लोग काफी उत्साहित है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा का संदेश यह है कि भारत को बांटा नहीं जा सकता और नफरत नहीं फैलाई जा सकती।

### साइबर फ्रॉड कर खाते से पैसे निकालने वाले गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुरेन्द्र सिंह कि टीम ने साइबर फ्रॉड कर खाते से पैसे निकालने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अतर सिंह है आरोपी बल्लभढ़ के गांव शाहपुर कलॉ का रहने वाला है। आरोपी एक वर्ष पहले सेक्टर-15 एसबीआई बैंक में एजेंट की प्राईवेट नौकरी करता था। शिकायतकर्ता पटमल एक अनपढ़ व्यक्ति है। पटमल एमसीएफ में सफाई कर्मचारी है। पटमल करीब एक वर्ष पहले सेक्टर-15 एसबीआई बैंक में खाता खुलवाने के लिए गया था। जहां आरोपी ने खाते के फार्म में अपना फोन नम्बर दे दिया था। अब आरोपी को पटमल के खाते की पूरी जानकारी रहती है। आरोपी ने एटीम मशीन से ओटीपी से 1,50,000/-रु निकालकर साइबर फ्रॉड की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी के खिलाफ पटमल ने थाना एसजीएम नगर में शिकायत दी जिस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम को मिली। जिसमें कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को साइबर फ्रॉड के मामले में बल्लबगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 150000/- निकाले थे जिसमें से 85000/-रुपये नगद बरामद कर लिए गए है। आरोपी से पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई है।

### अधिकारियों के शोषण के विरोध में एकजुट हुए कर्मचारी

**फरीदाबाद।** टूरिज्म कर्मचारी संघ, फरीदाबाद ने होटल सनबर्ड, सूरजकुंड के पार्क में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के भेदभावपूर्ण, कर्मचारियों के शोषण विशेषकर कौशल रोजगार निगम में भर्ती कर्मचारियों को नौकरी से निकालने तक की धमकी देने के बारे, ड्यूटी पर होते हुए एबसेंट लगाने बारे आदि मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। यदि प्रशासन संगठन के प्रति विभेदकारी नीति का परित्याग नहीं करता है तो भारी संख्या में विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही पर्यटन मंत्री जी के साथ बैठक की उपलब्धि सबके सामने रखीं गई। इसमें एचआर, एलटीसी आदि मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एमडी टूरिज्म को निर्देशित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु शंकर ने की ओर इसमें कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा टूरिज्म महेन्द्र सिंह नरवाल, सुभाष चंद्र उपाध्याय,अक्षय राणा, सुभाष भड़ाना, प्रदेश अध्यक्ष बाबू भड़ाना, नीरज त्यागी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद एवं आर सी कटोच जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। आरसी कटोच ने कहा कि कर्मचारी हनुमान जी की तरह होता है अपनी शक्ति से अन्जान। कर्मचारी जब अपने अधिकारों को जानकर संगठित संघर्ष करते हैं तो सब सरकार उन्हें अनसुना नहीं कर सकती हैं। टूरिज्म फरीदाबाद में जो अधिकारी संगठन को कर्मचारी हितों की उपेक्षा कर रहे हैं।

## भारतीय राजनीति

### अशोभनीय टकराव

**जब** अंग्रेज भारत आए तब भारतीय शासक एक दूसरे से लड़ रहे थे और आज जब चीन अपनी आक्रामकता दिखा रहा है, तब भी वे आपस में लड़ रहे हैं। यह अशोभनीय टकराव भारतीय राजनीति के लिए हानिकारक हो सकता है। भारत में बच्चों को स्कूल में पढ़ाया जाता है कि देशवासियों व खासकर शासकों के बीच एकजुटता न होने के कारण हमलावरों ने बार-बार हमें गुलाम बनाया जिनमें तुर्क, मंगोल व अंग्रेज शामिल थे। जब शक्तिशाली दुश्मन भारत पर कब्जा करने के लिए नजरें गड़ाए थे, भारतीय राजा एक दूसरे से लड़ रहे थे। सरकार और विपक्ष के बीच जारी वर्तमान टकराव हमें अतीत की याद दिलाता है। उन्नीसवीं शताब्दी के फ्रांसीसी लेखक व पत्रकार जीन बैपटिस्टे एल्फोंस कार ने कहा था, 'चीजें जितनी बदलती हैं, वे उतनी ही समान बनी रहती हैं।' कम से कम भारत में यही स्थिति लगती है। भारत और वास्तव में दुनिया के सभी लोग जानते हैं कि दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली दुष्ट देश चीन भारत को हर संभव तरीके से नीचा दिखाना चाहता है। कुख्यात 'बेल्ट एंड रोड' पहल के सैन्यीकरण से लेकर सीमा पर झगड़ा शुरू कर वह हमें परेशान करने और नुकसान पहुंचाने के सभी प्रयास करता है। ऐसे में हमारे राजनेता क्या कर रहे हैं? क्या वे अपने मतभेद दूर कर ड्रैगन से मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं? ऐसा नहीं है। ऐसे समय जब उनको अपने मतभेद भुला कर एक संयुक्त मोर्चा बनाना चाहिए वे एक दूसरे से लड़ रहे हैं। अपने पूर्वजों की तरह हमारे शासक चीनी आक्रामकता के बहाने एक दूसरे पर प्रहार कर रहे हैं।

संसद में गतिरोध अब आम हो गया है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की विवादास्पद टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा। राजस्थान के अलवर में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में खड़गे ने कहा था कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने आजादी दिलाई और बाद में उसके नेता, जैसे इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपने जीवन बलिदान कर दिए। उन्होंने कहा, 'क्या घर में उनका कोई कुत्ता भी देश के लिए मरा? इसके बावजूद वे अपने देशभक्त होने का दावा करते हुए हमें देशद्रोही कहते हैं।' खड़गे ने इस पर भी नाराजी जताई कि सरकार ने चीन के साथ सीमा पर टकराव के मुद्दे पर संसद में चर्चा की अनुमति नहीं दी, जिसमें कई भारतीय सैनिक घायल हो गए, हालांकि उनमें से कोई गंभीर नहीं है। भले ही कांग्रेस अध्यक्ष के इस तर्क में कुछ दम हो कि सरकार को चीनी आक्रामकता पर संसद में बहस व चर्चा पर लगाम नहीं लगानी चाहिए, लेकिन 'कुत्ते' वाली टिप्पणी से उन्होंने अपनी गरिमा गिराई है। किसी वरिष्ठ नेता द्वारा अपनी बात रखते समय ऐसी टिप्पणी अशोभनीय है। सरकार और भाजपा नेताओं ने स्वाभाविक रूप से इस पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की जिससे चीनी आक्रामकता पर सारे राजनीतिक वर्ग को एकजुट करने का काम प्रभावित हुआ। 60 साल पहले हुए भारत-चीन युद्ध में भारत को काफी नुकसान उठाना पड़ा था और उसकी इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। हालांकि, आज भारत 1962 की तुलना में काफी मजबूत है तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सदन में भारत की स्थिति व प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर दी है, लेकिन चीन भी पहले की तुलना में मजबूत हुआ है। भाजपा लगातार चीन के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रही है। उसने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से मिले 'दान' पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, यदि इस मामले में देशद्रोह नहीं, बल्कि कोई अनियमितता हुई है तो भी दोषियों को जेल के सीखचों के पीछे भेजा जाना चाहिए। यह प्रकरण सामने आने के बाद राजीव गांधी फाउंडेशन पर एफसीआरए कानून के अंतर्गत विदेशी चंदा लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जो अभी जारी है। वर्तमान समय में जारी राजनीतिक टकराव से लगता है कि हमारे राजनेताओं ने अतीत से कोई सबक नहीं सीखा है।



# नेपाली राजनीति के प्रति भारतीय तटस्थता

**भारत वैश्विक दक्षिण में एक स्वाभाविक स्वर तथा दक्षिण एशियाई पड़ोसियों का लंबे समय से विकास साझीदार है। नेपाल में सरकार गठन के प्रति उसे तटस्थ रहना चाहिए।**



**नविता श्रीकांत**
(लेखिका राजनीति विश्लेषक हैं)

नेपाल में हाल ही में हुए चुनावों से राजनेताओं को नया जनादेश मिला है और वहां जीवन्तता आई है। मतदाताओं ने परंपरागत पार्टियों के विकल्प तथा नेपाली संविधान में मिश्रित स्वर तलाशने के प्रयास किए जिनमें संघवाद, मधेसी व थारू जैसे समुदायों का कम प्रतिनिधित्व तथ संवैधानिक राजतंत्र की वापसी जैसे सवाल शामिल थे। लेकिन अभी कोई नहीं कह सकता है कि वर्तमान समय में जारी राजनीतिक उठापटक का भविष्य में नेपाल पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

हालांकि, महत्वपूर्ण नेताओं, जैसे शेर बहादुर देउबा, के.पी. ओली, पुष्प कमल दाहल 'प्रचंड', माधव कुमार नेपाल व महंत ठाकुर ने अपनी स्थिति बनाए रखी है, पर नए राजनीतिक नेताओं व उनके समर्थकों ने भी अपनी स्थिति मजबूत की है। इनमें तेजतर्रार मीडिया व्यक्तित्व व राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के रबी लमिछाने तथा जनमत पार्टी के सी.के. राउत शामिल हैं जो एक समय स्वतंत्र मधेस देश की पैरोकारी करते थे। उन्होंने अलगाववादी आंदोलन छोड़ दिया और ओली सरकार के साथ हुए समझौते के अंतर्गत मुख्यधारा राजनीति में शामिल हो गए। उन्मुक्ति पार्टी की विजय से थारू समुदाय, खासकर पश्चिमी तराई के स्वर स्पष्ट व तेज हुए हैं जिसका नेतृत्व जेल मं बंद रेशम चौधरी कर रहे थे। एक और महत्वपूर्ण तत्व यह है कि ये चुनाव 'नेपाली स्वामित्व' वाले थे, हालांकि उत्तरी या दक्षिणी पड़ोस से इनका प्रभावित करने के कुछ प्रयास हो सकते हैं।

लेकिन चुनावों के बाद नेताओं ने प्रधानमंत्री पद पर अपने दावे मजबूत करने के लिए दिल्ली और बीजिंग से संपर्क किया। क्या यह संप्रभुता का उल्लंघन नहीं है? अच्छा होगा कि अंतरराष्ट्रीय साझीदार ज्यादा हस्तक्षेप न करें क्योंकि अतीत के अनुभवों से स्पष्ट है कि भले ही नेपाली सेना कुछ झुकाव प्रदर्शित करें, पर अन्तत: वे राष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाते हैं। विभाजित जनादेश के बावजूद सत्तारूढ़ गठबंधन की वापसी संभव है जिसमें नेपाली कांग्रेस, माओवादी सेंटर व अन्य शामिल हैं। उनकी सोच बदलने की ज्यादा संभावना नहीं है क्योंकि इससे नागरिक प्रसन्न नहीं होंगे पिछले दो साल में गठबंधन सरकारों की विफलतायें सामने आई हैं। हालांकि, गठबंधन का नेतृत्व नेपाली कांग्रेस-एनसी के नेता शेर बहादुर देउबा कर रहे थे, पर वास्तव में उनको संचालित करने वाली लगाम सीपीएन-माओवादी प्रमुख दहल के हाथ में थी। यदि एनसी सरकार का नेतृत्व करती है तो महत्वपूर्ण रूप से वह प्रमुख मंत्रालय अपने पास रखेगी ताकि नेपाल की आर्थिक प्रगति की संगति सुशासन से बैठाई जा सके।

उल्लेखनीय है कि के.पी. ओली की सीपीएन-यूएमएल का प्रदर्शन एनसी के समान है और दोनों पार्टियां लोगों की पहली पसंद हैं। प्रत्यक्ष चुनावों में एनसी थोड़ा पीछे रही, लेकिन समानुपातिक प्रतिनिधित्व में यूएएमएल को थोड़ी बढ़त मिली जिनकी संख्या संसद में 40 प्रतिशत है। यदि चुनाव-पूर्व गठबंधन बनाए रखा जाए तो यूएमएल के पास सरकार बनाने योग्य संख्या नहीं होगी। लेकिन अनुमान लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस और यूएमएल सरकार बनाने के लिए एकसाथ आ सकते हैं जिससे राजनीतिक स्थायित्व की भावना पैदा हो सकती है। भारतीय पक्ष तथा भारतीय मीडिया में आमतौर से एक प्रकार की अनिच्छा दिख रही है। वे ओली-नीत सरकार या कांग्रेस के साथ यूएमएल का गठबंधन नहीं चाहते हैं। यह व्यावहारिकता के प्रति संकुचित दृष्टिकोण है जिसमें यह तथ्य भुला दिया जाता है कि ओजी-नीत सरकार में प्रमुख भारत-नेपाल राष्ट्रीय पहलें की गई थीं। पार्टी ने साझा हितों के मामलों में भारत-नेपाल सहयोग का समर्थन किया था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि जब 2015-2017 में भारत-नेपाल संबंधों पर दबाव था, तब बीजिंग की नेपाल पर पकड़ नहीं थी। नई दिल्ली को यह समझना जरूरी है कि ओली सरकार में तनाव की कुछ घटनाओं का कारण समुचित संदर्भ के साथ था और उनको अलग-थलग कर नहीं देखा जा सकता है। यह बात समझ में आती है कि भारत को नेपाल में चीन के बढ़ते असर से चिन्ता होती है, लेकिन उसे यह तथ्य भी ध्यान में रखना चहिए कि नेपाली नेतृत्व के साथ राजनीतिक समझदारी के मामले में भारत की स्थिति बेहतर है। बीजिंग भी भारत और नेपाल के बीच राजनीतिक संबंधों की गहराई स्वीकार करता है। चीन की मुख्य चिन्ता नेपाली क्षेत्र में तिब्बत संबंधी चीन-विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाना है। इसके साथ ही वह काठमांडू और दिल्ली के बीच ऐतिहासिकता तथा विशिष्ट गतिशील संबंधों को स्वीकार करने का इच्छुक हो सकता है। पश्चिम व खासकर अमेरिका की गतिवधियों में वृद्धि के पहले नेपाल चीन के लिए प्राथमिकता नहीं थी। चीन ने समझ लिया था कि नेपाल में भारत व उसके हित एक दूसरे को आच्छादित नहीं करते हैं तथा नेपाल भी चीन के साथ ऐतिहासिक संबंधों व भारत के साथ सभ्यतामूलक संबंधों का सम्मान करता है। नेपाल अपने दोनों पड़ोसियों का सम्मान करता है, पर भाषा, भोजन, संस्कृति, परंपराओं व भूगोल के कारण नेपाल व भारत के संबंध स्वाभाविक रूप से अनायास ही मजबूत हैं।

यह राजनयिक खोज का नया विषय है कि क्या मध्य हिमालय में अमेरिका की बढ़ती दिलचस्पी व गतिविधियां भारत, नेपाल व चीन के बीच त्रिकोणीय गत्यात्मकता को प्रभावित करेंगी। एक प्रकार के भारतीय पर्यवेक्षकों का विश्वास है कि बढ़ती अमेरिकन उपस्थिति से भारतीय हितों की रक्षा होगी। लेकिन नेपाल में बढ़ते अमेरिकी प्रभाव का नतीजा चीन को नाराज करने तथा भारतीय हितों की अनदेखी के सिवा और कुछ नहीं हो सकता है। हमने अतीत में देखा है कि छोटे देशों में अमेरिका की दिलचस्पी टिकाऊ नहीं रहती है और थोड़े ही समय में उसमें एक प्रकार की थकावट आ जाती है। भारत वैश्विक दक्षिण का स्वाभाविक स्वर है और उसकी दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के साथ लंबे समय से साझीदारी रही है। ऐसे में नई दिल्ली को नेपाल के किसी भी क्षेत्र में अमेरिका की सहायता करने की जरूरत नहीं है। नेपाल-भारत संबंधों के लिए लगातार 'सभ्यतामूलक संबंधों' का प्रयोग बहुत समझदारी की बात नहीं है। दूसरा यथार्थ यह है कि एक संप्रभु देश हमेशा दूसरे के प्रति संदेह रखता है, लेकिन दोनों पड़ोसियों द्वारा इस प्रकार के स्वस्थ टकराव का सम्मान किया जाना चाहिए। इससे उम्मीदों व प्रदर्शन के मामले में दोनों पड़ोसी सतर्क रहते हैं। यह परिवार में भाई-भाई के बीच बने संबंध की तरह है।

हाल ही में जब अंतिम परिणाम आने के पहले ही नेपाल में भारतीय राजदूत की वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक पर नेपाली मीडिया ने आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया तब एक स्वाभाविक सवाल पैदा हुआ कि 'क्या भारत को अपने हितों की रक्षा की जरूरत है?' निश्चित रूप से व्यापकता या गहनता के दृष्टिकोण से इसकी जरूरत नहीं है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक गठबंधन और विचारधारा नेपाल-भारत संबंधों का निर्णय नहीं करते हैं। नेपाली राजनीतिक पार्टियां भारत की लोकतांत्रिक पार्टियों से जुड़ी हैं। इसलिए सरकार गठन को अनुचित रूप से प्रभावित करने के प्रयासों के पहले इन जुड़ावों की शक्ति समझनी चाहिए। बेचैनी अनावश्यक है और नई दिल्ली को किसी प्रमुख दल के समर्थन के लिए तैयार रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में अपनी पहली यात्रा के दौरान नेपाल से गहरे संबंध विकसित किए थे। इसके बाद जो कुछ भी हुआ उसके बावजूद उनका नेपाल में सम्मान दोनों राष्ट्रीय समाजों के बीच आध्यात्मिक संबंधों के कारण बना हुआ है। इसका कारण मोदी का बढ़ता हुआ अंतरराष्ट्रीय कद भी है। इसलिए एक विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नेपाल की समृद्धि का दरवाजा खोल सकता है। नेपाली राजनीति को विकसित होने तथा उसे नेपाल की अर्थव्यवस्था के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने का अवसर मिलना चाहिए। नेपाली नौजवानों को आगे आने तथा रोजगार सृजन के माध्यम से भविष्य की उम्मीदें पूरी करने का अवसर मिलना चाहिए। नई दिल्ली को उत्तर से खुली सीमा की चिन्ता करने की जरूरत नहीं है जो दशकों से खुली है।




# तमिलनाडु में वंशवाद का विस्तार



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

तमिलनाडु में वंशवाद को नया विस्तार मिला है। यहां द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक की तीसरी पीढ़ी नेतृत्व संभालने को तैयार हो रही है। द्रमुक संस्थापक करुणानिधि ने बड़े सुनियोजित तरीके से अपने बेटे स्टालिन को वारिस बनाया था। अन्नाद्रमुक नेता सुश्री जयललिता के निधन के बाद स्टालिन ने सरकार बना कर अपनी प्रतिभा और क्षमता सिद्ध कर दी है। अब उन्होंने अपने बेटे उदयनिधि स्टालिन को उसी प्रकार सुनियोजित ढंग से वारिस बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है जैसा उनके पिता ने उनके मामले में किया था। इससे भाजपा के सामने भी सवाल उठते हैं जो लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वंशवाद का विरोध कर रही है। एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि अब एक ऐसे मंत्री हैं, जिनकी डीएमके कार्यकर्ताओं ने पार्टी में शामिल होने और भविष्य के मुख्यमंत्री के रूप में जय-जयकार की है। भाजपा ने पिछले आठ वर्षों में कांग्रेस को कमजोर किया है, लेकिन क्या वह प्रभावशाली क्षेत्रीय नेताओं की बढ़ती संख्या को कम कर सकती है जो 2024 के चुनावों में प्राथमिक चुनौती देने वाले होंगे? जुलाई में हैदराबाद कार्यकारिणी की बैठक में बीजेपी ने परिवारवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। हालांकि, निराशा की बात यह है कि एक और वंशवादी सदस्य इस सप्ताह तमिलनाडु में मंत्री बन गया है। यह हैं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि, जिन्होंने हाल ही में खेल मंत्री का पद संभाला है।

तमाम सारी अटकलों के बाद, कि स्टालिन अपने बेटे को अभी या बाद में आगे लेकर आएंगे या नहीं, स्टालिन ने बुधवार को उदय का मंत्री के रूप में अभिषेक किया। 45 वर्षीय फिल्म स्टार से राजनेता बने उदय के लिए यह एक त्वरित प्रचार था। उदय (जैसा कि उन्हें पुकारा जाता है) डीएमके के संरक्षक दिवंगत एम करुणानिधि के परिवार से तीसरी पीढ़ी के राजनेता हैं। वह पार्टी-परंपरा से दूर चले गए थे और अक्सर वंशवाद की राजनीति को बनाए रखने के लिए उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। उदयनिधि ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत, 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करके की थी। बाद में उन्होंने यूथ विंग के सचिव के रूप में, जिस पद पर कभी स्टालिन थे, राज्य का दौरा किया। 2021 के विधानसभा चुनावों में, उदय ने पिछले दिनों अपने दादा की प्रतिष्ठित चेपक तिरुवल्लिकेनी सीट जीती थी। डीएमके को चुनाव में शानदार जीत मिली, जिससे उधय को पार्टी में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिली। उदय पहली बार विधायक बने और अब मंत्री हैं।

उदय ने उतार-चढ़ाव भरी राजनीति में प्रवेश करने से पहले फिल्मों में अभिनय किया और फिल्म वितरण व्यवसाय में हाथ आजमाया। उनकी रेड जाइंट मूवीज फिल्म निर्माण और वितरण में एक सफल नाम है और इसका लगभग एकाधिकार है। वर्तमान में, उदय को चार महत्वपूर्ण वर्गों से समर्थन मिला है। सबसे पहले, डीएमके कार्यकर्ता उनके शामिल होने की प्रशंसा करते हैं और भविष्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी जय-जयकार करते हैं। उनकी इतनी जल्दी पदोन्नति पर कार्यकर्ताओं की ओर से कोई सुगबुगाहट नहीं थी। दूसरी बात यह है कि उदय का फिल्म से राजनीति में संक्रमण सुचारू रूप से चला, जैसा कि शपथ ग्रहण के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता उन्हें सचिवालय में उनके कमरे तक ले जाने के लिए कतार में लगे थे। तीसरा मीडिया है। इतनी तीव्र ऊंचाई को लेकर कुछ के द्वारा भौंहें चढ़ाने के बावजूद, उदय को शत्रुतापूर्ण प्रेस का सामना नहीं करना पड़ा।

चौथा, आम जनता ने कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया नहीं दिखाई। बेशक, विपक्षी दलों ने अपने बेटे को जल्दी लाने को लेकर स्टालिन की आलोचना की। उदय स्टालिन के लिए फायदे का सौदा होंगे या नुकसान का? यह सब उनके काम पर निर्भर करता है। पार्टी और जनता उदय के हर कदम की जांच करेगी। फिलहाल उन्होंने परिपक्वता दिखाई है, उन्हें अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें अपने फायदे का उपयोग करना चाहिए और विवादों से बचना चाहिए। वह युवाओं को उत्साहित कर सकते हैं। स्टालिन 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से एक प्रमुख विपक्षी नेता के रूप में उभरे हैं। पार्टी प्रमुख (अपने पिता की मृत्यु के बाद)बनने से पहले उन्हें एक लंबा इंतजार करना पड़ा था। कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाएं सामने आईं, खास तौर पर 2016 और 2017 में पूर्व मुख्यमंत्रियों जयललिता और करुणानिधि के निधन के बाद। स्टालिन अपने धड़े को एक साथ रखने में सक्षम हुए जबकि एआईएडीएमके चार धड़े में विभाजित हो गई, क्योंकि जया अपने उत्तराधिकारी का नाम नहीं घोषित कर गईं। अपने खिलाफ कोई मजबूत विरोध नहीं होने के कारण स्टालिन आसानी से आगे बढ़ रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि भारत में परिवारिक शासन की घटना में राष्ट्रीय दल सबसे आगे हैं। मुट्ठी भर कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर, 50 प्रासंगिक पार्टियों में से सात या आठ, बाकी वंशानुक्रम की राजनीति करती हैं। भाजपा कोई अपवाद नहीं है। बीजेपी की रणनीति है कि या तो क्षेत्रीय मुखियाओं को कमजोर किया जाए या उन्हें सहयोगी के रूप में शामिल किया जाए, लेकिन कांग्रेस इस सूची में सबसे ऊपर है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, कई प्रभावशाली वंशवादी परिवार उभरे हैं। कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती, पंजाब में बादल और कैप्टन अमरिंदर सिंह, राजस्थान और मध्य प्रदेश में राजे व पायलट, और उत्तर प्रदेश तथा बिहार में यादव। कर्नाटक में गौदास और बोम्मई, तमिलनाडु में करुणानिधि और रामदास, और तेलंगाना व आंध्र प्रदेश में राव और रेड्डी उल्लेखनीय हैं। मोदी ने कांग्रेस को पहले ही कमजोर कर दिया है। अब अनेक राजनीतिक दलों में जड़ें जमाए अन्य राजवंशों या वंश-परिवारों से निपटना मोदी की अगली बड़ी परियोजना होगी। अधिकांश क्षेत्रीय दल उनके नेताओं की व्यक्तिगत छवि के आधार पर बनते हैं और वे अपने बेटे-बेटियों व अन्य रिश्तेदारों को वंश के रूप में आगे बढ़ाते हैं। उत्तर भारत समेत देश की अनेक क्षेत्रीय पार्टियां वंशों पर आधारित हैं। वंश-परिवार से आए नेताओं को आगे बढ़ने में आसानी होती है, उनको पार्टी में कोई विरोध नहीं सहन करना पड़ता है, अपनी पहचान बनाने में परिश्रम नहीं करना पड़ता है तथा वे आमतौर से जातीय समीकरणों का लाभ उठाते हैं। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम और राजस्थान में 2023 में विधानसभा चुनाव होंगे। यह चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि इन क्षेत्रीय मुखियाओं का अपने मजबूत मतदाताओं पर गहरा प्रभाव है। भाजपा ने निपटने के लिए आठ या नौ प्रमुख राजनीतिक परिवारों की पहचान की है। भाजपा को दक्षिण में मजबूत होने की जरूरत है। पांच दक्षिणी राज्यों से 129 सीटें हैं, और भाजपा के पास केवल 29 हैं। वर्तमान में, तमिलनाडु में इसके चार विधायक हैं (एआईएडीएमके पर सवार) और आंध्र प्रदेश या केरल में कोई नहीं है। तेलंगाना के तीन विधायक हैं। कर्नाटक भाजपा का दक्षिण भारत में प्रवेश द्वार माना जाता है जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा को यहां अपनी सरकार फिर बनाने की उम्मीद है क्योंकि उसकी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पहले की तुलना में काफी कमजोर हो गई है तथा उसमें कई गुट हैं।

मोटेतौर से देखा जाए तो वंशवादी राजनीति के सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष, दोनों हैं। विडंबना यह है कि जहां पारिवारिक संबंध किसी नेता के लिए एक फायदा हो सकता है और उसे वह राजनीति में एक प्रवेश दे सकता है, वहीं सफलता प्रत्येक वंशवादी सदस्य की व्यक्तिगत क्षमता, राजनीतिक कौशल तथा तत्कालीन परिस्थितियों पर निर्भर करेगी। यह एक चमत्कार है कि कैसे लोग नदारद रहने वाले राजनीतिक परिवारों में और उनसे परे जाकर उनके पंसदीदा परिवारीजनों के लिए मतदान करते हैं। वैसे वंशवाद के आधार पर चुनाव मैदान में उतरे नेताओं को जनता की अदालत में खुद को साबित करना होगा। इनमें से अनेक अतीत में विफल भी हो चुके हैं। वंशवाद तभी मिटेगा जब हमारा युवा लोकतंत्र परिपक्व होगा। तब तक हमें इंतजार करना होगा।

## आप की बात

### खड़गे का बयान

**140 करोड़** जनसंख्या वाले बड़े देश के राष्ट्रीय दल के अध्यक्ष से जनता, मीडिया एवं अन्य राजनैतिक दलों को बिलकुल भी ऐसी अपेक्षा नहीं होती, जैसा व्यवहार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने शब्दों के माध्यम से किया है। जबकि सर्वविदित है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं की हत्या के पीछे उनका स्वपोषित आतंकवाद था जिसका उन्हें शिकार होना पड़ा, हालांकि वो घटनाएं दु:खद थीं और भावनात्मक रूप से जनता द्वारा उसका लाभ भी कांग्रेस ने प्राप्त किया एवं वर्षों तक देश पर राज किया। परन्तु कालांतर में राग दरबारियों पर अत्यधिक विश्वास का खामियाजा भी कांग्रेस ने भुगता, समय बड़ा बलवान होता है और समय के साथ बढ़ते अहंकार का जब जनता को बोध हुआ तो उन्होंने नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा को अवसर दिया। कांग्रेस के पतन का कारण अधिकतर जानकार उनके अहंकार और जमीनी संघर्ष से अछूता रहने को मानते हैं। अपनी भाषा में सत्ताधारी दल के लिए कुत्ते जैसे शब्द का प्रयोग कर खड़गे उसी अहंकार को पुर्नजीवित करते दिखाई देते हैं जिसका नुकसान ही हो सकता है, लाभ नहीं। देश की सबसे पुरानी पार्टी को अपनी भाषा-शैली सुधारना उचित होगा क्योंकि राजनीति में कोई शार्टकट संभव नहीं है।

**मनोज,** मेरठ

### कोरोना का खतरा

**चीन** और अमेरिका में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों ने एक बार फिर सरकार और लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अत: अब हमें पुन: सावधानी बरतना आरम्भ कर देना चाहिए। कम से कम मॉस्क और सेनिटाइजर का उपयोग तो शुरू कर ही देना चाहिए। क्योंकि हमारी सरकार भी सभी राज्यों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित कर रही है, लोगों को सावधान भी। इस वक्त चीन कोरोना की चपेट में बहुत तेजी से आ गया है और बेतहाशा नागरिक इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। अत: हमें भी अब बिना किसी निर्देशों के इन्तजार के स्वयं सावधानी बरतना शुरू कर देनी चाहिए ताकि स्वयं भी सुरक्षित रहें और लोगों को भी सुरक्षित रखें ताकि सरकारी व्यवस्था भी न बिगड़ने पाए। हालांकि, सरकार ने इस संबंध में समुचित निर्देश दिए हैं, पर हमें निरंतर अपनी स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही शहरों में ज्यादा भीड़भाड़ वाले आयोजनों पर स्वत: नियंत्रण जरूरी हो गया है। वैसे भी ज्यादा भीड़भाड़ और असुरक्षित पेयजल व भोजन से कोई भी संक्रामक बीमारी फैल सकती है। उम्मीद करनी चाहिए कि चीन व अन्य देशों में आया कोरोना अब भारत को प्रभावित नहीं करेगा, लेकिन सतर्कता जरूरी है।

**दीप्ति प्रदीप बंदवार,** रतलाम

### सावधानी जरूरी

**नए** वर्ष के अवसर पर देश के सभी धार्मिक, व्यवसायिक एवं अन्य ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों पर अपार भीड़ देखने को मिलती है । कभी-कभी असावधानी के होते बड़ी दुर्घटना भी देखने को मिली है जिसमें जानमाल का भी नुकसान होता है। मथुरा वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध मंदिर बांके बिहारी मंदिर प्रशासन ने एक एडवाइजरी जारी कर बुजुर्गों और बच्चों को इस अवसर पर ना आने की सलाह दी है। प्रशासन द्वारा दी गई इस सलाह को महत्वपूर्ण मानना चाहिए और इस तरह की एडवाइजरी देश के सभी धार्मिक नव-वर्ष सेलिब्रेशन के लिए प्रसिद्ध सभी स्थलों के लिए भी एडवाइजरी जारी होनी चाहिए। विश्व भर में नववर्ष का उत्साह होता है और नववर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसंबर की रात को दुनिया भर में नए वर्ष बनाया जाता है, लेकिन भगदड़ और अव्यवस्था और भीड़ को नियंत्रित ना करने के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं एवं नए वर्ष का आगमन ऐसे लोगों के लिए दुख में बदल जाता है। हमें नव वर्ष व अन्य आयोजनों में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि किसी दुर्घटना से आनन्द में बाधा न पड़े।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राहुल गांधी** ऐसी बातें न करें। जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तब छोटे देश हमें धमकाते रहते थे।

– **शिवराज सिंह चौहान**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



**चीन** घुसपैठ नहीं युद्ध की तैयारी कर रहा है। सरकार घटनाओं पर ध्यान दे रही है, रणनीति पर नहीं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेसी नेता



**भाजपा** अपनी विफलतायें छिपाने के लिए पाकिस्तान, रंग व अन्य चीजों की बातें करती है।

– **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी अध्यक्ष

# यूपी में होगा तीन हजार करोड़ का और निवेश

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय उद्यमियों के समूह ने की भेंट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के अनुकूल माहौल से प्रभावित भारतीय उद्यमियों के एक समूह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने उत्तर प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। आईटी, आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के अनुकूल इको सिस्टम बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़ का, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़ का, वैप ग्रुप से 2000 करोड़ का, सूर्यांश ग्रुप ने 100 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा। निवेश प्रस्तावों पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने निवेशकों की सुरक्षा एवं आवश्यक्ताओं की पूर्ति करने का आश्वासन दिया साथ ही निवेश प्रस्ताव के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के सहयोग से हुई बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करना और उनके लिए सिंगल विंडो के आधार पर सुगमता प्रदान करना था। इस बैठक में हीरो साइकिल के सीएमडी पंकज मुंजालए एवन साइकिल के सीएमडी ओमकार सिंह पाहवा, वैप ग्रुप के सीएमडी एवम सीईओ अमित शर्मा, बायलर ग्रुप के टीआर मिश्रा, सूर्यांश ग्रुप के सुनील सिंह पटेल, ईएसडी डिजिटल ग्रुप के सीएम तिवारी इत्यादि कई अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।

## गन्ना तौल में घटतौली करने वालों पर होगी कार्यवाही

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने सख्त निर्देश दिया कि यदि गन्ना तौल में घटतौली पाई गई को केन्द्रों को निरस्त करने के साथ ही दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश बुधवार को गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने विभागीय बैठक में दिए। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भूसरेड्डी ने बताया कि पेराई सत्र 2022-23 गतिमान है तथा कृषकों द्वारा अपने गन्ने की सतत् आपूर्ति चीनी मिलों को की जा रही है। पेराई सत्र 2022-23 में चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रयकेन्द्रों पर गन्ना तौल में घटतौली एवं तौल हेतु प्रयुक्त हो रहे वेब्रिजों एवं साफ्टवेयर में छेड़-छाड़ किये जाने की शिकायतें विविध माध्यमों से संज्ञान में आई हैं, जिसके दृष्टिगत प्रदेश की समस्त चीनी मिलों के मुख्य वित्त अधिकारी एवं आई. टी. प्रमुखों के साथ बैठक कर घटतौली पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिये गये।



मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ से विश्व हिन्दू परिषद अमेरिका के सचिव अमिताभ मित्तल ने की शिष्टाचार भेंट

## गरीब ठंड से मरने को मजबूर: मिश्रा

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश पूरी तरह से ठंड की चपेट में है, लोग सड़कों पर, फुटपाथों पर कड़कड़ाती ठंड में रात बिताने पर मजबूर हैं। मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। बुधवार को एक बयान जारी कर मिश्रा ने कहा कि जैसे-जैसे सर्दी बढ़ रही है, बेघर गरीबों के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रैन बसेरों व आश्रय ग्रहों के अभाव में गरीब आदमी हाड़ कपाऊं सर्दी में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। हालात बद से बदतर हो रहे हैं और सरकारी मशीनरी हाथ पर हाथ रखकर शायद ठंड से मौतों का इंतजार कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारी तंत्र पूरी तरह से संवेदनहीन हो गया है। अनुपम मिश्र ने कहा कि आधे से अधिक दिसंबर बीत चुका है पर अब तक अलाव नहीं जलाए गए हैं, सिर्फ घोषणाएं हो रही हैं। सरकार को प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही तय करनी चाहिए और दोषियों को पद मुक्त करते हुए सख्त कार्यवाही उनके खिलाफ करनी चाहिए।

## उप्र देश की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर:दयाशंकर मिश्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष, खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइसेज सेक्टर के कार्यक्रम में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए संबधित क्षेत्रों के उद्यमियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होने प्रदेश सरकार की नीतियों को साझा किया। उन्होने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार रूप देने के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद करने के लिए तैयार है। डा दयालु ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश देश की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। हमने 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी तक राज्य की अर्थव्यवस्था को पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की लक्ष्य सिद्धि के दृष्टिगत सरकार द्वारा इन्वेस्टर्स, स्टेकहोल्डर्स से उनकी जरूरतों को समझने एवं निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय कृषि बाजार से घबराने की नहीं अपनाने की जरूरत: दिनेश प्रताप सिंह

### ● उद्यान मंत्री ने शहद प्रोसेसिंग यूनिट, पैक हाऊस, हल्दी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के दिए सुझाव

फोटो-दिनेश



लखनऊ। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कृषक उत्पादक संगठनों को आह्वान किया कि किसी भी नई व्यवस्था में कठिनाई होती है इसलिए राष्ट्रीय कृषि बाजार से घबराने की नहीं बल्कि अपनाने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा बागवानी विकास कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उद्यान मंत्री ने कृषकों के हित में निर्णय लेते हुए विभागीय कार्यक्रमों में कृषक उत्पादक संगठनों का सहयोग प्राप्त किये जाने और यथासंभव उनके द्वारा उत्पादित रोपड़ सामग्री, बीज की उपयोगिता औद्यानिक योजनाओं में किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत लघु उद्योगों की स्थापना पर जोर देते हुए अनुदान प्राप्त कर शहद प्रोसेसिंग यूनिट, राइपनिंग चैम्बर, पैक हाऊस, हल्दी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु सुझाव दिया। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने यह बात बुधवार को उद्यान निदेशालय के सभागार में अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने एवं कृषकों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के कृषक उत्पादक संगठनों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कम वर्कशाप के शुभारम्भ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाओं को अपनाने तथा उपज को राष्ट्रीय कृषि बाजार के माध्यम से विपणन करने पर विशेष जोर दिया। उद्यान मंत्री ने कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि कृषि एक ऐसा व्यवसाय है जहां इनपुट रिटेल में अधिक कीमत पर लिया जाता है और उपज थोक मूल्य में बेंची जाती है। जबकि अन्य सभी व्यवसाय में कच्चा माल थोक मूल्य पर लिया जाता है और उत्पाद रिटेल में अधिक कीमत पर बेंचा जाता है। जिससे कृषक उत्पादक संगठनों का दायित्व बनता है कि वह अपने सदस्यों को इनपुट थोक मूल्य पर उपलब्ध करायें और उनकी उपज को अधिक मूल्य पर बिक्री करें। इसी से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## जनता का विश्वास जीतें अभियन्ता: तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा राज्यमंत्री डा सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि विद्युत अभियन्ताओं की मेहनत और कार्यकुशलता की बदौलत प्रदेश उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की ओर बढ़ रहा है। लोगों का विश्वास विद्युत अभियन्ताओं के प्रति और बढ़े इस प्रकार से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियन्ताओं की समस्याओं को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर जो भी आवश्यक होगा उसका समाधान किया जायेगा। सभी अभियन्ता मिलकर समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए जनता की सेवा करें और प्रदेश के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

ऊर्जा राज्यमंत्री रविन्द्रालय चारबाग में आयोजित विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था के संचालन एवं सुधार में जूनियर इंजी. परिश्रम कर रहे हैं। विद्युत समाधान सप्ताह के दौरान भी उन्होंने अथक परिश्रम किया और इससे 1.65 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान एक सप्ताह में हो सका। उन्होंने कहा कि अभियन्ताओं की समस्याओं को सुना जा रहा है और उसका समाधान भी किया जा रहा है। हम सभी ऊर्जा परिवार के अंग हैं। सभी मिलकर प्रदेश को ऊर्जा सम्पन्न करके एक सामर्थ्य प्रदेश बनाना है।

विद्युत परिषद के अध्यक्ष जीवी पटेल ने ऊर्जा राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगठन ने अभियन्ताओं की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौपा। साथ ही विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु आवश्यक सुझावों को भी सौंपा। जीवी पटेल ने कहा कि प्रदेश को 24 घंटे बिजली देने के संकल्प को जूनियर इंजी. साकार करेंगे लेकिन इनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो, यही हमारी मांग है। उन्होंने कार्मिकों के स्थाईकरण, सीनियर्टी का शीघ्र समाधान कराने को कहा।

## निकाय चुनाव की सुनवाई आज भी, अधिसूचना पर लगी रोक बढ़ी

**लखनऊ ( विसं )।** सूबे में नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान यह तर्क दिया गया कि पिछड़े वर्ग की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किए बगैर निकाय चुनावों में आरक्षण का मसला तय नहीं किया जा सकता। बुधवार को याचिकाकर्ताओं की यह बहस समयाभाव के चलते पुरी नहीं हो सकी। लिहाजा गुरुवार को भी इस मामले की सुनवाई होगी। पीठ ने तब तक निकाय चुनावों की अधिसूचना पर लगी रोक बढ़ा दी है। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश वैभव पांडेय व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील एलपी मिश्रा ने बहस की। उनका कहना था कि जिस तरह ओबीसी आरक्षण जारी किया गया है, वह गलत है। तर्क था कि निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग को मिलने वाला आरक्षण नौकरियों अथवा दाखिले आदि में दिए जाने वाले आरक्षण से भिन्न है। यह राजनीतिक आरक्षण है न कि सामाजिक, शैक्षिक अथवा आर्थिक। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट फार्मुले की व्यवस्था अपनाने का आदेश दे रखा है। क्योंकि ट्रिपल टेस्ट से ही पिछड़े वर्ग की सही राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जा सकता है और यह डेडीकेटेड कमेटी के गठन से ही किया जा सकता है। याचिकाकर्ताओं की ओर से गुरुवार को भी बहस जारी रहेगी। इसके पश्चात राज्य सरकार अपना पक्ष रखेगी।

## ठेकेदार वीरेंद्र की हत्या में निरुद्ध मुल्जिम फिरदौस जेल से तलब

**लखनऊ( विसं )।** सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर की हत्या में निरुद्ध मुल्जिम फिरदौस अख्तर उर्फ शादाब अख्तर को 22 दिसंबर को जेल से तलब करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक व थाना कैंट के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार की अर्जी पर दिया है।

## भारत जोड़ो यात्रा के यूपी में प्रवेश की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राहुल** गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा जनवरी के प्रथम सप्ताह में उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक बैठक की जाएगी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि बैठक में नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', पूर्व सासंद डॉ. निर्मल खत्री, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया, राजेश मिश्रा, जफर अली नकवी, प्रदीप जैन आदित्य, इमरान प्रतापगढ़ी, राशिद अलवी, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव अजय कपुर, संजय कपूर, बीपी सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, सोहिल अख्तर अंसारी, भगवती प्रसाद चौधरी, राम जियावन वर्मा आदि मौजूद रहेंगे। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपना एक अधिकृत मोबाइल नंबर 9899102102 भी जारी किया है जिस पर सम्पर्क कर इच्छुक व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बन सकते हैं।

## निवेश के नाम पर जनता को गुमराह न करे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार निवेश के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह न करे। पूरा राज्य मंत्रिमण्डल और आला अफसर पिछले दिनों विदेशों में निवेश के लिए रोड शो में व्यस्त रहे हैंए परन्तु अब तक सिर्फ कागजी एमओयू ही बटोरे जा सके हैं। वैसे भाजपा सरकार का इस मामले में पिछला ट्रैक रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। पिछले पांच वर्षो में निवेश के लिए कई इन्वेस्टमेंट समिट हुई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है। न कहीं उद्योग लगे, न युवाओं को रोजगार मिला। भाजपा सब्जबाग तो खूब दिखा रही है पर जमीन पर कुछ नज़र नहीं आया। भाजपा वादा तो खूब करती है पर निभाती नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था, किसानों की आय अभी तक दुगनी तो क्या हुई, उनका रहा सहा जीवन भी संकटग्रस्त हो चुका है। भाजपा सरकार की जब सार्वजनिक किरकिरी होने लगी तो अब वह किसानों की आय दोगुनी करने के वादे को निभाने का ठेका फ्रांस की एक कम्पनी से करार करने जा रही है। भाजपा सरकार ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए किसानों की आय दोगुनी करवाने के लिए किसान कनेक्ट प्लेटफार्म इनोटरा की स्थापना के लिए फ्रांस की इनोटेरा एजी के सीईओ पासकल कोहेन के साथ एमओयू साइन किया है। यह कम्पनी किसानों की आय दुगनी करने के लिए अपने प्लेटफार्म की स्थापना प्रदेश में करेगी। उन्होंने कहा कि जबानी जमा खर्च में अव्वल भाजपा सरकार जैसी कोई सरकार नहीं देखी गई है। विदेश से पूंजीनिवेश एक धेला भी नहीं आया है। केवल अखबारों में ही नाप तौल हो रही है। थोड़ा बहुत आ भी गया तो क्या गारन्टी है कि उस पर अमल भी हो पाएगा, भाजपा सरकार के मंत्री और अधिकारी विदेश यात्रा पर पता नहीं क्यों गये, भाजपा ऐसा ढिंढोरा पीट रही है जैसे कि उत्तर प्रदेश का पूरा विकास हो गया हो। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले दिनों हुए पूंजीनिवेश समिट के बारे में भाजपा सरकार से लगातार श्वेतपत्र प्रकाशित किये जाने की मांग की जा रही थी। भाजपा सरकार को यह तो बताना ही चाहिए कि पिछले पूंजीनिवेश समिट में उत्तर प्रदेश में कितना पूंजीनिवेश हुआ और कितनों को रोजगार मिला। सच तो यह है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अभी तक एक भी रूपये का काम नहीं हुआ और न ही जमीन पर एक भी उद्योग लगा दिखाई दे रहा है। समाजवादी पार्टी की मांग है कि निवेश की वास्तविक रिपोर्ट आगामी विधानसभा सत्र के अवसर पर सदन के पटल पर रखें। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में राजधानी लखनऊ में आईटी सिटी, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम, मेट्रो रेल, मेदांता अस्पताल, अमूल मिल्क प्लांट, नोएडा में सैमसंग मोबाइल प्लांट, जैसे तमाम निवेश हुए जो जमीन पर दिखाई दे रहे है। भाजपा को प्रदेश के विकास में कोई रुचि नहीं है। उत्तर प्रदेश की आज जो बदहाली है उसकी दोषी भाजपा सरकार ही है। जनता ने मन बना लिया है, अब वह भाजपा सरकार के और धोखे में नहीं आएगी।

## कानपुर से महराजगंज जिला जेल भेजे गए सपा विधायक इरफान सोलंकी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** में आगजनीए फर्जी आधार कार्ड और बांग्लादेशी नागरिक को संरक्षण देने के मामले में आरोपित व जिला कारागार में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी बुधवार को कड़ी सुरक्षा में महराजगंज जेल भेजा गया। कानपुर जेल प्रशासन ने शासन को पत्र लिखकर विधायका को यहां से शिफ्ट करने की गुजारिश की थी। जिसे मंजूर करते हुए विशेष सचिव सुरेश कुमार पांडेय की ओर से मंगलवार को उन्हें महाराजगंज जेल शिफ्ट करने के संबंध में पत्र कानपुर जेल प्रशासन को भेजा गया था। इसके बाद बुधवार को भारी पुलिस बल के साथ सपा विधायक को महराजगंज जेल के लिए रवाना किया गया। सपा विधायक पर आगजनी और प्लाट पर कब्जा सहित 14 मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार कानपुर पुलिस सपा विधायक इरफान सोलंकी को वज्र वाहन और जीप व अन्य गाड़ियों के काफिले और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह साढ़े दस बजे के करीब कानपुर जेल से रवाना हुई। शाम को उन्हें लेकर पुलिस महाराजगंज जिला जेल पहुंची। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उन्हें जेल में दाखिल किया गया। जेल प्रशासन के मुताबिक इरफान सोलंकी को क्वारंटीन बैरक में रखा गया है। न्यायालय से जो भी बंदी जेल भेजे जाते हैं उन्हें पहले क्वारंटीन बैरक में ही रखा जाता है। बाद में उन्हें अन्य बंदियों की बैरक में शिफ्ट किया जाता है।

## 131 खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के लिए 68.95 लाख रुपये स्वीकृत

### ● सीनियर वर्ग के स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमश: दो लाख, एक लाख पचास हजार तथा एक लाख की धनराशि देकर पुरस्कृत किया जायेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने राष्ट्रीय सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में चैम्पियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके द्वारा अर्जित उपलब्धियों के आधार पुरस्कार स्वरूप दी जाने वाली 68.95 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस धनराशि से प्रदेश के 131 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बुधवार को दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में भुवनेश्वर में आयोजित भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में सीनियर वर्ग के स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमश: दो लाख, एक लाख पचास हजार तथा एक लाख की धनराशि देकर पुरस्कृत किया जायेगा।

वर्ष 2021 में भोपाल, एवं माहोली में आयोजित 30वीं सीनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप तथा सीनियर मेन फ्री स्टाइल, रोमन कुश्ती, बाक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को सीनियर वर्ग में क्रमश: एक लाख, 75 हजार एवं 50 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इसी प्रकार फगवाड़ा, हरियाणा तथा फतेहाबाद में आयोजित 20वीं जूनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप, भारत्तोलन तथा खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2021 में टेनिस, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमश: 50 हजार, 35 हजार एवं 25 हजार रुपये दिये जायेंगे।

## तेल कंपनियों के संपत्तियों की सुरक्षा पर पुलिस सतर्क: डीजीपी

### ● तटवर्ती सुरक्षा समन्वय की बैठक में तेल और गैस के बुनियादी ढांचे के सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा है कि तेल विपणन कंपनियों के संचालन में समन्वय, पारदर्शिता और महत्वपूर्ण पेट्रोलियम संपत्तियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और उत्तर प्रदेश पुलिस इसे सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

डीजीपी बुधवार को तेल उद्योग की तीसरी तटवर्ती सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी ने तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ तेल और गैस के बुनियादी ढांचे के सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि तटवर्ती सुरक्षा समन्वय समिति का गठन 29 राज्यों के पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्य में तेल और गैस के बुनियादी ढांचे के सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और उन्हें हल करने के उद्देश्य से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। संजीव कक्कड़ कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख, इंडियन ऑयल एवं राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग, उत्तर प्रदेश ने इस बैठक में तेल कंपनियों का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित वार्षिक सुरक्षा बैठक में भाग लेने के लिए अन्य तेल विपणन कंपनियों (एचपीसीएल, बीपीसीएल गेल और ओएनजीसी) के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं तेल उद्योग के अधिकारियों की इस महत्वपूर्ण सभा को संबोधित करते हुए डीजीपी ने इस तथ्य को बताते हुए तेल उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 15 प्रतिशत देश के तेल उद्योग के योगदान के कारण है। महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था देश में हमारे पास मौजूद तेल उद्योग की मजबूत संरचना के कारण महामारी के झटके को सहन करने में सक्षम थी। उन्होंने कहा कि हम तेल के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता और दुनिया के चौथे सबसे बड़े रिफाइनर हैं। उन्होंने इस तथ्य की भी सराहना की कि यह राज्य में तेल सार्वजनिक उपक्रमों के निरंतर सहयोग के कारण है कि पुलिस और सेना अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से और तेजी से निर्वहन करने में सक्षम हो रही है। 2017 से अब तक, देश के सबसे बड़े रिफाइनर इंडियन ऑयल द्वारा रिपोर्ट किए गए चोरी के 22 मामलों में से 21 मामलों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दोषियों को पकड़ा गया है। डीजीपी ने महत्वपूर्ण लोकेशनों पर नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने पर जोर दिया और बाहरी तत्वों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के प्रारम्भ में संजीव कक्कड़ ने डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान का स्वागत किया और देश के सबसे बड़े राज्य में तेल विपणन कंपनियों की ढांचागत उपस्थिति का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ऑयल और अन्य तेल विपणन कंपनियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। कक्कड़ ने डीजीपी को तेल उद्योग और इसके महत्वपूर्ण परिसरों के लिए सभी सुरक्षा सहायता सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया।

## जन्मदिन सप्ताह के रूप में मनेगा चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा किसान मसीहा व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस पूरे देश में चौधरी चरण सिंह जन्मदिन सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब के जन्मदिन 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 तक मनाये जाने वाले चौधरी चरण सिंह जन्मदिन सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता गावों, कस्बों, नगरों और जिला मुख्यालयों पर स्व चौधरी साहब के जीवन दर्शन और सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठियां, सेमिनार, चौपाल व सभाओं का आयोजन कर नई पीढी को चौधरी साहब की नीतियों और सिद्धांतों से भलीभांति अवगत कराया जायेगा। चौधरी साहब के जन्मदिन पर लखनऊ में प्रदेश मुख्यालय पर प्रात: हवनपूजन तथा विधान भवन स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश कार्यालय में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। तथा नई दिल्ली स्थित किसान घाट पर भी हवन पूजन व श्रद्धांजलि के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

**संवाददाता। बरेली**



**नगर निगम** कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और राजस्व निरीक्षक के बीच मंगलवार को हुए विवाद तूल पकड़ता जा रहा है । एक दूसरे पर जान से मारने का आरोप प्रत्यारोप लगाने के साथ ही कर्मचारी आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं वहीं राजस्व निरीक्षक उच्च अधिकारियों द्वारा जांच करने की बात कह कर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को नकार रहे हैं ।बरेली के नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मिशन पाल सिंह ने राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद पर अभद्र व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया । उन्होंने बताया कर निरीक्षक कर्मचारियों के साथ अक्सर अभद्रता का व्यवहार करते हैं ,इनका स्थानांतरण यहां से हो चुका है इसके बावजूद भी है कार्यमुक्त नहीं हो रहे हैं । चेतावनी दी यदि राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संघ की मीटिंग कर आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा। बताया इस बाबत वह पुलिस में भी शिकायत करेंगे ।अधिकारियों को इस बारे में पहले ही बताया जा चुका है।नगर निगम संघ के महामंत्री जयपाल सिंह पटेल ने यूनियन के साथ रहने का दावा करते हुए बताया ,राजस्व निरीक्षक कर्मचारियों को हीन भावना की नजर से देखते हैं पहले भी कई बार वह कर्मचारियों के साथ अशोभनीय भाषा का प्रयोग और अभद्रता करते रहे हैं ,उन्होंने चेतावनी दी यदि राजस्व निरीक्षक ने अपना रवैया न बदला तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।वही राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को सिरे से नकारते हुए बताया ,पहले कई बार यूनियन अध्यक्ष मिशन पाल सिंह पूर्व में तैनात रहे आर आई से अभद्रता कर चुके हैं इस बारे में वह तीन बार निलंबित हो चुके हैं, इसके बावजूद भी वह अपनी आदत बदलने से परहेज कर रहे हैं । बताया मंगलवार को नगर निगम परिसर में उन्होंने उसके साथ अभद्रता का व्यवहार किया इसकी शिकायत उन्होंने उच्च अधकारियों से की है। अधिकारियों ने जांच के बाद उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# किसान, मजदूर, जागरण सप्ताह के रूप में चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाएगी आरएलडी

**संवाददाता। सीतापुर**

**23 दिसम्बर** को होने वाली चौधरी चरण सिंह की जयंती आरएलडी इस बार किसानए मजदूरए जागरण सप्ताह के रूप में मनाएगी जिसमें आरएलडी नेता आरपी सिंह चौहानए जिलाध्यक्ष षरद पांडेय विक्कू अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव.गांव जाकर लोगो से मिलकर उनके बारे में चर्चा करेगें। प्रेसवार्ता करते हुए आरएलडी नेता आरपी सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में लोग परेषान हैए किसानों की आय दोगुनी नहीं हो सकी हैए युवा बेरोजगार हैए महंगाई चरम पर है जिससे जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि गांव.गांव जाकर लोगो को चौधरी चरण सिंह की विचारधारा से जोड़ने का काम करेंगें। आरपी सिंह ने यह भी कहा कि छात्र संघ चुनाव न होने से अब किसान का बेटा राजनीति की मुख्यधारा में नहीं आ पा रहा है।

- **23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक मनाया जाएगा किसान, मजदूर, जागरण सप्ताह**
- **छात्रसंघ का चुनाव न होना भी है युवाओं के आगे बड़ी समस्या**
- **भाजपा सरकार में बढ़ी महंगाई, युवाओं को नहीं है रोजगार, जनता परेशान**

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**संडीला(हरदोई)।** महिला सशक्तिकरण एवं चुप्पीतोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस ने पार्वती देवी सरस्वती विद्यामंदिर में बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं सोशल मीडिया के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करने के लिए चलाए गए इस अभियान में बोलते हुए प्रभारीनिरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बालिकाओं को सशक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया गया है। उन्होनें कहा कि जब तक बालिकाएं सुशिक्षित एवं निर्भीक नहीं होगी तब तक समाज सशक्त नहीं हो सकता। उन्होंनें कहा कि अब परिवारों की भी सोच लगातार बदल रही है तथा परिवारों में भी बालिकाओं को बालकों की भांति पालन पोषण किया जा रहा है। नवीन सोच यह है कि बालिकाएं भी उचित वातावरण और शिक्षा तथा लालन पालन से समाज में एक वशिष्ठ स्थान बना सकती हैं और अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकती हैं।

### अधिवक्ता समिति का नामांकन संपन्न

**संडीला(हरदोई)।** अधिवक्ता समिति संडीला के वार्षिक निर्वाचन हेतु विभिन्न पदो के लिए नामांकन कार्य संपन्न हो गया है। निर्वाचान अधिकारी द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु अशोक कुमार सिंह, हरीशचन्द्र, मो0 सूफीयान तथा राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु काम्ता प्रसाद सिंह तथा रमेश अस्थाना, कनिष्ठ उपाध्यक्ष(दस वर्ष से अधिक) के दो पदो के लिए मुईद अहमद, वागीश द्विवेदी तथा अनिल पाण्डेय। कनिष्ठ उपाध्यक्ष (5-10 वर्ष तक) एक पद के लिए राजन त्रिपाठी तथा ठाकुर प्रसाद। मंत्री पद हेतु नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, देवी शरण सिंह तथा सोहैल अहमद। कोशाध्यक्ष पद हेतु हेमंत कुमार मौर्य तथा राजेन्द्र गुप्ता। पुस्तकालय अध्यक्ष पद हेतु अमर सिंह। प्रशासनिक मंत्री पद हेतु मो0 अतहर। प्रचार मंत्री के लिए मुकेश कुमार गुप्ता तथा राजपाल चौधरी। सदस्य कार्यकारिणी(15 वर्ष से अधिक) अजहर अली तथा महेश चन्द्र द्विवेदी।

### सभी रैन बसेरे एक्टिव व साफ-सुथरा रखेः कमिश्नर

**बरेली।** बढ़ती सर्दी में ठिठुरते निर्धन और बेसहारा लोगों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैन बसेरे कंबल और अलाव की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने अधिकारियों के साथ रैन बसेरों का जायजा लिया। जनपद बरेली में नगर निगम, बरेली द्वारा 07 महत्वपूर्ण स्थानों पर 415 क्षमता के रैन बसेरो की व्यवस्था की गयी है, उन्होंने सभी बेसहारा निर्धन लोगों को कंबल मुहैया कराएं और अलाव की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने बताया कि कंबल खरीद में स्थानीय बुनकरों और उत्पादकों को ध्यान में रखकर खरीदारी की जा रही है। इससे की रोजगार की भी स्थानीय स्तर पर बढ़ावा मिल सके। गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इससे वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा मिलेगा। शहर में फुटपाथ, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बसअड्डे और सार्वजनिक स्थानों पर सर्दी से ठिठुरने वाले गरीबों को रैन बसेरे में ठहराने और उनकी समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं।कमिश्नर ने नगर आयुक्त समेत अफसरों को निर्देश दिए कि वह शहर के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करें। शहर के ऐसे चौराहे जहां लोग रात में इकट्ठे होते हैं। रिक्शा चालक व अन्य बेसहारा लोग चौराहों पर रहते हैं। सर्दी से बचाव के लिए ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था कराएं।

### सर्राफा व्यापारी से लाखों की लूट लाखों

**बरेली।** बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने रास्ते में घेरकर सर्राफा व्यापारी से तमंचे के बल पर एक लाख की नकदी और 7 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।बारादरी थाना क्षेत्र के रहने वाले यामीन की मीरा की पैठ पर क्वालिटी ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान है सोमवार की रात लगभग 7 वह दुकान बंद कर घर वापस आ रहे थे इस दौरान जगतपुर क्षेत्र में जैसे ही वह पहुंचे तो दो बाइक सवार उनके पास आए और उन पर तमंचा तान दिया। उनके हाथ में रखे बैग को छीन लिया। बताया जा रहा है उनके बैग में एक लाख की नकदी और सात लाख रुपए के जेवर रखे थे।इसके साथ ही दुकान की सारी चाबी भी उसी में थीं।

# भीषण ठंड से ठिठुरते नौ निहालों को नहीं मिली ड्रेस

**संडीला ( हरदोई )।** भीषण ठंड से ठिठुरते हजारों नौ निहालों को ड्रेस खरीदने के लिए सरकारी धनराशि नहीं मिली, जिससे अभिभावकों में व्यापक आक्रोश है।

विभिन्न सरकारी, प्राथमिक एवं अनुदानित विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को 600रु में दो ड्रेस, 200रु स्वेटर हेतु, 175रु स्कूल बैग तथा 125रु जूता मोजा खरीदने के लिए सरकार द्वारा दिए जाते हैं। इस प्रकार कुल 1200रु छात्र के माता पिता में से किसी एक के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाते हैं। यह धनराशि जुलाई, अगस्त तक हर हाल में उपलब्ध हो जाती है लेकिन विडंबना देखिए कि तहसील संडीला के 3419, कोथावां के 3603, बेंहदर के 2876, पतसेनी के 118, कछौना के 2272 छात्र छात्राओं को यह धनराशि नहीं मिल सकी। हालांकि छात्र छात्राओं के अभिभावक लगातार विद्यालयों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन विद्यालयों से उन्हें बताया जा रहा है कि अभी यह धनराशि जनपद स्तर से खातों में नहीं भेजी गई है, इस कारण उन्हें धनराशि नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि बच्चों के आधार उनके खातों में फीड नहीं किए जा सके हैं, जिसके कारण यह धनराशि खातों में नहीं पहुंच पाई है।

# 62 लोगों का हुआ निशुल्क मोतियाबिन्द का ऑपरेशन

**संवाददाता। सीतापुर**

**नैमिष तीर्थ** के नाथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में बुधवार को 62 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया। यह सामाजिक सेवा प्रसिद्ध कथा व्यास एवं संस्था के प्रमुख धर्मेंद्र शास्त्री की प्रेरणा से किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का नाम दृष्टि यज्ञ हैए जिसमें प्रमुख सहयोग पादरा गुजरात के आनंद भाई अमीन और सुधा बहन के सहयोग से किया जा रहा है। नि:शुल्क नेत्र शिविर में करीब दो हजार से ज्यादा लोगों ने लाभ प्राप्त किया। करीब बारह सौ को चश्मा वितरित किए गए। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान कुल तीन सौ पांच लोगों की आंखों में मोतियाबिंद को समस्या पाई गई। धर्मेंद्र शास्त्री ने बताया कि बुधवार को प्रथम चरण के अंतर्गत करीब बहसठ लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया है। सीतापुर स्थित रेखा गोयल नेत्र चिकित्सालय में डॉक्टर संदीप शर्मा, के नेतृत्व में यह ऑपरेशन संपन्न कराए गए। इस मौके पर गोपाल शुक्ला, अंकुर शुक्ला, कृष्णा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# सहगल सिटी मांटेसरी जूनियर हाईस्कूल का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**संवाददाता। सीतापुर**

**सहगल सिटी** मांटेसरी जूनियर हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने खूब धूम मचाईए नन्हें.मुन्हें बच्चों ने षानदार प्रस्तुति देकर अतिथियों का मनमोह लिया। वार्षिकोत्सव का षुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर व बबिता सिंह गौर ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में सबसे पहले बच्चों ने सरसवती वंदना पर प्रस्तुति दी। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने चक दूम दूम गाने पर प्रतिभा का प्रदर्षन किया। बच्चों ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में ष्छोटा बच्चा समझकर हमको न समझानाष् गाने पर भी डांस किया। इसके अलावा नन्हें.मुन्हें बच्चों ने देषभक्ति गीत मेरा इंडियाए जंगल सफारीए गुजराती डांडिया नृत्य पर प्रस्तुति देकर अतिथियों व अभिभावको का मनमोहा। बच्चों ने पर्यावरण का संदेष देते हुए गाने पर नृत्य किया। नर्सरी और केजी कक्षा के नन्हें.मुन्हें बच्चों ने ऐसी मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसको देखकर अतिथि व अभिभावक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में पहुंचे एएसपी उत्तरी डाण् राजीव दीक्षित ने भी प्रस्तुति की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में एएसपी डाण् राजीव दीक्षित को राजेष नरायण सहगल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर को जीडी गोयनका के मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्य नरायण सहगल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सहगल मांटेसरी स्कूल के मैनेजर कुष नरायण सहगलए रति सहगलए वंदना सहगलए प्रधानाचार्या रितू सहगलए केल्क्षा कासमी सहित षिक्षिका स्मिता षर्माए सौम्या मिश्राए सोनिका दीक्षितए पूजा दीक्षितए प्रीती कपूरए भारती सिंहए पूर्वी टंडनए आरती सिंहए अंषू षर्माए रिया वर्माए अंषी श्रीवास्तवए बिन्द बालाए प्राची यादवए ममता राठौर सहित अभिभावकगण मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव का संचालन कक्षा 8 महक यादव व राज राठौर ने किया।

- **वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मचा धमाल, गदगद हुए अभिभावक, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ**
- **एएसपी उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित भी हुए बच्चों की प्रस्तुतियों के कायल, देश भक्ति व पर्यावरण संरक्षण की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का मोहामन**

# तहसील स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित



**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक की आयोजित की गई। इस बैठक में पसगवां, मोहम्मदी स्वास्थ्य अधीक्षक, सीडीपीओ, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग के साथ साथ यूनिसेफके ब्लॉक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में टीकाकरण से इंकार करने वाले बच्चों को समस्त ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा, आंगनबड़ी और अन्य विभागों के सहयोग से टीका लगवाने के लिए सभी विभागों को सूचीवार निर्देश दिए गये। वहीं टीकाकरण में पर्याप्त लॉजिस्टिक की उपलब्धता सभी एमओआईसी सुनिश्चित करवाए, नवंबर माह में जहां जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों की वजन मशीन नहीं लेकर गई थी। सीडीपीओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत वजन मशीन टीकाकरण सत्र पर लेकर जाए और कम वजन के बच्चों का वजन सुनिश्चित कराएं। ब्लाक पसगवां के सेमरा जानीपुर गांव जहां आशा नहीं है। वहां की आंगनबाड़ी द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान हेतु हेड काउंट सर्वे तुरंत करे। बैठक में तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने ली जिला उद्योग बंधु की बैठक

- **उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन**

**संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**



**बुधवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में लिए गए निर्णय की अद्यतन प्रगति बताइ। सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाले ष्ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटष् में जनपद लखीमपुर-खीरी के आवंटित लक्ष्य 200 करोड़ के सापेक्ष अबतक 174 करोड़ का निवेश प्राप्त हो चुका है। आगे भी निवेश के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने व्यापारियों को अवगत कराया कि डीएम महोदय द्वारा इंडस्ट्रीयल एरिया में दो हाई मार्क्स लाइन लगाने के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। बैठक में आईएमए खीरी के चेयरमैन दीपक अग्रवाल ने नए इंडस्ट्रीयल एरिया बनाने की मांग की।

## इनकी रही मौजूदगी

उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीसीओ वेद प्रकाश, एएलसी डॉ महेश कुमार पांडेय, राज्य कर अधिकारी राम प्रसाद, ओपी यादव, एक्सईएन विद्युत शैलेंद्र यादव, डीपीआरओ सोम्यशील सिंह सहित काफी संख्या में उद्यमी व उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# तीन हफ्ते बाद भी हमलावरों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

**संवाददाता। मैलानी-खीरी**

**26 नवम्बर** को मैलानी थाना क्षेत्र के संसारपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े सरेराह हुए गोलीकांड में तीन हफ्ते बाद भी पुलिस हमलावरों तक नहीं पहुंच पाई है। मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते की ओर जाता दिख रहा है। ब्लॉक बाकेगंज के राजकीय कृषि विभाग में सहायक तकनीकी मैनेजर के पद पर तैनात मदन मनोहर वर्मा को संसारपुर बांकेगंज मार्ग पर जोखेपुर नहर पुलिया के पास लाल अपाचे सवार दो अज्ञात हमलावरों ने चलती बाइक पर गोली मार दी थी।

उसे जिला अस्पताल के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां घायल का इलाज चला। इसके बाद घटना का खुलासा करने के लिए क्राइम ब्रांच व सर्विलांस की भी टीमें गठित की गई थीं। घटना व दूसरे दिन पुलिस ने घटनास्थल के आसपास व संसारपुर-बांकेगंज कस्बे में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज चेक किए थे। लेकिन बीस दिन बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस लाल अपाचे बाइक सवार बदमाशों की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने घटना से सम्बंधित सभी लोगों से जांच पड़ताल की लेकिन गोली मारने वाले हमलावरों तक नहीं पहुंच पाई। इसके अलावा सर्विलांस की टीम ने भी सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर तमाम लोगों से जांच पड़ताल की।

उसके बाद भी कोई जांच टीम को कोई अहम सुराग नही मिले। अंदाजा लगाया जा रहा है कि तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी खुलासा ना कर पाने की वजह से पुलिस घटना को कहीं दबाने का प्रयास तो नही कर रही है। एसओ मैलानी राहुल कुमार सिंह का कहना है कि वादी की तरफसे किसी भी व्यक्ति से रंजिश या अन्य कारण ना होने की वजह से घटना का खुलासा करने में थोड़ा सा समय लग रहा है। ऐसे में बिना किसी जल्दबाजी किए घटना की तह तक पहुंचना जरूरी है। घटना के जल्द खुलासे के लिए सभी टीमें लगातार जांच कर रही हैं।

# पेज एक का शेष

## चीन में...

कहा कि लोगों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनना चाहिए। जो लोग अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं और अधिक आयु के हैं, उन्हें विशेष रूप से इसका पालन करना चाहिए। यहां आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चीन के विभिन्न शहर वर्तमान में कोविड के अत्यधिक संक्रामक स्वरूप ओमीक्रॉन और ज्यादातर बीएफ-7 की चपेट में हैं, जो बीजिंग में फैलने वाला कोरोना वायरस का मुख्य स्वरूप है। इसी के कारण चीन में वायरस संक्रमण के मामले अत्यधिक बढ़े हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि चीन में बीएफ-7 के व्यापक प्रसार के लिए पिछले संक्रमण के साथ ही संभवत: टीकाकरण से चीनी आबादी में प्रतिरोधक क्षमता कम रहने को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इसके मामले अमेरिका, ब्रिटेन और बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस और डेनमार्क जैसे यूरोपीय देशों सहित कई देशों में सामने आए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई यात्रियों के लिए अभी कोई विशेष एडवायजरी जारी नहीं की गई है, हवाई अड्डों पर चीन और अन्य देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में से कुछ के नमूने औचक आधार पर कोरोना वायरस की जांच के लिए लिए जाएंगे।

## बहुत खतरनाक...

नहीं, इससे पूर्ण टीकाकरण वाले भी संक्रमित हो सकते हैं। बीएफ-7 से संक्रमित मरीज 10 से 18.6 लोगों को संक्रमित कर सकता है। ओमिक्रॉन की संक्रमण क्षमता 5.08 थी। अध्ययन में पाया गया कि बीएफ-7 के स्पाइक प्रोटीन में उसके मूल वैरिएंट से अधिक उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) हुआ है, जिसके कारण यह अधिक संक्रामक और खतरनाक है। बीएफ-7 के लक्षण ओमिक्रॉन के दूसरे सब वैरिएंट जैसे बुखार, खांसी, गले में खराश जैसे लक्षण के साथ उल्टी और दस्त भी हैं।

## भारत जोड़ो...

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राजस्थान के एक भाजपा सांसद द्वारा उन्हें भेजी गई चिट्ठी के आधार पर गांधी को पत्र लिखा है। उक्त भाजपा सांसद का यह पत्र उनके राज्य में भारत जोड़ो यात्रा की व्यापक सफलता के बाद भेजा गया है। उन्होंने कहा कि संसद की सामान्य ढंग से बैठक हो रही है। उड़ान समेत कहीं भी मास्क अनिवार्य नहीं है। भाजपा ने राजस्थान एवं कर्नाटक में यात्राएं निकाली हैं। हाल में राज्यों को केंद्र की ओर से कोई परामर्श जारी नहीं किया गया है। केवल जिनोम अनुक्रमण पर मंगलवार को केंद्र की ओर से राज्यों को एक पत्र लिखा गया है। रमेश ने कहा कि मार्च, 2020 में मोदी सरकार ने लॉकडाउन लगाने में कथित रूप से कम से कम एक हफ्ते की देरी की थी ताकि मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार गिराई जा सके। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य दलगत राजनीति के लिहाज से बेहद गंभीर विषय है। यदि लोगों की भीड़ के संबंध में कोई नियम होगा तो भारत जोड़ो यात्रा में निसंदेह उसका पालन किया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मांडविया के पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह पत्र स्पष्ट दिखाता है कि भाजपा का उद्देश्य बढ़ते जन समर्थन से घबराकर भारत जोड़ो यात्रा में व्यवधान पैदा करना है।

## मादक पदार्थों...

इस से होने वाली कमाई के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और इसे तीन हिस्सों में बांट कर लड़ा जा रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि इसमें पहली संस्थागत मजबूती एवं सतत निगरानी, दूसरा एजेंसियों का सशक्तीकरण एवं समन्वय तथा तीसरा विस्तृत जागरूकता एवं पुनर्वास अभियान शामिल है। शाह ने कहा, हम सहयोग (कॉओपरेशन), समन्वय (कॉर्डिनेशन) और गठजोड़ (कोलेबरेशन) के त्रिसूत्री सिद्धांत के आधार पर काम कर रहे हैं और जब तक ऐसा नहीं होगा.. हम लड़ाई नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा है और इसे हासिल करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी...केंद्र और राज्यों को यह लड़ाई मिलकर लड़नी है। उन्होंने यह भी कहा कि मादक पदार्थ के कारोबार से मुनाफे का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्त पोषण में होने की सूचना भी है तथा इस दूषित धन (डर्टी मनी) का इस्तेमाल अर्थ तंत्र को भी खोखला करता है। गृह मंत्री ने कहा, हम सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पाकिस्तान से मादक पदार्थ भेजे जाने के कुछ सदस्यों के उल्लेख पर शाह ने कहा कि पाकिस्तान से अभी कोई कारोबार नहीं हो रहा है, ऐसे में सरहद से होकर नशीले पदार्थ नहीं आते हैं, लेकिन वहां से ड्रोन से आते हैं, सुरंग बनाकर भेजा जाता है और बदंरगाहों के रास्ते आते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार बंद करने का विषय नहीं है बल्कि जो नए-नए तरीके खोजे जाते हैं उनसे निपटना होगा।

## राजधानी में...

के मुताबकि दिल्ली मास्टर प्लान में नाइट लाइफ और उससे अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की परकिल्पना पर काम किया जा रहा है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब लोग त्योहारी सीजन का लुत्फ उठा रहे हैं और आने वाले नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे हैं। एलजी की ओर से दिल्ली को लेकर दूसरे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजधानियों व महानगरीय शहरों की तुलना में नाइट लाइफ पर भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसको लेकर दिल्ली नगर निगम पहले ही शहर के अलग-अलग इलाकों में 150 भोजनालयों/रेस्तरां जोकि खुले, टेरेस, अल्फ्रेस्को डाइनिंग के लिए जाने जाते हैं। उनको पहले ही लाइसेंस दे दिया है। इसके अलावा लंबति 314 कमर्शयिल प्रतिष्ठानों को अगस्त में मंजूरी दे दी थी। इसमें फूड की ऑनलाइन डिलविरी, मेडसिनि, लॉजस्टिक्सि, परविहन और यात्रा सेवाओं के अलावा केपीओ और बीपीओ आदि सेवाओं को चौबीस घंटे खोलने व उपलब्ध कराना प्रमुख रूप से शामलि है।

## गौरव गोगोई...

कह दे कि पेगासस का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इस पर अमित शाह ने कहा कि इन्होंने (गोगोई ने) कहा है कि उन पर इस्तेमाल (पेगासस का) हुआ है, ऐसे में वह तथ्य रख दें, बाकी तो इस मामले को उच्चतम न्यायालय ने तय कर दिया है।

## विपक्ष ने...

के बीच नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में संघर्ष की घटना सामने आई थी, जिसमें दोनों तरफ के जवानों को चोट आई थीं। यह जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के जवानों के बीच झड़प के बाद इस तरह की पहली बड़ी घटना थी।

## एयरपोर्ट पर...

लगाए जाने के बाद यात्रियों को स्कैनर से गुजरने से पहले अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अपने थैले से बाहर निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह के स्कैनर लगाने से हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। हाल के सप्ताहों में विभिन्न हवाई अड्डों पर, विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी के हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ होने और लंबे समय तक प्रतीक्षा करने की शिकायतें मिली हैं। प्राधिकारियों ने इससे निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं और भीड़भाड़ कम हुई है। बीसीएएस नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है। इस महीने की शुरुआत में, मंत्रालय ने लोकसभा को बताया था कि हवाई अड्डों पर सुरक्षा को मजबूत करना एक सतत प्रक्रिया है और समय-समय पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और बीसीएएस केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) समेत संबंधित एजेंसियों और हितधारकों से परामर्श कर स्थिति की समीक्षा करते हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार संवेदनशील हवाई अड्डों पर तैनात और तैनाती के लिए प्रस्तावित कुछ तकनीकों में कंप्यूटर टोमोग्राफी एक्सप्लोसिव डिटेक्शन सिस्टम (सीटी-ईडीएस) मशीन और ड्यूल जेनरेटर एक्स-बीआईएस मशीन शामिल हैं।

## सड़कों में...

गडकरी से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों के निर्माण, मरम्मत, रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए केंद्रीय सड़क कोष के तहत 700 करोड़ रुपये प्रदान करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान, एलजी ने सड़क निर्माण के लिए तीन लैंडफिल साइटों के कचरे का उपयोग करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी और एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी थे। बैठक में राजधानी की शहरी विस्तार रोड-द्वितीय, द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-देहरादून राजमार्ग और वसंत कुंज सेक्टर सी-डी में समानांतर फ्लाईओवर जैसी एनएचएआई परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले एनएचएआई ने इस संबंध में नवंबर 2016 में पूर्वी दिल्ली नगर निगम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। तब वर्ष 2018 के लिए अनुमान लगाया गया था कि 349 करोड़ की लागत (मुद्रास्फीति लागत जोड़ी गई) से गाजीपुर से तत्कालीन संपूर्ण कचरे की मात्रा 13 मिलियन मीट्रिक टन का उपयोग किया जाएगा। वर्ष 2017 में, एनएचएआई ने 96 किमी. लंबे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को भरने के लिए गाजीपुर लैंडफिल कचरे को उठाने और अलग करने के लिए एक निविदा जारी की थी।

# डीएम ने देखीं अलाव व रैनबसेरों की व्यवस्थाएं



संवाददाता। फर्रुखाबाद

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बीती रात्रि 10:00 बजे शहर के अलाव स्थल व रैनबसेरों का औचक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने अलाव स्थल फतेहगढ़ चौराहाए हनुमान मन्दिर भोलेपुरए आवास विकास तिराहाए रेलवे स्टेशनए लाल गेट, चौक फर्रुखाबाद एवं रैन बसेरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अलाव स्थलों पर अलाव जलता हुआ पाया गया। इसी दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन पर शीत लहर से बचाव हेतु गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए।

## रैली निकाल जैन समाज ने सम्मेद शिखर को पर्यटक स्थल घोषित करने का किया कड़ा विरोध

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** झारखंड सरकार द्वारा सम्मेद शिखर जी को पर्यटक स्थल घोषित करने पर लगभग पूरे देश का दिगंबर जैन समाज आक्रोशित दिखाई दे रहा है। इस समाज ने घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज सड़कों पर उतर कर विरोध व्यक्त करते हुए रैली निकाली । रैली में जैन समाज के पुरुषों महिलाओं यहां तक कि बच्चों की भी उपस्थित काफी संख्या में दिखाई दे रही थी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन जैन धर्मावलंबियों ने उप जिलाधिकारी कायमगंज संजय सिंह को सौंपा। सौंपें गये ज्ञापन में श्री दिगंबर जैन समाज समिति ने कहा है कि जैन धर्म के तीर्थ शिरोमणि श्री सम्मेद शिखर जी को झारखंड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने पर बे कड़ा विरोध व्यक्त कर रहे हैं ।उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि जैन धर्म के तीर्थ राज श्री सम्मेद शिखर जी जो कि जैन धर्म का सबसे पवित्र स्थान माना गया है। इसको झारखंड सरकार ने पर्यटन स्थल घोषित करने का निर्णय लिया है। झारखंड सरकार के इस निर्णय का समस्त जैन समाज विरोध करते हुए निंदा करता है एऔर झारखंड सरकार से अपने इस निर्णय को बदलने का आग्रह भी करता है।

उनका कहना है कि समस्त जैन समाज अहिंसात्मक उपाय के माध्यम से भारत बंद का आवाहन कर सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता है की तीर्थ क्षेत्र एक पवित्र पूजन स्थली है। इसे मात्र तीर्थ क्षेत्र तक ही सीमित रखा जाएए न की पर्यटन स्थल घोषित कर इसकी पवित्रता को धूमिल किया जाए। जैन समाज ने प्रधानमंत्री से अपने इस पवित्र तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता एवं सकारात्मकता को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार के निर्णय पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। उनका कहना है कि जैन समाज देश का अल्पसंख्यक समाज है।

## कुत्ते के हमले से घायल गरीब मजदूर की हुई मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम शिवरई बरियार निवासी चरण सिंह 40 पुत्र पृथ्वीराज बीते 5 दिसंबर को नियामतपुर राजमिस्त्री के साथ मजदूरी करने जा रहा था। तभी गांव के पास ही स्थित पेट्रोल पंप के सामने आपस में कुत्ते लड़ रहे थे। जिसमें उलझ कर वह नीचे गिर गया। एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को उसी समय नगर कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। इसके बाद प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया था।

बताया गया है कि प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित के परिजन उसे घर ले गए थे और समय.समय पर वैक्सीन भी लगवाई तीनों वैक्सीने लगने के बाद बीते दिवस उसकी हालत खराब हो गई । जिसे कायमगंज अस्पताल में लाया गया। यहां से लोहिया अस्पताल तथा लोहिया अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# गरीबों के उत्थान में समर्पित रहा भगवानदीन पटेल का सम्पूर्ण जीवन: आर के सिंह पटेल



**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट के सांसद आर के सिंह पटेल के स्व0समाजसेवी पिता भगवानदीन सिंह पटेल की तृतीय पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों समेत हजारों क्षेत्रवासियों ने रगौली महाविद्यालय पहुंचकर पुष्पांजलि देकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सांसद ने ठंड से बचाव को क्षेत्र के सैकडों गरीबों को कम्बल वितरित किये(बुढ़वार को) रगौली महाविद्यालय में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के पिता स्व0भगवान दीन सिंह पटेल की तृतीय पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी,नरेंनी विधायक ओममणि वर्मा,मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी,पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय,जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट अशोक जाटव,जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा सुनील पटेल,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता,राजेश्री द्विवेदी,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा,गुलाब पटेल,सुशील द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर,व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम केशरवानी,उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी,जिला मंत्री ऋषि आर्या, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल एवं मटटू साहू आदि हजारों लोगों ने शिरकत कर सांसद के स्व0 पिता भगवानदीन सिंह पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि देकर विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल ने क्षेत्र के गरीबों को ठंड से बचाव को कम्बल,गरीब महिलाओं को साडी के अलावा ब्राम्हणों को शाल और धोती बांटकर पुण्यलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि उनके पिता स्व0भगवानदीन सिंह पटेल का सम्पूर्ण जीवन क्षेत्र के गरीबों के उत्थान एवं क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पित रहा है।उनके आर्शीवाद के प्रतात से परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के विकास के रास्ते पर आगे बढ रहा है।उन्होने पिता के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

## क्विक न्यूज

### जज के सुरक्षा गार्डो के साथ अभद्रता करने वाले फौजदारी अहलमद की कार सीज

**संवाददाता घाटमपुर।** बुद्यवार शांम सिविल जज के सुरक्षा गार्डो के साथ अभद्रता करने वाले फौजदारी अहलमद की कार सीज कर दी गयी। बताया जाता है कि रोज की तरह आज न्यायालय बन्द होने के बाद सिविल जज अपनी कार से आवास जा रहे थे, बताते हैं जज और न्यायालय की सुरक्षा में लगे होमगार्ड के जवान उनकी कार निकलवा रहे थे लेकिन फौजदारी अहलमद घनश्याम की कार उप जिला अधिकारी के न्यायलय के सामने खड़ी होने से जज की कार नही निकल पा रही थी, और जब गार्डो ने कार हआने को कहा तो कार हटाने के लिये, इसी बीच फौजदारी अहलमद घनश्याम आकर जज को नशीहत देने लगे की जज साहब आप गाड़ी नही चला पाते उतरिये मै निकाल दूगा, बताते हैं ये बात जज को नागवर लगी और उतर कर अपनी अदालत में जा बैठे तथा एसडीएम अमित ओमर को अपने कार्यालय बुलाकर फौजदारी अहलमद की अभद्रता पर नराजगी जतायी तथा कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह को तलब कर कार को सीज करने का आदेश दिया, उधर कोतवाली रामबाबू सिंह कार को कोतवाली लाकर खड़ा करा दिया। एसडीएम अमित ओमर ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जायेगी।

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों के संचालित होने का समय बदला

**घाटमपुर।** जिलाधिकारी कानपुर नगर बिशाख जी अय्यर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में अत्याधिक कोहरा और ठन्ड पड़ने के कारण कक्षा 1से 8 तक के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के संचालन का समय बदल दिया गया है। जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर सुरजीत कुमार सिंह द्वारा जारी प्रेस बिज्ञप्ति में कहा गया है कि अग्रिम आदेश तक क़क्षा 1 से 8 तक के सरकसरी और गैर सरकारी विद्यालय प्रातः 10 से 3 बजे तक संचालित होंगे।

### अतिक्रमण मुक्त होने का लेखपाल ने मंडलायुक्त को दिया प्रमाणपत्र

**जालौन (उरई)।** सरकार सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए गांव स्तर पर अभियान चला चुकी है। लेखपाल मंडलायुक्त को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न होने का प्रमाण पत्र भी दे चुके हैं। इसके बाद भी ग्राम सभा की जमीन पर तथा आम रास्तों पर अवैध कब्जा बना हुआ है। काशीपुरा मौजा में स्थित चकरोड पर कब्जा होने के कारण किसानों को दिक्कत हो रही है तथा कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विकास खंड के मौजा काशीपुरा के गाटा संख्या 105 चकरोड में दर्ज है। इस चकरोड से आसपास के किसान अपने अपने खेतों में जाते हैं तथा कृषि उपकरण लेकर खेतों में जाते। आम रास्ते पर पड़ोसी किसान सतीश, विशाल, अरविंद आदि ने अवैध कब्जा कर लिया है। चकरोड पर कब्जा होने के कारण आसपास के किसानों को खेत में पहुंचने तथा कृषि उपकरणों लेकर निकलने में दिक्कत होती है। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि उन्होंने चकरोड पर कब्जा होने की शिकायत कई बार समाधान दिवस में की। इसके बाद भी चकरोड को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है। लेखपाल शिकायत का गलत निस्तारण कर देते हैं।

### नालबन्द जुआ के खेल में लगते लाखों के दांव

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के पडरी पंवारी गांव में नालबन्द जुआ का खेल धडल्ले से चल रहा है। जुआ के खेल में दूर-दूर से खिलाडी दांव लगाने आ रहे हैं। जुआ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी इलाका पुलिस खामोश है। बुधवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के पडरी पंवारी गांव में नालबन्द जुआ का खुलासा हुआ। बताया गया कि जुआ के खेल में आसपास के नामी खिलाडी दांव लगाने आ रहे हैं। रोजाना लाखों का नालबन्द जुआ हो रहा है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। रैपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में अपराध के जन्मदाता जुआ पर कोई अंकुश लगाने का प्रयास नहीं कर रही। नालबन्द जुआ के खेल में जुआरी बेखौफहोकर दांव लगाने जाते हैं। जुआरी लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पुलिस की लापरवाही से थाना क्षेत्र जुआ का बडा अड्डा बन गया है। सूत्रों ने बताया कि जुआरियों से थाना पुलिस की सेटिंग है। पुलिस को नालबन्द जुआ संचालक चढावा चढाने का कार्य करता है। ऐसे में पुलिस भी खामोशी धारण किये है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**पुखरायां।** कानपुर देहात भोगनीपुर के कानपुर-झांसी रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराने को भेजा है। चांदापुर निवासी अंसारी ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे उनका खेत है। मंगलवार को उनकी पुत्री शहनाज खेत जा रही थी तभी झांसी की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। भोगनीपुर थाने के उपनिरीक्षक चैन पाल सिंह बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने को भेजा गया है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की मौत, रिपोर्ट

**पुखरायां, कानपुर देहात।** देर रात मंगलवार को मूसानगर थाना क्षेत्र के सूरजपुरवा गांव में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटने उसमें चालक सीट के बगल में बैठे मजदूर की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मजदूर की पत्नी ने नामदर्ज रिपोर्ट दर्ज करायी है। जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मूसानगर थाना क्षेत्र के अतबलपुर निवासी मृतक मजदूर सुनील (35) की पत्नी प्रीति ने बताया कि बीते मंगलवार को गांव के ही ट्रैक्टर मालिक कैलाश ने उनके पति को मजदूरी करने को घर से ले गए थे। देर रात जब वह घर वापस नहीं लौटे तो खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार भोर पहर राहगीरों ने खेतों में युवक के शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची उसकी पत्नी ने शव की शिनाख्त अपने पति के रूप में की। मृतक की पत्नी ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि गांव के ही कैलाश ने तेज रफ्तार अनियंत्रित ढंग से ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से आगे बैठे उनके पति की मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी नीलिमा यादव व पुलिस उपाधीक्षक तनु उपाध्याय ने मौका मुआयना किया। साथ ही आरोपी को जल्द पकड़ने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। इस बाबत थाना प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि मृतक की पत्नी प्रीति की तहरीर पर ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

### मासूम के अपहरण की खबर सुनकर गांव पहुंचे आईजी जोन

**पुखरायां। कानपुर देहात** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव मे शाम होते ही एक मासूम का बदमाशों ने अपहरण कर लिया। परिजनों की तहरीर पर भोगनीपुर थाने में अज्ञात के खिलाफअपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी होने पर कानपुर के आईजी जोन घटना स्थपर पहुंचकर छानबीन की। दौलतपुर निवासी सोबरन सिंह की आठ वर्षीय मासूम पुत्री घर के पास खेल रही थी। तभी देरशाम करीब सात बजे अज्ञात बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। मासम देररात तक घर नहीं पहुंची तो गांव के आसपास खेतों में उसकी तलाश की गई। लेकिन रात तक उसका कुछ पता नहीं चला। परेशान होकर परिवार वालों ने भोगनीपुर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफअपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। अपहरण की सूचना पाकर कानपुर जोन के आईजी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से चारों तरफतलाश करने एवं दबिश देकर मासूम को बरामद करने के निर्देश दिये हैं। मासूम

## नवल किशोर अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत महामंत्री बने



**राठ(हमीरपुर) ।** अधिवक्ता संघ राठ के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर नवल किशोर नगाइच 11 मतों से विजयी हुए। वहीं महामंत्री पद पर सुरेंद्र सिंह राजपूत निर्वाचित हुए हैं। अधिवक्ता संघ राठ का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। इसमें 151 अधिवक्ता मतदाताओं ने अध्यक्ष पद के दो दावेदारों में नवल किशोर नगाइच को जीत दिलायी है। जिसमें नवल किशोर नगाइच को 81 मत मिले हैं। वहीं इनके प्रतिद्वंद्वी जमुनादीन राजपूत को 70 मत मिले हैं। महामंत्री पद पर तीन दावेदारों में सुरेंद्र सिंह राजपूत, अशोक कुमार एवं हरनारायण ठगेले चुनाव मैदान में थे। जिसमें सुरेंद्र सिंह राजपूत 89 मत प्राप्त कर विजयी हुए हैं। वहीं अशोक कुमार को 60 मत एवं हरनारायण ठगेले को दो मत प्राप्त हुए हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम दिलीप कुमार राजपूत, उपाध्यक्ष तृतीय राजेंद्र कुमार महान, कनिष्ठ सदस्य शिवेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद पाल निर्विरोध चुने गए। इस चुनाव को चुनाव अधिकारी जुगलकिशोर त्रिपाठी, हरिशंकर रावत एवं सहायक चुनाव अधिकारी जय सिंह राजपूत व वारेलाल अहिरवार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर संतोष श्रीवास्तव, गनपत सिंह महान आदि मौजूद रहे।

### एक्स ह्यूमन शो ने किया मंत्रमुग्ध

**लखनऊ।** युवाओं पर केंद्रित ब्रैंड पेप्सी और फैशन लेबल ह्यूमन ने दर्शकों को अपने नए आकर्षक कलेक्शन से लुभाने के लिए हाल में एक दिलचस्प फैशन शो आयोजित किया। बॉलीवुड अदाकारा सारा अली खान इस फैशन शो में शोस्टॉपर के तौर पर शामिल हुईं और कलेक्शन का एक बेहद आकर्षक फैशन पीस पहनकर 200 फुट रैंप वॉक पर प्रस्तुति दी। प्रणव मिश्राए को.फाउंडर एवं सीईओ ह्यूमन ने कहा, फैशन इंडस्ट्री में अपनी दस साल के सफर का जश्?न मनाते हुए हमने इस फैशन प्रस्तुति के लिए पेप्सी के साथ हाथ मिलाया है।

# गांवों के विकास में पंचायत सदस्यों की सहभागिता बेहद जरूरी:बीडीओ

संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)



**डकोर क्षेत्र** पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण विषय पर पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा खंड विकास अधिकारी बीके कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करके शासन की योजनाओं को ग्राम पंचायतों में लागू कराएं।

मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार यादव उप निदेशक पंचायत ने कहा की विकास कार्यों में जन सहभागिता आवश्यक है हम तभी सफलतापूर्वक विकास करा सकेंगे। जब सार्वजनिक संपत्ति को जनता अपनी संपत्ति अपनी संपत्ति मानने लगेगी। विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सतत विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है सुखलाल कुशवाहा प्रशिक्षक ने कहा कि क्षेत्र पंचायत केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग कर विकास कार्य कराये। उन्होंने पंचायत कल्याण कोष तथा मातृभूमि योजना के बारे में बताया। गोविंददास प्रशिक्षक ने क्षेत्र पंचायत के गठन एवं समितियों के बारे में बताएं क्षेत्र पंचायत के कार्य को आसान बनाने के लिए छह समितियों का गठन किया गया है ।ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के द्वारा अपनी स्वयं की आय अर्जित करना पड़ेगी । राधा राजपूत, स्माइल, रविंद्र कुमार, रश्मि, प्रीति, अशोक, रानी, उषा, रानी, सीता, प्रेमचंद्र, अनिल कुमार, मनोज राजपूत, मोहित गुप्ता, संजय राजपूत, राम गोविंद, पूनम, भागीरथी, अशोक कुमार चंदवानी, गुलाब सिंह, विनीत कुमार, एजाज खान, शिवशंकर, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## गले में पेंसिल का छिलका फंसने से मासूम छात्रा की मौत

**राठ( हमीरपुर )।** घर में स्कूल का होमवर्क करते समय मुंह से पेंसिल छील रही मासूम के गले छिलका फंस गया। जिससे कक्षा एक की मासूम छात्रा की मौत हो गई।

कोतवाली के पहाड़ीवीर गांव निवासी नंदकिशोर के तीनों बच्चे आज शाम छत में होम वर्क कर रहे थे उसकी 6 वर्षीय पुत्री



अर्तिका गांव में प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थी, स्कूल का होमवर्क करने के लिए मुंह में कटर दबा कर पेंसिल छील रही थी। तभी उसका छिलका गले में जा फंसा जिससे वह तड़पने लगी परिवारीजन उसे सीएचसी राठ इलाज के लिये ले गये मगर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने पर निकाला मौन जुलूस




संवाददाता। फतेहपुर

**झारखंड प्रांत** में जैन धर्म के तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के बाद जैन समुदाय के लोग उग्र हो गये हैं। बुधवार को स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर से मौन जुलूस कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पांच सूत्रीय मांगों को पूरा किये जाने की आवाज उठाई। श्री 1008 भगवान नेमिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर व धर्मशाला के अध्यक्ष आनंद कुमार जैन की अगुवाई में मौन जुलूस मंदिर जी से निकला। जुलूस में बड़ी संख्या में जैन समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चे शामिल रहे। जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि झारखंड राज्य स्थित जैनियों के महान शास्वत तीर्थ श्री सम्मेद शिखरजी को सरकार ने हाल ही में पर्यटन स्थल घोषित किया है जबकि जैन समुदाय का यह सबसे पवित्र तीर्थ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस महान तीर्थ को तीर्थराज भी कहा जाता है।

इस तीर्थ क्षेत्र से जैन धर्म के 20 तीर्थकर भगवान ने मोक्ष प्राप्त किया है। उनके साथ ही आनंतानंद ऋषि मुनियों ने भी इस पावन पवित्र तीर्थ से मोक्ष को प्राप्त किया है। सदियों से इस पावन तीर्थ स्थल पर जैन समाज के लोग दर्शन व यात्रा करते चले आ रहे हैं लेकिन हाल ही मे सरकार ने इस पवित्र तीर्थ की पवित्रता को नष्ट करने का कुचक्र रचा है। राष्ट्रपति से मांग किया कि तीर्थराज को पर्यटन स्थल घोषित करने के आदेश को वापस लिया जाये, पर्यटन स्थल घोषित होने पर यहां मांस, मदिरा आदि के सेवन के रास्ते खुल जायेंगे जिससे जैनियों की भावनाएं आहत होंगी, तीर्थ क्षेत्र की गरिमा व पवित्रता को आघात पहुंचेगा, तीर्थ की शुद्धता भंग होते हुए अशुद्धि का वातावरण स्थापित होगा, जैन समाज अंहिसक विचारधारा का है लेकिन पावन तीर्थ मूक पशुओं का कत्ल होने के रास्ते खुलेंगे। इस मौके पर अजय जैन, अजय कुमार जैन पप्पू, कुलदीप जैन उर्फजौन, देवेंद्र जैन, दीपक जैन, संदीप जैन, अमित जैन, मोहित जैन, रीना जैन, सरला जैन, स्वाती जैन, माही जैन, सीमा जैन, गुनगुन जैन सहित जैन समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम ने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर प्रभारी को दिए दिशा निर्देश

**खागा ( फतेहपुर )।** किसान अपने धान की बिक्री के लिए क्रय केंद्रो मे मारे मारे घूम रहे है लेकिन उनका धान खरीदा नही जा रहा है। तहसील क्षेत्र के अधिकांश धान क्रय केन्द्रों के हालात बद से बदतर है। हालत यह है कि किसान अपना धान बेंचने के लिए क्रय केन्द्र मे ही बोरिया बिस्तर लिए पड़े है। समस्या को देखते हुए एसडीएम मनीष कुमार ने हथगाम क्रय केंद्र की क्षमता बढ़ाते हुए खरीद तेजी से शुरू कराने के निर्देश दिए है। हथगाम इटैली, पट्टीशाह, सुल्तानपुर घोष, जगजीवनपुर धान क्रय केन्द्र है। यहाँ किसान अपना धान बेंचने के लिए पहुंचते है लेकिन किसानों का धान खरीदा नहीं जा रहा है। शिकायत पर एसडीएम मनीष कुमार हथगाम क्रय केंद्र पहुंचे। वहा किसानों की समस्या को देखते हुए दो कांटे तौल के लिए करा दिए। जिससे केंद्र की क्षमता 600 क्विंटल हो गयी है। अब किसान आसानी से अपना धान क्रय केन्द्र मे बेंच सकेंगे। इसके साथ साथ इटैली, पट्टीशाह, सुल्तानपुर घोष जगजीवनपुर केंद्र मे भी किसानों का धान खरीदा जाएगा।

# मारपीट में घायल युवक के मौत की अफवाह से माहौल गरमाया



**पुखरायां, कानपुर देहात ।** कस्बे की नेतराम गली में रविवार को दो पक्षों में चले ईंट पत्थर से घायल युवक की मौत होने की अफवाह फैलने से माहौल गरम हो गया। जिससे लोगों ने पुलिस चौकी का घेराव कर लिया। आईजी जोने के पहुंचने और हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तारी कराने के अश्वासन पर मामला शांत हुआ। मालूम हो कि गत रविवार को कस्बे की नेतराम गली में दो पक्षों के मध्य ईंट-पत्थर चले थे। जिसमें विशाल नाम का युवक घायल हो गया था। जिसको इलाज कराने के कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को कुछ अराजक तत्वों ने विशाल की मौत हो जाने की अफवाह फैला दी थी। जिससे अचानक माहौल गरमा गया। जिसको लेकर मोहल्ले वालों ने पुलिस चौकी का घेराव कर लिया। जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक व आईजी कई थाने का फोर्स तथा पीएसी बल लेकर पुखरायां पहुंचे। जहां पर ताबड़तोड़ छापे मारकर आधा दर्जन से युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं ललित गुप्ता के पक्ष के विशाल पुत्र गंगाचरण की हालत ज्यादा नाजुक बनी हुई है। आई जोन ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया है।

## पुलिस ने लाठी चलाने वाले आरोपी को दबोचा, हिस्ट्रीशीटर फरार

**सरीला( हमीरपुर )।** कस्बे में साधन सहकारी समिति में खाद वितरण के समय किसानों पर रौब गांठ रहा हिस्ट्रीशीटर अपराधी भीड़ को काबू में करने पहुंचे चौकी प्रभारी दरोगा से भिड़ गया। मौका पाकर उसके पिता ने चौकी प्रभारी के सिर पर लाठी से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने हमला करने वाले को दबोच लिया है। पुत्र की तलाश की जा रही है।बुधवार को साधन सहकारी समिति में खाद का वितरण हो रहा था। एक सैकड़ा से अधिक किसान समिति पर मौजूद थे। इसी बीच समिति के पास रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अपराधी अखिलेश राजपूत मौके पर पहुंचकर किसानों को रौब दिखाने लगा। जिससे किसान आक्रोशित होने लगे। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी गौरव चौबे व सिपाहियों से अपराधी अखिलेश की बहस हो गई। इसी बीच उसके पिता रामस्वरूप लोधी ने डंडे से चौकी प्रभारी के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। चौकी प्रभारी गौरव चौबे को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की हुई गहन मण्डलीय समीक्षा

संवाददाता। बाँदा (महोबा)



**.विकास कार्यों** एवं कानून व्यवस्था की मण्डलीय समीक्षा बैठक जनपद महोबा के कलेक्ट्रेट सभागर में आयुक्त श्री आरण् पीण् सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में महोबाए बांदाए चित्रकूट एवं हमीरपुर की मण्डलीय समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम लघु सिंचाई विभागए चैक डैम निर्माण के सम्बन्ध में व नहरोंए फाइल टेल तक पानी पहुंचाने तथा चेकडेम निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। मंडलायुक्त नें टेल तक पानी पहुंचाने में हमीरपुरए चित्रकूट का प्रतिशत बहुत ही कम होने पर इसकी भौतिक प्रगति रिपोर्ट मांगी और कहा है कि अपना कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण करें। इसी क्रम में उन्होंने कहा की गड्ढा मुक्त सड़कों की प्रगति रिपोर्ट जिलाधिकारी मण्डलायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराये तथा सेतु निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए गौसंरक्षणए में 20065 गायें सहभागिता में दी जा चुकी है। जिस पर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि कोई भी गौवंश भूखा न रहे तथा उनके छाया का उचित प्रबन्धए शतप्रतिशत टीकाकरण के साथ ईयर टैगिंग का भी कार्य किया जाये।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एण्डीण् चिकित्सा से समीक्षा के दौरान मण्डल में 76 डॉक्टरों के सापेक्ष वर्तमान में 17 डॉक्टर पूरे मण्डल में है। इस पर लक्ष्य के सापेक्ष डॉक्टरों की नियुक्ति विभाग से मांग करके पदों के सापेक्ष करने हेतु कहा। और उन्होंने उनसे यह भी कहा कि हेल्थ एटीएम के वर्कर को प्रशिक्षण अनिवार्य दिया जाये और कहा कि सभी सीएमओ को निर्देश दिये की दवा के स्टॉक में वैधता समाप्ति ;एक्सपायरीद्ध दिनांक अवश्य चेक करवाये ताकि किसी भी रोगी को वैधता समाप्ति दवा न मिल सके। गोल्डन कार्डए महिलाध्पुरूष नसबन्दी मण्डल के तीन जनपदों में डॉयलऐसिस व्यवस्था चालू हो गयी है। जनपद महोबा में एक सप्ताह के अन्दर व्यवस्था चालू हो जायेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में गहन समीक्षा करते हुये कहा की अनुभव के साथ कार्य करने से कार्य में तेजी रहती है तथा अनुभवी लोग इस कार्य को जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करें। पंचायत राज की समीक्षा के दौरान सामुदायिक शौचालयए हेण्डपम्प रिबोर तथा पंचायत भवन निर्माण की समीक्षा में उन्होंने अमृत योजना तथा स्वच्छ भारत मिशनए खुले में शौच मुक्त तथा खुले में शौच करने वाले व्यक्ति को दण्डित किये जाने के भी निर्देश दिये। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजनाए राष्ट्रीय आजीविका मिशन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि लाभ पात्र व्यक्ति को ही मिलना चाहिए और लाभार्थी को जिस कार्य के लिए लाभान्वित किया जाये उस कार्य के लिए प्रेरित करना ही लाभार्थी के लिए हितकर होगा। मछली पालन में समिति और व्यक्तिगत तालाबों के बारे में समीक्षा की और पूछां कि कोई भी समिति विवादित तो नहींए जिस पर सम्बन्धित ने बताया कि मण्डल में कोई भी समिति विवादित नहीं है। उद्यान विभाग ने बताया कि चारों जनपदों में 500.500 मौसमी लगाये जाने की कार्य योजना शासन को भेजी गयी है जिस पर आयुक्त महोदय ने कहा कि मौसमी के साथ.साथ आंवलाए संतराए अमरूदए अंजीरए एपिलए बेर का भी एरिया निर्धारित करें और उत्पादन बढायें। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान पेंशन छात्रवृत्ति अल्पसंख्यक विभाग महिला कल्याण विभागए कन्या सुमंगलाए आंगनवाड़ी भवन निर्माण तथा दुग्ध विकास की समितियों के गठन के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की और कहा की लक्ष्य के सापेक्ष समितियों से दूध प्राप्त करने हेतु किसानों और समितियों से समन्वय स्थापित करनें से दूध की प्राप्ति ज्यादा होगी। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने चेकिंग अभियान में लापरवाही में माहिर शिक्षकों को नौकरी से बाहर करने जैसी कार्यवाही करने के निर्देश सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिये।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिये की छापामारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को ब?ायें।

# नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा नेपाली कांग्रेस पार्टी के संसदीय दल के नेता चुने गए

भाषा। काठमांडू



**प्रधानमंत्री शेर** बहादुर देउबा नई सरकार में प्रधानमंत्री पद के लिए नेपाली कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवार होंगे। बुधवार को उन्हें नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया जिससे पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का उनका रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रिकॉर्ड पांचवीं बार के प्रधानमंत्री देउबा (76) ने पार्टी के संसदीय दल के नेता के चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं पार्टी महासचिव गगन कुमार थापा को 39 मतों से हराया। उनके मुताबिक, मतदान में नेपाली कांग्रेस के सभी 89 सांसदों ने हिस्सा लिया। इसमें 76 वर्षीय देउबा को जहां 64 वोट मिले, वहीं 45 वर्षीय थापा को महज 25 मत हासिल हुए।

संसदीय दल के नेता पद के चुनाव में जीत का मतलब है कि 20 नवंबर के आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने के बाद देउबा संभवत: अगली सरकार का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री देउबा ने उन्हें संसदीय दल का नेता बनाने के लिए सांसदों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह व्यवधानों से मुक्त पार्टी बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा, सभी ने मुझे जीतने में मदद की। आपको बहुत बहुत धन्यवाद। आने वाले दिनों में मैं इस पार्टी को अच्छी तरह आगे बढ़ाकर उसे व्यवधानों से मुक्त रखूंगा। थापा संसदीय दल के नेता के चुनाव में देउबा के एकमात्र प्रतिद्वंद्वी थे। दोनों उम्मीदवारों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया था।नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम चंद्र पौडेल ने देउबा के नाम का प्रस्ताव किया था, जिसका पार्टी के एक अन्य नेता पूर्ण बहादुर खड़का ने समर्थन किया। डॉ. शेखर कोइराला ने थापा के नाम का प्रस्ताव किया था, जिसका विश्व प्रकाश शर्मा, प्रदीप पौडेल और धनराज गुरुंग ने समर्थन किया था। माई रिपब्लिका अखबार के मुताबिक, मतदान केंद्र में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, इस पर असहमति के कारण बुधवार को चुनाव में लगभग एक घंटे की देरी हुई। अखबार के अनुसार, नेपाली कांग्रेस के सांसदों को अपने निर्वाचन प्रमाणपत्र के साथ मतदान स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। नेपाली कांग्रेस इस हिमालई देश की एकमात्र पार्टी है, जो संसदीय दल के नेता के लिए चुनाव कराती है। हाल के इस आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस ने प्रतिनिधि सभा की 89 सीट पर जीत दर्ज की थी। इनमें से 57 सीट पार्टी को प्रत्यक्ष मतदान और 32 सीट आनुपातिक प्रतिनिधित्व चुनाव प्रणाली के जरिए हासिल हुई थीं।

## कोविड-19: बाद चीन में बड़ी संख्या में मौत की आशंका

भाषा। लंदन



**कोविड-19 के** नए स्वरूप से उत्पन्न स्थिति को लेकर जहां भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को तत्काल बैठक आयोजित की, वहीं विभिन्न आंकड़ों के विश्लेषण से संकेत मिलता है कि चीन में सख्त जीरो कोविड नीति को वापस लिए जाने के बाद संक्रमण के मामलों में भारी वृद्धि और बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो सकती है।

द इकोनॉमिस्ट में प्रकाशित हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, लोगों के संक्रमित होने की दर और अन्य परिस्थितियों के अध्ययन के आधार पर लगभग 15 लाख चीनी नागरिकों की मौत की आशंका जताई गई है। ए आंकड़े अन्य हालिया आंकड़ों से भी मेल खाते हैं, जिनमें द लांसेट पत्रिका की पिछले सप्ताह की एक रिपोर्ट भी शामिल है। इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि चीन में पाबंदियों में ढील दिए जाने के बाद कोरोना वायरस संक्रमण से 13 लाख से 21 लाख लोगों की मौत हो सकती हैं। द लांसेट की रिपोर्ट में कहा गया है, मौतों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है। यह बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बुजुर्गों और कमजोर लोगों को कितनी संख्या में कोविड-रोधी टीके लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है, ब्रिटेन के सीरोलॉजिकल अध्ययनों से पता चला है कि देश में लगभग सभी में सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ एंटी-बॉडी हैं। चीन के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन उनमें प्राकृतिक प्रतिरक्षा का स्तर निश्चित रूप से कम होगा। महामारी के दौरान देश में कोविड-19 के 20 लाख से भी कम मामले दर्ज किए गए थे।

## क्विक न्यूज

### रूसी रक्षा मंत्री ने सैनिकों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाने का ऐलान किया

**मास्को।** यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रूस के रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश के सैन्यकर्मियो की संख्या 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख की जाएगी। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने बुधवार को कहा कि इसमें 6,95,000 स्वयंसेवी अनुबंधित सैनिक शामिल होने चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह नही बताया कि सेना यह संख्या कब तक बढ़ाने की योजना बना रही है।शोइगू ने कहा कि फिनलैंड और स्वीडन की उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की योजना के मद्देनजर रूसी सेना देश के पश्चिम में नई इकाइयां स्थापित करेगी।रक्षा मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शीर्ष सैन्य अधिकारियो के बीच एक बैठक के दौरान यह जानकारी दी।

### क्रिसमस में यात्रा को सुगम बनाने के लिए भारतीय वीजा पाने की अवधि को काफी कम किया गया: वीएफएस

**लंदन।** महामारी बाद की अवधि में यात्रा मांग बढ़ने से भारतीय वीजा पाने के इच्छुक यात्रियों को काफी विलंब का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन क्रिसमस के व्यस्त समय में इसे घटाकर काफी कम कर दिया गया है। वीजा सुविधा सेवा वीएफएस ग्लोबल ने यहां इस हफ्ते यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में ब्रिटेन के यात्रियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वीजा (ई-वीजा) की बहाली की गई तथा इससे दबाव और कम होने की उम्मीद है। हालांकि, यह दबाव कुछ महीने पहले के मुकाबले 80 फीसदी कम हो चुका है, जब वीजा संबंधी दबाव चरम पर था। नए वीजा आवेदन केंद्रों (वीएसी) के खोले जाने, अतिरिक्त वीजा अप्वाइंटमेंट स्लॉट और बीस्पोक वीजा आप के द्वार (वीएवाईडी) सुविधा के अच्छे परिणाम निकले है। वीएफएस ग्लोबल की सीओओ (यूरोप और स्वतंत्र देशो का राष्ट्रमंडल) युम्मी तलवार ने कहा, त्योहारी मौसम में यह रिपोर्ट देने में बहुत अच्छा लग रहा है कि ब्रिटेन से भारत यात्रा को लेकर किसी अतिरिक्त वीजा सबंधी दबाव का सामना नही करना पड़ रहा है।

## श्रीलंका-भारत के बीच यात्री नौका सेवा शुरू करने का अनुरोध

भाषा। कोलंबो

**हिंद महासागर** क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और श्रीलंका के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में श्रीलंका ने दोनों देशों के बीच यात्री नौका सेवाएं जल्द से जल्द शुरू करने का भारत से अनुरोध किया है। श्रीलंका के बंदरगाह, जहाजरानी एवं उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के संयुक्त सचिव पुनीत अग्रवाल और श्रीलंका के बंदरगाह, जहाजरानी एवं उड्डयन मंत्री निमल सिरीपाला डी सिल्वा के बीच मंगलवार को डी सिल्वा के कार्यालय में बैठक हुई।

बयान में कहा गया है कि श्रीलंकाई मंत्री ने दोनों देशों के बीच यात्री नौका सेवा परियोजना के लिए भारत सरकार से समर्थन देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए नौका सेवाओं के विस्तार से दोनों देशों के बीच यात्रा आम लोगों के लिए सस्ती हो जाएगी और माल की ढुलाई के माध्यम से श्रीलंका और भारत के बीच व्यापार का विस्तार करने के अवसर मिलेंगे। जाफना जिले के कांकेसंथुराई बंदरगाह और पुडुचेरी के बीच अगले साल जनवरी से दोनों देशों द्वारा यात्री नौका सेवा शुरू किए जाने की भी उम्मीद है। मंत्री ने निर्माण क्षेत्र में वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव के मद्देनजर कांकेसंथुराई बंदरगाह के विकास के लिए दी जाने वाली रियायती ऋण राशि में वृद्धि किए जाने का भी अनुरोध किया। भारत ने उत्तरी श्रीलंका में कांकेसंथुराई हार्बर को एक वाणिज्यिक बंदरगाह के रूप में उन्नत करने और क्षेत्रीय समुद्री केंद्र बनने के श्रीलंकाई प्रयासों को मजबूत करने के लिए 2018 में चार करोड़ 52 लाख 70 हजार डालर की वित्तीय सहायता प्रदान की थी।


## गंध पहचानने की क्षमता में कमी लॉन्ग कोविड का सर्वाधिक व्याप्त लक्षण : अध्ययन

**लंदन।** गंध पहचानने की क्षमता खत्म होना या इसमें कमी आना लंबे समय तक मौजूद रहने वाले कोविड के सर्वाधिक व्याप्त लक्षणों में से एक है। एक नए अध्ययन में यह कहा गया है। अध्ययन के अनुसार, कोविड का लंबे समय तक असर रहने के कारण लगभग एक तिहाई मरीजों की गंध पहचानने की क्षमता कम हो गई और लगभग 20 प्रतिशत मरीजों में स्वाद नहीं मिलने जैसे लक्षण पाए गए।

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया (यूईए), ब्रिटेन की टीम ने लंबे समय तक कोविड का असर रहने से विशेष रूप से कान, नाक और गले से संबंधित लक्षणों की जांच की, जिनमें गंध पहचानने की कमी और पेरोस्मिया (गंध को लेकर भ्रम) शामिल है। अध्ययन के परिणाम शोध पत्रिका इंटरनेशनल फोरम ऑफ एलर्जी एंड राइनोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के नापाक मंसूबों को कुचलने का संकल्प लिया

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देशभर में आतंकवाद की फिर से बढ़ती घटनाओं के बीच अराजकता फैलाने का इरादा रखने वाले आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को कुचलने का बुधवार को संकल्प लिया और कहा कि सरकार किसी आतंकवादी संगठन के आगे घुटने नहीं टेकेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद की फिर से बढ़ती घटनाओं ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को नया खतरा पैदा कर दिया है। हमारे सतर्क सुरक्षा बल इस खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के आतंकवाद-रोधी केंद्र में दो दिनों से कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने के मामले में वार्ता विफल होने के बाद सुरक्षा बलों ने मंगलवार को धावा बोल दिया था और सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराया था। बंधक संकट को समाप्त करने के लिए सरकार और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बीच वार्ता विफल होने के बाद शुरू किए गए बचाव अभियान में विशेष बलों के दो कमांडो भी मारे गए। शरीफ ने इस एक दिन पहले की इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा का संवेदनशील मामला है और इससे निपटने के लिए मिलकर सोचना और कदम उठाने की योजना बनाना आवश्यक है। सरकार द्वारा संचालित रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि प्रधानमंत्री ने हालिया आतंकवादी घटनाओं की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आतंकवाद की फिर से बढ़ती घटनाओं के बीच पाकिस्तान में अराजकता फैलाने का इरादा रखने वाले आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को कुचलने का बुधवार को संकल्प लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार किसी आतंकवादी समूह के आगे घुटने नहीं टेकेगी और आतंकवादियों से कानून एवं संविधान के अनुसार निपटा जाएगा। शरीफ ने कहा कि सरकार आतंकवादियों को बाहर से मिलने वाली मदद और उनके ठिकानों से भी निपटेगी। उन्होंने सशस्त्र बलों की कार्वाई की सराहना करते हुए कहा कि पूरा देश अपने बहादुर बलों का समर्थन करेगा और आतंकवाद पर अंतत: अंकुश लगाएगा।

### तालिबान लड़ाकों ने महिलाओं के विश्वविद्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई

**काबुल (एपी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को तालिबान सुरक्षा बलो ने विश्वविद्यालयो में महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगाकर उनके लिए उच्च शिक्षा के द्वार बंद कर दिए है। इस फैसले के बाद मिले एक वीडियो में महिलाएं एक (विश्वविद्यालय) परिसर के बाहर रोती-बिलखती और एक-दूसरे को सात्वंना देती नजर आ रही है। एक दिन पहले ही देश के तालिबान शासको ने आदेश जारी कर देशभर में महिलाओ के निजी एवं सरकारी विश्वविद्यालयो में पढ़ने पर तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Punit Sahni & Mr. Deepak Sahni is owner of Portion admeasuring 195 sq. yds. Part of Property No. 65, area admeasuring 500 sq. yds., Block-Z, Rajouri Garden, Village Tatarpur, Delhi, vide a two registered sale Deeds dated 13.12.2022, registration No. 31775 executed by Mr. Gurvinder Sethi, who was the owner of the said portion by virtue of Relinquishment deed dated 09.12.2022, registration N. 31476, executed by Mr. Maninder Jit Singh Sethi, Mr. Jatinderjit Sethi & Mrs. Kirandeep Khara, after demise of Late Mr. Jagjit Singh Sethi, All persons are hereby informed that above mentioned owners want to take a loan from ICICI Bank Ltd. against the said portion, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Punit Sahni & Mr. Deepak Sahni in respect of the said portion its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client Deepak Kapoor S/o Sh. Banarsi Lal Kapoor Resident of Flat no. 54-c, third floor, hans vihar society, sector-13, Rohini, Delhi-110085 was the sole proprietor M/s Agua Ceremiche, Shop No.1, Sikanderpur Market, Near Metro Pillar No.50, M.G. Road, Gurgaon, Haryana-122002 and running the business of bathroom fitting tiles and sanitary goods. my client have close his firm from today i.e. 20-12-2022 due to insufficient funds and now become insolvent and unable to repay his liabilities, dues etc. to his debtors. my client is also unable to repay the advance amount to his customers and any previous taxes to the government. my client through me request to his all debtors, customers, concerned government departments not to force him for payment and also not to trouble him and his family members as my clients is presently unable to repay the amount to his debtors, customers, government etc. in case if my client will arrange funds in future, he shall pay the same to his debtors, customers and government without any delay and without any objection.
Parkash Chand (Advocate)
enrl.no.d/9065/2019

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Asha Parashar wife of Om Parkash Parashar owner of AD-61 A Shalimar Bagh New Delhi-110088, has applied for the duplicate paper of the aforesaid house such as Original Fifth & Final Demand Latter, Possession Letter, NOC for the electricity and water connection & Possession Slip. An FIR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch Delhi.

Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with the above-named person at above address/ Phone No. 8376955457 - or Dy. Director SFS (Housing) or Director (Housing) ODA office, Vikas Sadan, New Delhi, within 15 days from the date of publication of this notice.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DBW9340, | DL8SAE3144, | DL7SR2809, |
| DL4SBE0505, | DL6SY1959, | DL7SP4552, |
| DL4SAW4859, | DL8SW2204, | DL7ST2261, |
| DL4SAB7814, | DL8SAN1826, | DL6SD9032, |
| DL4SAL3947, | DL6SX2212, | DL7SC3992, |
| DL4SAM5107, | DL4SBH2161, | RJ0110M3830 |
| DL4SBB4895, | DL8SAM0637, | DL1SL9003, |
| OR02AP9713, | DL7SAA9044, | DL4SY4560, |
| DL4SBD2234, | UP45A9380, | DL8SB1362, |
| HR10K3699, | DL8SAJ6391, | DL8SX1544, |
| DL4SAL0951, | DL9SD7231, | BR20D5782, |
| DL3SAT0265, | DL8SAE6110, | DL4SAG4603, |
| DL3SL3094, | DL8SAH3240, | DL4SAG9835, |
| DL4SR2535, | DL8SL5026, | DL5SR7640, |
| DL4SAM8116, | UP16L2593, | DL3SS3654, |
| DL5SN1690, | DL4SY1839, | DL8SAH7370, |
| DL4SBE0742, | DL4SBE7020, | DL8SN1001, |
| DL6ST5052, | DL4SW2708, | DL4SY2859, |
| DL4SAD0314, | DL8SZ0562, | DL8SNB3547, |
| DL8SA3669, | DL3SAK8945, | DL8SY2837, |
| ENGNO-07 | DL7SAD6375, | DL6SF6280, |
| C7101031, | UP14H8644, | DL1SN2496, |
| DL7SAQ2374, | DL8SNA5781, | DL8SAG4740, |
| DBN2900, | DL2SL1167, | DL8SD8138, |
| DL7SB0232, | DL8SAK2595, | DL7SAB1628, |
| DL7SAD6669, | DL8SQ3806, | DL8SAN1947, |
| DL7SAB7906, | DL8SH6543, | DL8SAJ1104, |
| DL7SAP5364, | DL8SAJ5839 | DL6SJ1314, |
| DNN1731, | UP14AC0034, | DL8SAJ1575, |
| DL7SC0492, | DL8SAE5400, | DL8SA1675, |
| DL7SS4259, | DL8SAJ7005, | DL1S0884, |
| DL8SAJ3987, | DL8SR3804, | DL8SS1866, |
| DL7SAU5175, | DL1SC7377, | DL4SBE8175, |
| DL6SQ9681, | DL8SM6861, | DL8SX0540, |
| DL7SAY0903, | DL6SE0630, | DL6SY5649, |
| DL7SAQ6130, | DL4SC5614, | DL7S4686, |
| DL3SAP0985, | DBN4017, | DL8SF3410, |
| DL5SL1244, | DIP1031, | DL8SAJ8677, |
| DL4SAY2773, | DL8SAG0360, | DL4SNB4222, |
| DL4SAY0122, | DL8SN9839, | DL8SZ0962, |
| RJ14SQ2630, | DL7SAU2377, | DL8SN9475, |
| DL4SV5347, | MH04AT3045, | DL4SBG1456, |
| DL6SX0527, | DL8SAJ6681, | DL7SBA1784, |
| DL4SQ7098, | DDH2915, | DL8SY0938, |
| DL6SL3635, | DL8SG5834, | DL8SAG7155, |
| DL7SAJ1082, | DL8SAN1892, | DL8SAF2539, |
| DL6SF9830, | MP35B7512, | DL4SAG9363, |
| DL6ST6544, | DL1LF4026, | DL8SQ7575, |
| DL6SZ5839, | DL1LF6628, | DL3SAK8222, |
| DL4ST8897, | DL8SAE4517, | DL8SAN1901, |
| DL6SX8179, | DL8SN6246, | DL8SAJ6826, |
| DL6SK8137, | DL8SM4414, | DL8SQ5380, |
| DL3SAQ5005, | DL8SAJ8547, | DL8SAG0746, |
| DL6SY4083, | DL8SN8951, | DL8SAK0160, |
| DDL292, | DL8SZ3732, | DL1SM3557, |
| DL1LC3912, | DL8SG1000, | DL8SR3860, |
| DL1LF6814, | DL8SX0238, | DL6SX4056, |
| 43/7030859CL | UP60J0142, | DL8SA0038, |
| DHI8177, | DL6SD7428, | DL8SP2036, |
| DL8SAJ2958, | DL3SAB1400, | DL8SK9572, |
| DL8SAE5056, | DL5SU5454, | DBI7562, |
| DL8SP1095, | DL7SQ8071, | DL1SP4238, |
| DL8SQ8054, | DL8SZ9791, | DL4SAG2350, |
| DL4SAN1930, | DL7SE3733, | DL8SG6740, |
| DL8SR2769, | DL7SAH6817, | |
| JK02J7845, | UP80J0388, | |

### कार्यालय स्थल की मांग 2023-24 में 10-15 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान: रिपोर्ट

**मुंबई।** आर्थिक वृद्धि दर में कमी के बावजूद चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष 2023-24 में कार्यालय स्थलो को पट्टे पर लेने में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2022-23 में कार्यालय स्थलो को पट्टे पर देने का आंकड़ा बढ़कर 2.8 से तीन करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच जाएगा और फिर मांग में वृद्धि के चलते 3.1-3.3 करोड़ वर्ग फुट तक बढ़ जाएगा। अधिक से अधिक नियोक्ता कार्यालय से काम करना शुरू करेंगे, जिससे यह वृद्धि होगी। क्रिसिल ने कहा कि इस वृद्धि दर पर भी कार्यालय स्थलो की मांग वित्त वर्ष 2019-20 के 4.2 करोड़ वर्ग फुट से कम रहेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन दो वर्षो के दौरान वाणिज्यिक कंपनियों की क्रेडिट प्रोफाइल स्वस्थ बनी रहेगी। यह रिपोर्ट 63,000 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज और 17 करोड़ वर्ग फुट के कुल पट्टे योग्य क्षेत्र वाली कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। क्रिसिल के निदेशक आनंद कुलकर्णी के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में रफ्तार पकड़ने के बाद दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में कार्यालय स्थल की मांग अस्थाई रूप से कुछ कम हो जाएगी। हालांकि, अगले वित्त वर्ष में इसे सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से मजबूत समर्थन मिलेगा।

### ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने के खिलाफ थे गवर्नर दास: एमपीसी बैठक का ब्योरा

**मुंबई।** एक सख्त माहौल में मौद्रिक नीति कार्वाई में समय से पहले रोक लगाना एक महंगी गलती साबित हो सकती है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में पांच अन्य सदस्यो के साथ ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बारे में फैसला करते वक्त भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह राय जाहिर की थी। एमपीसी ने इस महीने की शुरुआत में रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। बैठक के ब्योरे को बुधवार को जारी किया गया। दिसंबर में हुई इस बढ़ोतरी से पहले आरबीआई ने चार बार में रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि की थी। एमपीसी के ब्योरे में कहा गया, मेरा... विचार है कि मौद्रिक नीति कार्वाई में समय से पहले ठहराव का फैसला इस समय एक महंगी गलती साबित होगा। अनिश्चित परिदृश्य को देखते हुए, यह एक ऐसी स्थिति पैदा कर सकता है, जहां बढ़ी हुई मुद्रास्फीति के दबाव को दूर करने के लिए हम खुद को बाद की बैठकों में मजबूत नीतिगत कार्वाई करते हुए पा सकते है।

# फिर कोविड महामारी की आशंका के चलते सेंसेक्स, निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट

भाषा। मुंबई



**चीन में** कोविड महामारी का प्रकोप तेज होने और दुनिया के अन्य देशों में भी संक्रमण बढ़ने के बीच बुधवार को प्रमुख शेयर सूचकांक.. सेंसेक्स और निफ्टी कारोबार के अंत में करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 635.05 अंक या 1.03 प्रतिशत गिरकर 61,067.24 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 763.91 अंक या 1.23 प्रतिशत गिरकर 60,938.38 अंक पर आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 186.20 अंक या 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,199.10 अंक पर बंद हुआ। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चीन के विभिन्न शहर वर्तमान में कोविड के अत्यधिक संक्रामक स्वरूप ओमीक्रॉन, ज्यादातर बीएफ.7, की चपेट में हैं, जो बीजिंग में फैलने वाला मुख्य स्वरूप है। इसी के कारण चीन में कोविड संक्रमण के मामलों में व्यापक उछाल आया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कोविड समीक्षा बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि अभी तक कोविड मामलों की संख्या में समग्र वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन मौजूदा और उभरते स्वरूपों पर नज़र रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक नुकसान में रहे। दूसरी ओर सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, नेस्ले, विप्रो और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। यूरोपीय बाजार दिन में कारोबार के दौरान लाभ में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में मंदड़ियों की पकड़ मजबूत रही, जबकि वॉल स्ट्रीट ने अमेरिकी जीडीपी के आंकड़े जारी होने से पहले गिरावट के रुख को तोड़ दिया। कोविड महामारी के प्रकोप से डरकर फार्मा क्षेत्र में तेजी रही, हालांकि अन्य सभी क्षेत्रों में गिरावट हुई। आईटी शेयरों में भी खरीदारी हुई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बुधवार के सत्र में फार्मा और डायग्नोस्टिक से संबंधित शेयर सुर्खियों में थे और उम्मीद है कि इनकी गति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर यात्रा और पर्यटन, होटल, एयरलाइंस, मनोरंजन और खुदरा कारोबार जैसे क्षेत्रों में कुछ दबाव देखा जा सकता है। बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। बीएसई स्मॉलकैप में 2.18 प्रतिशत और मिडकैप में 1.40 प्रतिशत की गिरावट हुई। क्षेत्रवार बात करें तो उपयोगिता शेयरों में 2.50 प्रतिशत, बिजली में 2.40 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 2.34 प्रतिशत, दूरसंचार में 2.32 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में 2.13 प्रतिशत और जिंस में 1.91 प्रतिशत की गिरावट हुई। स्वास्थ्य देखभाल और आईटी शेयर मुनाफे में रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि प्रमुख सूचकांक चीन और अन्य स्थानों पर कोविड संक्रमण फैसले से दबाव में आ गए। अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.08 प्रतिशत चढ़कर 80.85 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### वायकॉम 18 को पेरिस ओलंपिक खेलों का भारत, उपमहाद्वीप में प्रसारण का अधिकार मिला

**नई दिल्ली।** वायकॉम 18 मीडिया को अगले ओलंपिक खेलों के प्रसारण का विशिष्ट मीडिया अधिकार मिला है। अगले ओलंपिक खेल 2024 में पेरिस में होने हैं। कंपनी को भारत और उपमहाद्वीप क्षेत्र के लिए प्रसारण का अधिकार हासिल हुआ है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और वायकॉम 18 मीडिया की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि कंपनी को गंगवॉन के शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के लिए भी गैर-विशिष्ट अधिकार मिला है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि वॉयकॉक 18 के साथ इस भागीदारी के जरिए भारत और उपमहाद्वीप के दर्शक ओलंपिक खेलों का आनंद ले सकेंगे।

# दास ने चेताया, अगले वित्तीय संकट की वजह बन सकती है निजी क्रिप्टोकरेंसी

भाषा। मुंबई



**निजी क्रिप्टोकरेंसी** जैसे सट्टेबाजी के साधनों को अगर बढ़ने की इजाजत दी गई, तो ए अगले वित्तीय संकट की वजह बन सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को यह चेतावनी दी। उन्होंने साथ ही बिटकॉइन जैसे साधनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की। दास ऐसे साधनों के प्रबल विरोधी रहे हैं और आरबीआई इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय तक गया है।

उन्होंने यहां बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम बीएफएसआई इनसाइट समिट 2022 में कहा, क्रिप्टोकरेंसी... में व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से जुड़े बड़े जोखिम शामिल हैं और हम इस बारे में हमेशा बताते रहे हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछले एक साल के घटनाक्रम इस तरह के साधनों से पैदा होने वाले खतरों के बारे में बताते हैं। इनमें क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज एफटीएक्स का धराशाई होना शामिल है, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक है। दास ने कहा, इतना सब होने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हमें अपने रुख के बारे में कुछ और कहने की जरूरत है। निजी क्रिप्टोकरेंसी का मूल्यांकन 190 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 140 अरब डॉलर रह गया है। उन्होंने कहा कि भारत में बुनियादी आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, लेकिन बाहरी कारकों से अर्थव्यवस्था को कुछ नुकसान होगा। हालांकि, आरबीआई 70 संकेतकों पर नजर रखता है और उनमें से ज्यादातर अच्छी स्थिति में हैं। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में अगले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने वृद्धि दर के अनुमान को पहले के सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। दास ने कहा कि भारतीय वित्तीय क्षेत्र जुझारू बना हुआ है और काफी बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए नियामक और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों, दोनों को श्रेय जाता है।

### बायजू का छात्रों के डेटाबेस खरीदने के आरोपों से इनकार

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजू ने इन आरोपों से इनकार किया है कि उसने छात्रों के डेटाबेस खरीदे हैं। कंपनी ने साफ किया कि वह आंकड़ों के लिए ऐप उपयोगकर्ताओं, स्वयं आने वालों और परामर्श के लिए मिलने वाले अनुरोध पर निर्भर है। बायजू का बयान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा कंपनी को जारी किए गए समन के मद्देनजर आया है। कंपनी ने बुधवार को कहा, बायजू इस आरोप का दृढ़ता से खंडन करती है कि उसने छात्रों के डेटाबेस खरीदे हैं। हम साफ्तौर से कहते हैं कि हमने कभी कोई डेटाबेस नहीं खरीदा है। बायजू इस समय ग्राहकों की कई शिकायतों का सामना कर रही है, जिनमें उस पर शोषण और धोखा देने के आरोप लगाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि उसके 15 करोड़ से अधिक पंजीकृत छात्र हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4201/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 20/12/2022

**ई-निविदा सूचनाः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा, टू - बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सहसपुर | हरनौल पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य अन्तर्गत के सतही/उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 397400.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 2 | सहसपुर | गुजराडा करनपुर पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत सतही/उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343400.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 3 | सहसपुर | हरियावाला कलां पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत नलकूप अधिष्ठापन सतही/उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 350600.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 4 | सहसपुर | विधौली पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत सतही/उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 336300.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 5 | डोईवाला | गुमानीवाला पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत नलकूप अधिष्ठापन उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 561000.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 28.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 28.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 02.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 09.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 13.01.2023 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 13.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 16.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# वनों को अवैध गतिविधियों से बचाने में अहम भूमिका निभाएं आईएफएस अधिकारी: राष्ट्रपति

**भाषा** । नई दिल्ली

**सामाजिक, सांस्कृतिक** और आर्थिक विकास के लिए वनों को आवश्यक बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय वन सेवा के अधिकारियों से वनों को अवैध गतिविधियों से बचाने में प्रभावी भूमिका निभाने को कहा। आईएफएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत वनों में रहने वाले समुदायों के अधिकारों पर विशेष ध्यान दे रहा है। इन अधिकारियों ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुर्मू ने कहा, जनजातीय समुदायों सहित वनवासियों के वनों के साथ सहजीवी संबंध को अब व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है और यह हमारे विकास विकल्पों में शामिल है। यह भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे इन समुदायों को जैव-विविधता के संरक्षण



के प्रति उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करें।

मुर्मू ने कहा कि प्रभावी भागीदारी प्रबंधन और बड़े तथा छोटे उत्पादों के लिए अधिक कुशल बाजार प्रणालियों तक बेहतर पहुंच को लेकर व्यापक सुधार जारी हैं। भारत और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर जंगल में आग लगने की घटनाओं का उल्लेख करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा, हमारे समक्ष न केवल वनों के संरक्षण, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की बड़ी चुनौती भी है। राष्ट्रपति ने कहा, आज हमारे पास शहरी वानिकी, वनों को खतरे कम करना, डेटा संचालित वन प्रबंधन और जलवायु-स्मार्ट वन अर्थव्यवस्थाओं की नई प्रौद्योगिकियां और अवधारणाएं हैं। आपको भारत के वन संसाधनों के स्थाई प्रबंधन के लिए नए आविष्कार करने चाहिए और नए तरीके ढूंढने चाहिए। आपको हमारे वनों को उन अवैध गतिविधियों से बचाने में प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए, जिनका नकारात्मक आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति ने हमें भरपूर उपहार दिए हैं और यह हममें से प्रत्एक का कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें।

राष्ट्रपति ने कहा, पृथ्वी पर सभी जीवों के लिए वन महत्वपूर्ण हैं। उनकी भूमिका वन्यजीवों को आवास प्रदान करने और आजीविका स्रोत होने से लेकर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा बड़े स्तर पर कार्बन को सोखने जैसे कार्यों तक भिन्न-भिन्न हो सकती है। यह दुनिया की कई लुप्तप्राय प्रजातियों को आश्रय उपलब्ध कराता है। मुर्मू ने कहा कि भारत में पाए जाने वाले वनों की विविध श्रेणी शायद ही किसी अन्य देश में पाई जाती है। राष्ट्रपति ने कहा, लघु वनोपज हमारे देश में 27 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका के लिए मददगार है। वनों का औषधियों के भी भारी महत्व है। भारत में केवल 15 प्रतिशत औषधीय पौधों की खेती की जाती है, जबकि 85 प्रतिशत वनों और अन्य प्राकृतिक आवासों से एकत्र किए जाते हैं। मुर्मू ने कहा कि वन अधिकारी हमारी समृद्ध और विविध वन संपदा के संरक्षक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर वह खुश हैं कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं वन सेवा में शामिल हो रही हैं। आप हमारे वनवासी समुदायों की विरासत और संस्कृति के रक्षक भी हैं। भागीदारी सतत प्रबंधन के माध्यम से देश की पारिस्थितिकी स्थिरता को बनाए रखने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## कर्नाटक के मंत्री ने अयोध्या की तर्ज पर राज्य में राम मंदिर निर्माण की मांग की

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के रामनगर जिले के प्रभारी मंत्री सी एन अश्वत्थ नारायण ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर रामदेवराबेट्टा में एक मंदिर बनाने के लिए विकास समिति गठित करने का आग्रह किया है। बोम्मई और धर्मादा मंत्री शशिकला जोले को लिखे पत्र में नारायण ने मांग की है कि कर्नाटक के रामनगर जिले में रामदेवराबेट्टा को दक्षिण भारत के अयोध्या के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। धर्मादा विभाग की 19 एकड़ जमीन का इस्तेमाल करके श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जाना चाहिए। क्षेत्र के लोगों में दृढ़ विश्वास है कि सुग्रीव ने रामदेवराबेट्टा को स्थापित किया था। लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए रामदेवराबेट्टा को एक विरासत और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इससे हम अपनी संस्कृति को प्रदर्शित कर सकेंगे और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



नई दिल्ली में संसद सत्र में हिस्सा लेने के बाद जाती हुईं कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व अन्य नेता।

## तीन सालों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 177 कर्मी ड्यूटी के दौरान शहीद हुए: सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि पिछले तीन वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 177 कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। राय ने राज्यसभा में कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बली (सीआरपीएफ) के सबसे अधिक 98 जवानों ने 2019, 2020 और 2021 के दौरान अपनी जान गंवाई। इसके बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 40 जवान शहीद हुए। आईटीबीपी के 19, असम राइफल्स के 13, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के चार और एसएसबी के तीन जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। मंत्री ने कहा कि मरने वालों के परिजनों को 25 से 45 लाख रुपए तक की केंद्रीय अनुग्रह राशि , उदार पारिवारिक पेंशन, मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, केंद्र सरकार के कर्मचारी समूह बीमा योजना, सामान्य भविष्य निधि जैसे अन्य सभी सामान्य सेवा लाभ दिए जाते हैं।

# बीएसएफ ने पंजाब सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली/अमृतसर।** पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत में कथित तौर पर मादक पदार्थ गिराने वाले पाकिस्तानी ड्रोन को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने रोक लिया, जिससे वह दूसरी तरफ गिर गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के जवानों ने मंगलवार शाम लगभग सात बजकर 20 मिनट पर ड्रोन को मार गिराया और इसे पाकिस्तानी रेंजर्स ले गए। घटना अमृतसर में दाओके सीमा चौकी के निकट हुई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार सुबह जब तलाशी ली गई, तो ड्रोन भारतीय सीमा चौकी भरोपाल के उस पार पाकिस्तान की सीमा में 20 मीटर अंदर गिरा पाया गया। सैनिकों ने बाद में भरोपाल गांव में सीमा बाड़ के पीछे 4.3 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन से भरा एक पैकेट बरामद किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसा संदेह है कि मादक पदार्थ के पैकेट को ड्रोन से गिराया गया।

ड्रोन रोधी उपाय किए जाने के बाद वह (ड्रोन) कुछ मिनटों तक आसमान में उड़ा और फिर लौटते समय जमीन पर गिर गया। पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ही मादक पदार्थों की बरामदगी की भी एक घटना सामने आई है। यह घटना ड्रोन से गिराए जाने से संबंधित नहीं है। बीएसएफ ने मंगलवार देर रात दो बजे के आसपास फजिल्का जिले के एक खेत से 25 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की। फजिल्का जिले के गट्टी अजायब सिंह गांव के पास भारत-पाकिस्तान सीमा पर बाड़ के दोनों ओर कुछ संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद जवानों को सतर्क कर दिया गया। जवानों ने सीमा पर लगी बाड़ के पास पाकिस्तानी तस्करों पर गोलीबारी की। तस्कर घने कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

# मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर के नए भूमि कानूनों का बचाव किया

भाषा । जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को इस केंद्र शासित प्रदेश के नए भूमि कानूनों का बचाव करते हुए कहा कि कुछ लोग बदलावों के संदर्भ में जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि नए भूमि कानून देश के अन्य हिस्सों में लागू कानूनों की तर्ज पर हैं। उपराज्यपाल ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, देश में कानून का राज है और जम्मू-कश्मीर में भी कानून का शासन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा, जनता को लाभ पहुंचाने के लिए जम्मू-कश्मीर में भूमि कानूनों में कई बदलाव किए गए, क्योंकि पुराने कानून प्रतिगामी थे।

भूमि पट्टाधारकों को संपत्तियों का कब्जा छोड़ने के सरकारी निर्देश पर कश्मीर में नाराजगी के बारे में पूछे जाने पर सिन्हा ने कहा कि नए कानूनों से मुश्किल से 400-500 लोग प्रभावित होंगे। इसका गरीबों, दुकानदारों या परिवारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह सच है कि पिछले कानूनों के तहत 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को पांच रुपए में पट्टे पर लिया गया था। (इस संबंध में) उच्चतम न्यायालय का एक फैसला है, जो अब देश का कानून है। सिन्हा ने पत्रकारों से यह भी कहा, मैं उच्चतम न्यायालय का सम्मान करूंगा और इसलिए पूरे देश और हर नागरिक को ऐसा ही करना चाहिए। हम उच्चतम न्यायालय के फैसले के आधार पर नए कानून लेकर आए हैं।

सिन्हा ने यह भी कहा, कुछ लोग (मुद्दे पर) जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी लगभग सभी क्षेत्रीय दलों - नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी - के विरोध के संदर्भ में है। इन दलों ने नए कानूनों को अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में बाहरी लोगों को बसाने का प्रयास करार दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोविड प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने का अनुरोध करने के बाबत पूछे गए सवाल पर सिन्हा ने कहा, हमारा किसी की यात्रा को रोकने का कोई इरादा नहीं है। यात्रा अगले महीने जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने वाली है। सिन्हा ने कहा, कोविड के दौरान कई चीजें रोक दी गईं थी। अगले महीने स्थिति कैसी है, इसके आधार पर (यात्रा को अनुमति देने या न देने को लेकर) निर्णय लिया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में राजनीतिक और लोकतांत्रिक गतिविधियों की पूरी आजादी है, लेकिन राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं।

# गुजरात हाईकोर्ट ने पुल के रख रखाव से जुड़ी कंपनी को नोटिस जारी किया

**भाषा** । अहमदाबाद

**गुजरात उच्च न्यायालय** ने मोरबी पुल के रखरखाव और संचालन में शामिल कंपनी को बुधवार को एक नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए शुरू की गई सुनवाई में कंपनी को प्रतिवादी बनाने के अनुरोध संबंधी याचिका पर यह नोटिस जारी किया गया है। मोरबी पुल अक्टूबर में ढह गया था जिससे 135 लोगों की मौत हो गई थी।

मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति आशुतोष शास्त्री की खंडपीठ ने अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड को उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि यह (कंपनी) अपराध के लिए अनुकरणीय क्षति के भुगतान के लिए उत्तरदाई है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसने 30 अक्टूबर को पुल ढहने की घटना में 135 लोगों की मौत की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की थी। खंडपीठ ने मोरबी नगरपालिका के 46 पार्षदों द्वारा दायर एक आवेदन को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें कार्यवाही में पक्ष बनाने का अनुरोध किया गया था क्योंकि उन्हें ऐसी आशंका है कि उच्च न्यायालय द्वारा अपने पिछले आदेश में की गई टिप्पणियों के कारण नगर निकाय को मामले से अलग किया जा सकता है।

स्वत: संज्ञान कार्यवाही पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। आवेदकों संजीव एझावा और दिलीप चावड़ा ने कहा कि हालांकि कंपनी और स्थानीय नगर निकाय के बीच अनुबंध के बारे में कुछ संदेह हो सकता है, लेकिन अदालत में दायर हलफनामों से यह स्पष्ट है कि कंपनी उस संरचना के पूरे प्रशासन, मरम्मत, रखरखाव और संचालन को नियंत्रित करती थी।

# स्कूल छात्रों को वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने और जलवायु परिवर्तन के बारे में बच्चों में जागरुकता बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने अपने स्कूलों को इस संबंध में गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया है। दिल्ली के शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक शिक्षा विभाग के सभी उप निदेशक (डीडीई)-जिला से अनुरोध किया गया है कि वे दो प्रमुख निजी स्कूलों और दो सरकारी स्कूलों को वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए शुरुआती संपर्क बिंदु के रूप में नामित करें और नामांकित स्कूलों का विवरण 26 दिसंबर तक निदेशालय की विज्ञान शाखा को भेजें।

बच्चों को इन मुद्दों को लेकर संवेदनशील बनाने संबंधी अभियान के तहत स्कूल परिसरों में वृक्षारोपण अभियान, छात्रों के लिए स्कूल बसों के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अलावा निजी वाहनों के उपयोग से बचना तथा प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों के उत्सर्जन को कम करने और स्कूली बच्चों में जोखिम को कम करने के लिए स्कूल परिसरों के आसपास नो ट्रैफिक जोन बनाने जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

सप्ताह में एक या दो बार कर्मचारियों के लिए वाहन-मुक्त दिवस मनाना और स्कूलों में गीली पोछा लगाना भी सुझाए गए उपायों में से एक है। स्कूल के अधिकारियों को वायु प्रदूषण और इसके प्रभाव पर जागरुकता बढ़ाने के लिए परिचर्चा, चित्रकारी प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, बहस और नाटक आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के उप निदेशक के निर्देश पर यह आदेश जारी किया गया है।

## आईएमए व टीएनओआई को मिलेगा इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

**भाषा** । नई दिल्ली

**कोरोना काल** में लोगों की सेवा करने वाले चिकित्साकर्मियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और ट्रेंड नर्सेज ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया (टीएनओआई) को 2022 के इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार के लिए चुना गया है। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पूर्व प्रधान न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाले निर्णायक मंडल ने दोनों संगठनों को इस पुरस्कार के लिए चुना। न्यास ने एक बयान में कहा, चिकित्सा समुदाय का राष्ट्रीय स्तर पर कोई एक प्रतिनिधित्व नहीं है। ऐसे में निर्णायक मंडल उन दो संगठनों को पुरस्कार के लिए आमंत्रित करता है, जो भारत में चिकित्सकों और नर्सों का व्यापक रूप से प्रतिनिधित्व करते हैं। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास द्वारा इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रति वर्ष विश्व के किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है, जिसने समाज सेवा, निरस्त्रीकरण या विकास के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। इस पुरस्कार के अंतर्गत 25 लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र में सांसद नवनीत राणा को राहत नहीं

**मुंबई।** यहां की एक अदालत ने बुधवार को निर्दलीय सांसद नवनीत राणा के विरूद्ध फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र हासिल करने के मामले में समीक्षा अर्जी को खारिज कर दिया। राणा ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा आरोप मुक्त करने से इंकार के खिलाफ अर्जी दायर की थी। राणा वर्तमान में पूर्वी महाराष्ट्र में अमरावती से सांसद हैं, यह सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। उन्होंने मुलुंड की मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के खिलाफ सांसदों और विधायकों के मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के समक्ष एक समीक्षा अर्जी दायर की थी।

मजिस्ट्रेट ने अगस्त में पारित एक आदेश में, राणा को इस मामले से बरी करने से इनकार करते हुए कहा था कि कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के दस्तावेजी प्रमाण सहित उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत हैं। राणा की ओर से पेश अधिवक्ता रिजवान मर्चेंट ने विशेष अदालत के समक्ष दलील दी कि पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र में उनके खिलाफ कोई सामग्री



नहीं है। अतिरिक्त लोक अभियोजक एस एस पंजवानी ने कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह से न्यायसंगत था, क्योंकि राणा के खिलाफ सबूत मिले हैं। मुंबई के मुलुंड पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, राणा और उनके पिता ने एससी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए ताकि राणा अमरावती से चुनाव लड़ सकें। बंबई उच्च न्यायालय ने 2021 में राणा के जाति प्रमाण पत्र को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि इसे जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके जालसाजी से प्राप्त किया गया था। पिता-पुत्री ने उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

# बोम्मई का उकसाने वाला ट्वीट सत्यापित अकाउंट से किया, क्या कार्रवाई होगी: चव्हाण

**भाषा** । नागपुर (महाराष्ट्र)

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता** अशोक चव्हाण ने बुधवार को सवाल किया कि सीमा विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के कथित तौर पर उकसाने वाले ट्वीट को लेकर उनके (बोम्मई के) खिलाफ क्या कार्वाई की जाएगी। महाराष्ट्र विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विवादास्पद ट्वीट एक सत्यापित अकाउंट से किए गए थे। उन्होंने एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर बोम्मई को बचाने का आरोप लगाया। चव्हाण ने कहा कि जब एक ट्विटर अकाउंट में नीला निशान लगा होता है, तब इसे सत्यापित और वास्तविक माना जाता है।

कांग्रेस विधायक ने कहा, हम इस बात से अवगत हैं कि सीमा विवाद पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने जो बयान दिए थे, वे अब भी (ट्विटर पर मौजूद) हैं। ए टिप्पणियां उकसाने वाली हैं, (उन्होंने) महाराष्ट्र को बदनाम किया है और अकाउंट सत्यापित है। उन्हें बचाने की कोई वजह नहीं है। चव्हाण ने कहा, यदि बयान उकसाने वाले हैं, तो हम क्या कार्वाई कर रहे हैं? हम इसे फर्जी अकाउंट क्यों बता रहे हैं( और कह रहे हैं कि ट्वीट एक असत्यापित अकाउंट से किए गए)। जबकि यह (अकाउंट) सत्यापित और प्रामाणिक है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि इन ट्वीट को फर्जी कहने के पीछे क्या आधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता बोम्मई कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद पर उकसाने वाले बयान देते हैं, लेकिन शिंदे सरकार खामोश है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने जवाब में कहा कि बोम्मई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष स्पष्ट किया है कि जिन ट्वीट को लेकर विवाद पैदा हुआ है वे उनके (बोम्मई के) द्वारा पोस्ट नहीं किए गए थे। फडणवीस ने कहा कि वह इस मुद्दे पर शाह को पत्र लिखेंगे। उल्लेखनीय है कि दशकों पुराने सीमा विवाद को लेकर दोनों राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर शाह ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली में बोम्मई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी।

# पूर्व मुख्यमंत्री राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए निराधार बयान दे रहे: कांग्रेस

**भाषा** । शिमला

**कांग्रेस** की हिमाचल प्रदेश इकाई ने राज्य की नई सरकार पर पुरानी परियोजनाओं को खत्म कर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर बुधवार को निशाना साधा और कहा कि वह दिल्ली में केवल अपने आकाओं से खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों राजेश धर्माणी, संजय रतन और सुंदर सिंह ठाकुर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नई दिल्ली में अपने नेतृत्व को खुश करने की जल्दी में हैं और इसी लिए वह इस तरह के निराधार बयान दे रहे हैं।

विधायकों ने कहा कि कांग्रेस को लोगों ने पांच साल तक राज्य में शासन करने के लिए भारी जनादेश दिया है और पार्टी अपने घोषणापत्र में दी गई सभी 10 गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ठाकुर को धैर्य रखने की सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की बागडोर अभी संभाली है, लेकिन वह जल्द ही हरकत में आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले लोगों को लुभाने के लिए पिछली सरकार ने बजट प्रावधानों पर विचार किए बिना कई संस्थान खोल दिए।

विधायकों ने बयान में कहा कि जनता की मांग पर एक भी संस्थान न तो खोला गया, न ही उन्नत किया गया। विधायकों ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछली बार राज्य में सत्ता में आई थी तो उसने पिछली कांग्रेस सरकार के लगभग सभी विकासोन्मुखी निर्णयों को रद्द कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ही हमेशा प्रतिशोध की राजनीति करती है।

इस बीच, भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख सुरेश कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खोले गए 32 नए बिजली कार्यालयों संबंधी अधिसूचना रद्द करना दिखाता है कि कांग्रेस बदले की भावना से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य भाजपा ने उन सभी मंडलों और अनुमंडलों के एसडीएम (उपमंडलीय मजिस्ट्रेट) के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपने का फैसला किया है, जहां कार्यालय बंद किए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस कटरा में प्रवासियों व खच्चर संचालकों का सत्यापन करेगी

**भाषा** । जम्मू

**जम्मू कश्मीर पुलिस** संदिग्ध तत्वों पर लगाम कसने के लिए वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा और इसके आसपास प्रवासियों, खच्चर संचालकों और अन्य का सत्यापन करेगी। पुलिस को मंदिर की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों और अन्य खुफिया एजेंसियों के साथ संयुक्त सुरक्षा अभ्यास करने का निर्देश दिया गया है। कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर की सुरक्षा की समीक्षा के दौरान उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मोहम्मद सुलेमान चौधरी ने यह निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने इलाके में किसी भी संदिग्ध तत्व को घुसने से रोकने के लिए कटरा के आसपास प्रवासियों और खच्चर संचालकों के सत्यापन व गणना पर जोर दिया। उन्होंने होटलों और ठहरने के अन्य स्थानों की नियमित जांच करने और वहां रुकने वाले लोगों की पहचान का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। चौधरी ने मंदिर की सुरक्षा, यात्रा मार्ग और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। आने वाले दिनों में, खासकर 31 दिसंबर को नए साल की पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के दर्शन के लिए आने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि लिहाजा अधिकारियों को किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एक-दूसरे का सहयोग और समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी व वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त का अभियान जारी रहेगा: हिमंत

**भाषा** । गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विपक्षी दलों की अपीलों को दरकिनार करते हुए बुधवार को कहा कि भाजपा शासित राज्य असम में सरकारी और वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए अभियान जारी रहेगा। यह बयान राज्य के नौगांव जिले के बटद्रवा में इस सप्ताह की शुरुआत में एक अभियान की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें असम के मध्यकालीन वैष्णव संत शंकरदेव के जन्मस्थान के आसपास के क्षेत्र स्थित सरकारी भूमि से 5,000 से अधिक अतिक्रमण करने वालौं को हटाया गया। राज्य विधानसभा में कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ द्वारा शून्यकाल में यह मुद्दा उठाए जाने के दौरान शर्मा ने कहा, अतिक्रमण हटाना एक सतत प्रक्रिया है और यह नहीं रुकेगी...इस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। हम जमीन खाली कराने का काम जारी रखेंगे। हम बटद्रवा सहित राज्यभर में सरकारी और वन भूमि को खाली कराएंगे।

मुख्यमंत्री ने सदन को यह भी बताया कि सरकारी जमीन से हटाए गए कई लोग, जो वास्तव में भूमिहीन थे, उन्हें सत्यापन के बाद सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों पर जमीन के पट्टे दिए गए हैं। उन्होंने कहा, सभी लोगों को..चाहे वे हिंदू हों या मुसलमान, उन्हें सत्रो (वैष्णव मठ) की जमीन खाली करनी होगी। हम सभी से अतिक्रमण वाली



जमीन खाली करने का आग्रह करते हैं..नहीं तो हमें उसे खाली करवाना पड़ेगा। कांग्रेस के विधायक रकीबुल हुसैन ने सरकार से बटद्रवा में विस्थापित किए गए लोगों की पेयजल, भोजन जैसी मौलिक आवश्यकताओं पर गौर का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का काम है। उन्हें पेयजल मुहैया कराने के लिए कोई नीति नहीं है। उन्होंने जमीन पर कब्जा करके कानून तोड़ा है, इसलिए हम उनके लिए शिविर नहीं बना सकते।

जब हुसैन ने दावा किया कि हटाए गए लोग खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं और तालाबों का पानी पी रहे हैं, तो शर्मा ने जवाब दिया कि असमिया लोग युगों से ऐसा पानी का उपयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अपने चुनाव घोषणापत्र में कहा था कि अतिक्रमण करने वाले हमारी जिम्मेदारी नहीं हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि हमें (भाजपा) उनके वोटों की जरूरत नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चर (नदी के द्वीपों) का सर्वेक्षण क्यों नहीं किया? जिन लोगों को जमीनों से हटाया गया है उनमें से अधिकांश बांग्ला भाषी मुसलमान हैं, हालांकि असमिया सहित कई अन्य जातीय समूह भी प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया और कहा कि अगला बड़ा अभियान निचले असम के गोलपारा जिले में चलाया जाएगा। शर्मा ने कहा, बटद्रवा ने लगातार कांग्रेस को वोट दिया है। पार्टी ने पिछले 75 वर्षों में (आजादी के बाद से) लोगों को जमीन के पट्टे क्यों नहीं दिए? वे सरकारी और वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को जमीन का अधिकार दे सकते थे। तब हमने उन्हें नहीं हटाया होता। मुख्यमंत्री ने बटद्रवा के कांग्रेस विधायक एस. बोरा से जमीनों से हटाए गए लोगों में से वास्तविक भूमिहीनों की पहचान करने और उन्हें पट्टा प्राप्त करने के लिए मिशन वसुंधरा के तहत आवेदन करने में मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से सवाल किया कि क्या उन्होंने पीड़ितों की असुरक्षा के साथ राजनीति करने के बजाय सरकार में अपने कार्यकाल के दौरान उनके लिए कुछ नहीं करने के लिए बटद्रवा, गोरुखुटी और अन्य स्थानों से निकाले गए लोगों से माफी मांगी। असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में लौटने के बाद से राज्य में अतिक्रमण रोधी कई अभियान चलाए गए हैं।

# डब्ल्यूटीसी में स्थिति सुधारने के लिए बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

**भाषा।** मीरपुर



**पहले** टेस्ट मैच में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में अपनी स्थिति सुधारने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा। इस मैच में कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल पर भी सभी की नजरें रहेंगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

डब्ल्यूटीसी तालिका में दो शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए होड़ बढ़ गई है। भारत 55.77 के प्रतिशत अंक (पीसीटी) के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार के कारण भारत को फायदा हुआ है। दक्षिण अफ्रीका का पीसीटी 54.55 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 76.92 पीसीटी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी घरेलू श्रृंखला भारत के लिए डब्ल्यूटीसी तालिका में चोटी के दो स्थानों पर बने रहने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी लेकिन वह बांग्लादेश के खिलाफ भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता जिसने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सस्ते पर आउट होने के बाद जुझारूपन दिखाया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा अभी अंगूठे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और ऐसे में भारतीय एकादश में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। पहले टेस्ट मैच में शुभमन गिल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को सुनहरा मौका मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। यदि रोहित मैच के लिए फिट भी हो जाते तब भी गिल को बाहर करना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने चटगांव में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया था। लेकिन रोहित फिट नहीं है और ऐसे में गिल एक और मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल भी पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में असफल रहने के बाद आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेंगे। चटगांव की तरह ही यहां भी पिच के धीमी रहने की संभावना है जो कि बल्लेबाजों के लिए आदर्श स्थिति होगी। ऐसे में राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व फॉर्म में लौटने का यह शानदार मंच होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से वापसी करने वाले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पहले टेस्ट मैच में 90 और नाबाद 102 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। पुजारा ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया।

## टीम

**बांग्लादेश:** महमूदुल हसन जॉय, नजमुल हुसैन शंटो, मोमिनुल हक, यासिर अली, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरुल हसन, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, तस्कीन अहमद, खालिद अहमद, जाकिर हसन, रेजौर रहमान राजा।

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, अभिमन्यु ईश्वरन, सौरभ कुमार, जयदेव उनादकट।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे से शुरू होगा।**

## विराट और राहुल के खिलाफ इस श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा: डोनाल्ड

**मीरपुर (भाषा)।** बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड का कहना है कि बांग्लादेश के गेंदबाज मौजूदा श्रृंखला में भारतीय स्टार विराट कोहली को शांत रखने में सफल रहे हैं और उन्हें गुरुवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भी उनसे ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद है। बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम ने चटगांव में पहले टेस्ट की पहली पारी में कोहली को एक खूबसूरत गेंद पर आउट किया जबकि दूसरी पारी में पूर्व भारतीय कप्तान 19 रन बनाकर नाबाद रहे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल को भी पहले टेस्ट में काफी मुश्किल हुई।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट अच्छा अभ्यास: राठौड़

**मीरपुर (भाषा)।** बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला घरेलू सरजमी पर इसी तरह की टर्निंग पिचों पर आस्ट्रेलिया से होने वाली सीरीज से पहले भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी के लिए बिलकुल परफेक्ट है। बांए हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की जिससे भारत ने चटगांव में मुश्किल पिच पर बांग्लादेश को 188 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर चल रही भारतीय टीम शीर्ष पर चल रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से पहले बांग्लादेश में क्लीन स्वीप करना चाहेगी। राठौड़ ने दूसरे और अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां कहा, उप महाद्वीप में आप विकेट के टर्न लेने की उम्मीद करते हो और इसके बाद हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेंगे जिसमें भी विकेट के टर्न लेने की उम्मीद है।

# ब्यूनस आयर्स में दिखा अर्जेंटीना की जीत का जोश

**एपी।** ब्यूनस आयर्स



**अर्जेंटीना** की विश्वकप में 36 साल बाद दर्ज की गई जीत का जश्न मनाने और अपने चहेते खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए ब्यूनस आयर्स की सड़कों में लाखों लोग उतर गए जिससे हर तरफ जाम लग गया और खिलाड़ियों की परेड भी बीच में रोकनी पड़ी।

लोगों के हाथों में झंडे थे, वे उत्साह में नाच गा रहे थे लेकिन उनकी संख्या इतनी अधिक थी कि उसके कारण खिलाड़ियों की खुली बस में परेड रोकनी पड़ी और उन्हें हेलीकॉप्टर में परेड करवानी पड़ी। अर्जेंटीना की सरकार ने इसे हवाई परेड की संज्ञा दी। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज के प्रवक्ता गैब्रिएला सेरुती ने सोशल मीडिया पर लिखा, विश्व चैंपियन पूरे मार्ग पर हेलीकॉप्टर से उड़ान भर रहे हैं क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के कारण सड़क मार्ग से परेड जारी रखना असंभव था। हेलीकॉप्टर ने ब्यूनस आयर्स के उन स्थानों पर उड़ान भरी जहां प्रशंसक एकत्रित थे। इसके बाद हेलीकॉप्टर राजधानी से बाहर स्थित अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के मुख्यालय पहुंचे। कुछ प्रशंसक इसके बाद भी सड़कों पर जश्न मनाते रहे लेकिन कई प्रशंसकों को निराशा थी कि वह 1986 के बाद पहली बार विश्व कप जीतने वाली अपनी टीम के खिलाड़ियों की झलक नहीं देख पाए। टीम की झलक पाने के लिए सुबह से ही इंतजार कर रहे 25 वर्षीय डिएगो बेनाविदेज ने कहा, हम गुस्से में हैं क्योंकि सरकार ने इसका व्यवस्थित तरीके से आयोजन नहीं किया जिससे कि हम अच्छी तरह से जश्न मना सकते। उन्होंने हमसे विश्वकप का मजा छीन दिया। लेकिन कई लोग ऐसे थे जो बड़ी संख्या में प्रशंसकों के पहुंचने के कारण सरकार की मजबूरी समझते थे और इसलिए वे जश्न में डूबे हुए थे।

## मोरक्को ने विश्व कप में इतिहास रचने वाली टीम का किया स्वागत

**रबात (एपी)।** मोरक्को की टीम विश्व कप फुटबॉल में चौथे स्थान पर रहने के बाद जब स्वदेश पहुंची तो उसके भव्य स्वागत के लिए यहां समर्थक सड़कों पर उतर गए। मोरक्को विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। वह सेमीफाइनल में फ्रांस और तीसरे स्थान के लिए खेले गए प्लेऑफ मैच में क्रोएशिया से हार गई थी लेकिन इसके बावजूद समर्थक उसकी विशेष उपलब्धि को नही भूले और उन्होंने अपनी टीम की अप्रत्याशित सफलता पर जमकर जश्न मनाया। खिलाड़ियों की कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच रबात की सड़कों पर खुली बस में परेड निकाली गई तथा अपने चहेते खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। उनके हाथों में झंडे थे और वे नाच गाने में मशगूल थे। खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान थी और वे अपने कोच वालिद रेगरागुई के साथ समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। खिलाड़ियों की परेड शाही महल तक निकाली गई जहां राजा मोहम्मद खिलाड़ियों के साथ इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए उनका इंतजार कर रहे थे।

# अक्षर करियर की सर्वश्रेष्ठ 18वीं टेस्ट रैंकिंग पर, कुलदीप को 19 स्थान का फायदा

**दुबई (भाषा)।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बुधवार को यहां जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 20 स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 18वें पायदान पर पहुंच गए जबकि स्पिनर कुलदीप यादव 19 स्थान आगे बढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले मैच में 113 रन देकर आठ विकेट चटकाने के लिए कुलदीप को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उनके 455 रेटिंग अंक हैं। अक्षर ने मैच में पांच विकेट चटकाए और वह 650 अंक के साथ शीर्ष 20 गेंदबाजों में जगह बनाने में सफल रहे हैं। चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चौथे) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (पांचवें) शीर्ष पांच में बने हुए हैं।

बल्लेबाजों की सूची में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और युवा शुभमन गिल दोनों 10 स्थान के फायदे से क्रमश: 16वें और 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले हफ्ते पहले टेस्ट में पुजारा ने 90 और 102 रन की पारियां खेली जिससे वह 664 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष 20 में वापसी करने में सफल रहे हैं। पहले मैच में शतक जड़ने वाले एक अन्य भारतीय गिल 517 अंक के साथ 54वें स्थान पर हैं। पहली पारी में 86 रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर 11 स्थान आगे बढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत छठे स्थान के साथ भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं। अंगूठे की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा नौवें जबकि दिग्गज विराट कोहली एक स्थान के फायदे से 12वें नंबर पर हैं। कराची में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के अंतिम मैच में दो अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर हैं। बाबर ने 78 और 54 रन की पारियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़ा जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में दो पारियों में 36 और छह रन ही बना पाए थे एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर एक और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज बाबर टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे मार्नस लाबुशेन से 61 अंक पीछे हैं।

## क्विक न्यूज

### कपिल कुमार ने 63 का कार्ड खेलकर बढ़त हासिल की

**जमशेदपुर।** दिल्ली के गोल्फर कपिल कुमार ने बुधवार को यहां सत्र की अंतिम टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप में नौ अंडर 63 का शानदार कार्ड खेलकर पहले दौर के बाद बढ़त हासिल की। छह अंतरराष्ट्रीय खिताब के विजेता शिव कपूर ने 64 का कार्ड खेला जिससे वह दूसरे स्थान पर चल रहे है, उन्होंने अपने कार्ड में एलबट्रास (तीन अंडर पार) भी लगाया। हैदराबाद के मोहम्मद अजहर 65 के कार्ड से तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### भारत में पेरिस ओलंपिक 2024 का प्रसारण करेगा वायकॉम 18

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत और भारतीय उपमहाद्वीप में पेरिस ओलंपिक खेल 2024 के प्रसारण के लिए वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने विशेष मीडिया अधिकार प्राप्त कर लिए है। आईओसी ने विज्ञप्ति में कहा कि इसके अलावा वायकॉम 18 ने 2024 में होने वाले शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के नॉन एक्सक्लूसिव प्रसारण अधिकार भी हासिल किए। इससे भारत के अलावा भारतीय उपमहाद्वीप में खेल प्रशंसक वायकॉम 18 में इन खेलो का प्रसारण देख पाएंगे जिसमे बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और भूटान शामिल है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, भारत और भारतीय उप महाद्वीप में प्रशसंक वायकॉम 18 के साथ हुई साझेदारी से ओलंपिक खेल का प्रसारण देख सकेंगे।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की 2023 में मेजबानी करेगा दिल्ली

**नई दिल्ली।** यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने घोषणा की है कि 2023 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली में 28 मार्च से दो अप्रैल तक किया जाएगा। साथ ही अगले साल से होने वाली रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिताओं के दौरान पहलवानों को उनके वजन में दो किलोग्राम तक की छूट दी जाएगी। नई दिल्ली में एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन तीन साल के दो बार होगा। भारतीय राजधानी ने फरवरी 2020 में भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। दो किग्रा छूट को यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो ने सोमवार को स्वीकृति दी जब इसने 2023 के कैलेंडर को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की। यूडब्ल्यूडब्ल्यू की वेबसाइट के अनुसार, ब्यूरो के समक्ष भार वर्ग में दो किग्रा की छूट का प्रस्ताव रखा गया जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस कदम से पहलवान भविष्य की रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिताओ में अधिक भार वर्ग की जगह अपनी पसंद के भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा पेश कर पाएंगे।

### श्रीनिधि डेक्कन ने नेरोका एफसी को हराया

**इंफाल।** स्थानापन्न खिलाड़ी रामहलुनचुंगा के दूसरे हाफ की शुरुआत में दागे गोल से श्रीनिधि डेक्कन ने बुधवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में नेरोका एफसी को 1-0 से हराया। इस जीत से श्रीनिधि डेक्कन की टीम नौ मैच में 19 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। मौजूदा सत्र की छठी हार के बाद नेरोका की टीम सात अंक के साथ 10वें स्थान पर है। रामहलुनचुंगा ने मैच का एकमात्र गोल 47वें मिनट में रोसेनबर्ग गैब्रियल के सटीक क्रॉस पर दागा।

### अमन सहरावत को सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण

**विशाखापत्तनम।** विश्व अंडर-23 चैंपियन अमन सहरावत ने बुधवार को यहां राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। सहरावत ने हरियाणा के उदित को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राहुल को अतीश टोडकर को कांस्य पदक मिले।

### जेल में बिताए गए दिनों को याद करके रो पड़े बोरिस बेकर

**बर्लिन।** अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर दिवालियापन से जुड़े अपराधों के कारण ब्रिटेन की कुख्यात वैंड्सवर्थ जेल में बिताए गए आठ महीनों को याद करके रो पड़े। बेकर को जेल में अलग सेल में रखा गया था जहां वह खुद को अकेला महसूस कर रहे थे और उन्हे अपने परिजनों और दोस्तों की कमी खल रही थी। बेकर ने जर्मन प्रसारक एसएटी.1 से साक्षात्कार में कहा, मैंने अपनी जिंदगी में खुद को कभी इतना अकेला महसूस नही किया। तीन बार के विबंलडन चैंपियन बेकर को दिवालिया घोषित किए जाने के बावजूद अवैध रूप से बड़ी मात्रा में धन हस्तांतरित करने और संपत्ति छिपाने के आरोप में अप्रैल में 30 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। बेकर को रिहाई की पात्रता हासिल करने के लिए कम से कम आधी सजा काटने की जरूरत थी लेकिन विदेशी नागरिकों के लिए फास्ट ट्रैक निर्वासन कार्यक्रम के तहत उन्हे जल्दी रिहा कर दिया गया। बेकर को 15 दिसंबर को उनके देश जर्मनी निर्वासित किया गया था।इस स्टार खिलाड़ी ने कहा कि वह रोज प्रार्थना करते थे तथा उन्हें दूसरे कैदियों से हमले की आशंका रहती थी। जेल के अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा को देखते हुए उन्हें अलग सेल में रखा था। बेकर को जेल में रहते हुए पहली बार पता चला कि भूख क्या होती है।

# बीसीसीआई से जर्सी प्रायोजन करार खत्म करना चाहता है बायजूस

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम के दो बड़े प्रायोजक एडटेक मेजर बायजूस और एमपीएल स्पोर्ट्स बीसीसीआई के साथ अपने प्रायोजन करार खत्म करना चाहते हैं। जून में बायजूस ने करीब 3.50 करोड़ डॉलर में बोर्ड के साथ नवंबर 2023 तक अपना जर्सी प्रायोजन करार बढ़ाया था। बायजूस अब बीसीसीआई के साथ अपना करार खत्म करना चाहता है। लेकिन बोर्ड ने कंपनी से कम से कम मार्च 2023 तक करार जारी रखने को कहा है।

बीसीसीआई के इस मामले पर एक नोट के अनुसार, बीसीसीआई को बायजूस से चार नवंबर 2022 को एक ईमेल मिला जिसमें उसने हाल में समाप्त हुए टी20 विश्व कप के बाद अपना जुड़ाव खत्म करने का अनुरोध किया। बायजूस के साथ हमारी चर्चा के अनुसार हमने उन्हें मौजूदा व्यवस्था जारी रखने और इस भागीदारी को कम से कम 31 मार्च 2023 तक जारी रखने को कहा है।

## किट प्रायोजक एमपीएल भी हटने को तैयार

इस मामले की चर्चा बुधवार को हुई बीसीसीआई शीर्ष परिषद में की गई। बायजूस ने 2019 में ओप्पो की जगह ली थी। बायजूस कतर में 2022 फीफा विश्व कप के प्रायोजकों में शामिल था। टीम किट और मर्चेंडाइज प्रायोजक एमपीएल ने भी बीसीसीआई को बताया कि वह अपने अधिकार केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) को देना चाहता है। उसका मौजूदा अनुबंध 31 दिसंबर 2023 तक वैध है। एमपीएल ने नवंबर 2020 में नाइके की जगह ली थी। इस नोट के अनुसार, बीसीसीआई को एमपीएल स्पोर्ट्स से दो दिसंबर 2022 को ईमेल मिला था जिसमें उसने अपना करार (टीम और मर्चेंडाइज) पूरी तरह से एक दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड (एक फैशन ब्रांड) को देने की मांग की है।

# ध्रुव शोरे का नाबाद दोहरा शतक, असम के खिलाफ दिल्ली मजबूत स्थिति में

**रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी**

**भाषा।** गुवाहाटी



**सलामी** बल्लेबाज ध्रुव शोरे के नाबाद दोहरे शतक से दिल्ली ने बुधवार को यहां असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में पहली पारी में 439 रन बनाए। ध्रुव कल के 139 रन के स्कोर से आगे खेलने उतरे और उन्होंने अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 315 गेंद का सामना करते हुए 34 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 252 रन बनाए।असम ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 158 रन बनाए। असम की टीम दिल्ली से अभी 281 रन से पीछे है। ध्रुव ने अपनी पारी के दौरान रन गति बनाए रखी। उन्होंने 80 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

दिल्ली ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 271 रन से की। टीम ने कल के नाबाद बल्लेबाज विकास मिश्रा (22) का विकेट जल्द गंवा दिया जो आज 11 और रन बनाने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मृणमय दत्ता (79 रन पर तीन विकेट) का शिकार बने। ध्रुव ने इसके बाद स्ट्राइक अपने पास रखने को तरजीह दी। उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए हर्षित राणा (24) के साथ 91 रन जोड़कर टीम का स्कोर 400 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## शाहबाज का हरफनमौला प्रदर्शन, बंगाल दूसरी जीत के करीब

**रणजी ट्राफी ग्रुप ए**

**कोलकाता (भाषा)।** शाहबाज अहमद के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बंगाल बुधवार को यहां हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप ए मैच में लगातार दूसरी जीत के करीब पहुंच गया है। बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज (32 रन देकर पांच विकेट) ने चौथी बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया जबकि ईशान पोरेल (26 रन देकर दो विकेट) और आकाश दीप (50 रन देकर दो विकेट) की जोड़ी ने दो दो विकेट झटके जिससे बंगाल ने 46.5 ओवर में हिमाचल प्रदेश को 130 रन पर समेट दिया और पहली पारी के आधार पर 180 रन की बढ़त हासिल की। बंगाल ने दूसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 89 रन बना लिए थे। कौशिक घोष 21 और सुदीप कुमार घरामी 32 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे जिससे बंगाल की कुल बढ़त 269 रन की हो गई। बंगाल ने सुबह नौ विकेट पर 310 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन अपने रात के स्कोर में इजाफा नहीं कर सकी क्योंकि वैभव अरोड़ा (40 रन देकर दो विकेट) ने अनुष्टुप मजूमदार (159 रन) को दिन की दूसरी ही गेंद पर आउट कर दिया। बंगाल के स्कोर में मजूमदार की 207 गेंद की पारी की

## कार्तिकेय के फिरकी के जादू से मध्य प्रदेश की आसान जीत

**रणजी ग्रुप डी**

**इंदौर (भाषा)।** बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ को पारी और 125 रन से रौंद दिया। पिछले सत्र में 32 विकेट के साथ शम्स मुलानी के बाद दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे कार्तिकेय ने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए मैच में 64 रन देकर 10 विकेट चटकाए जिससे मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन चंडीगढ़ को दो बार 57 और 127 रन के स्कोर पर ढेर किया।

बोनस अंक के साथ लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद मध्य प्रदेश की टीम ग्रुप डी में 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम ने अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर को भी पारी और 17 रन से हराया था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 289 रन से की और उसकी पारी 309 रन पर सिमट गई। चंडीगढ़ के लिए संदीप शर्मा ने 93 रन देकर तीन जबकि हरतेजस्वी कपूर ने 64 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में सिर्फ 24 ओवर में सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अर्सलान खान 58 गेंद में 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

# मुक्केबाजी में ऐतिहासिक प्रदर्शन वाले वर्ष में निकहत बनी रिंग की रानी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के लिए मुक्केबाजी में वर्ष 2022 ऐतिहासिक प्रदर्शन वाला रहा जिसमें देश को निकहत जरीन के रूप में एक नई स्टार मिली तो दिग्गज एमसी मेरीकॉम को निराशा हाथ लगी। भारत को जहां मुक्केबाजी रिंग में अच्छी सफलताएं मिली वहीं उसे अगले साल होने वाली महिला विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी भी मिली। इस बीच वैश्विक स्तर पर इस खेल की ओलंपिक में मौजूदगी पर आशंका के बादल छाए रहे। कई वर्ष मेरीकॉम के साए में बिताने के बाद निकहत को जब मौका मिला तो उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। उन्होंने उस फ्लाईवेट वर्ग में अपना जलवा दिखाया जिसमें कई वर्षों तक छह बार की विश्व चैंपियन मेरीकॉम का दबदबा रहा था।

निकहत ने वर्ष 2022 में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। वह प्रतिष्ठित स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। इसके बाद उन्होंने मेरीकॉम के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्व चैंपियनशिप में खिताब जीता। यह पिछले चार वर्षों में किसी भारतीय का पहला खिताब था। यह 26 वर्षीय मुक्केबाज राष्ट्रमंडल खेलों में खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरी थी और उन्होंने 50 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर निराश भी नहीं किया। निकहत जहां रिंग की रानी बनकर सामने आई वहीं दिग्गज मेरीकॉम के लिए यह वर्ष अच्छा नहीं रहा। उन्होंने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों पर ध्यान देने के लिए विश्व चैंपियनशिप और स्थगित किए गए एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया था। लेकिन लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन मेरीकॉम ट्रायल्स में नीतू घंघास के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोटिल हो गई और उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताब का बचाव करने का मौका नहीं मिला। एशियाई खेल अब अगले वर्ष सितंबर में होंगे और यदि 40 वर्षीय मेरीकॉम फिट रहती हैं तो यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। पुरुष मुक्केबाजों ने अमित पंघाल पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार थे लेकिन वह शुरू में ही बाहर हो गए थे। रोहतक के इस मुक्केबाज ने हालांकि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की। अनुभवी शिव थापा ने भी एशियाई चैंपियनशिप में अपना छठा पदक जीतकर इतिहास रचा। फाइनल में हालांकि चोटिल होने के कारण उन्हें मुकाबले के बीच में से हटकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर सुर्खियां बटोरने वाली लवलीना बोरगोहेन इस साल कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों से पहले अपनी निजी कोच संध्या गुरंग को एक्रीडेशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। यह मामला सुलझने के बाद हालांकि वह क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। इस 25 वर्षीय मुक्केबाज ने हालांकि इस निराशा को भुलाकर एशियाई चैंपियनशिप में 75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। लवलीना इससे पहले 69 किग्रा भार वर्ग में भाग लेती थी लेकिन इसे ओलंपिक से हटा दिया गया है। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर भी वर्ष 2022 में अटकलें लगाई जाती रही। संचालन संबंधी कई मसलों के कारण लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के शुरुआती खेलों से मुक्केबाजी को हटा दिया गया है।



## मुक्केबाज सुविधा भगत और राधा पाटिदार प्री क्वार्टरफाइनल में



**भोपाल (भाषा)।** पंजाब की मुक्केबाज सुविधा भगत और मध्यप्रदेश की राधा पाटिदार ने बुधवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सुविधा ने 48 किग्रा वजन वर्ग में झारखंड की चंदू को 5-0 से शिकस्त दी जबकि स्थानीय मुक्केबाज राधा ने 52 किग्रा में हिमाचल प्रदेश की रितु को इसी अंतर से आसानी से पराजित किया। पंजाब की कोमल (50 किग्रा) भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ की पी तनुजा को आरएससी से शिकस्त दी। मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन गुरूवार को रिंग में उतरेंगी जिसमें वह 50 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल में मेघालय की इवा मारबानियांग के सामने होंगी। असम का प्रतिनिधित्व कर रही टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शुक्रवार को राउंड 16 में ओड़िशा की पूजा नायक से भिड़ेंगी। मोनिका मलिक (48 किग्रा), रजनी सिंह (48 किग्रा), ईशा ठाकुर (50 किग्रा), कम्पी बोरो (50 किग्रा), हेतल दामा (52 किग्रा) और गायत्री कास्नयाल (54 किग्रा) ने भी बुधवार को अपने मुकाबले जीत लिए।